(द) **"सदस्य"** से अभिप्रेत है, किसी सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण संबंधी आवेदन में संयोजित होने वाला कोई व्यक्ति या कोई ऐसा व्यक्ति जिसे रजिस्ट्रीकरण के पश्चात्, इस अधिनियम तथा उन नियमों एवं उपविधियों के, जो कि ऐसी सोसाइटी को लागू हों, अनुसार सदस्यता प्रदान कर दी गई हो और उसके अंतर्गत राज्य सरकार, जबकि वह किसी सोसाइटी के अंषपूंजी के प्रति अभिदाय करती हो, आती है;

(ध) **"बहुप्रयोजन सोसाइटी"** से अभिप्रेत है कोई ऐसी सोसाइटी जिसके उद्देष्यों में उन प्राथमिक उद्देष्यों में से, जो कि खण्ड (छः), (ढ), (फ) तथा (म) में से किन्ही भी दो या अधिक खण्डों में विनिर्दिष्ट किए गये हैं, कोई प्राथमिक उद्देष्य सम्मिलित हो;

(न) **"नाममात्र का सदस्य"** से अभिप्रेत है, कोई ऐसा व्यक्ति जिसे धारा 20 के अधीन किसी सोसाइटी के सदस्य के रूप में प्रवेष दिया गया हो;

(न–एक) **"अधिकारी"** से अभिप्रेत है कोई ऐसा व्यक्ति जिसे किसी सोसाइटी द्वारा ऐसी सोसाइटी के किसी पद पर ऐसी सोसायटी की उपविधियों के अनुसार निर्वाचित या नियुक्त किया गया हो और उसके अन्तर्गत कोई सभापति, उप–सभापति, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, प्रबंधक सचिव, कोषाध्यक्ष, समिति का सदस्य तथा कोई ऐसा अन्य व्यक्ति, जिसे ऐसी

COURT BOOK

सोसायटी के कारोबार के संबंध में निर्देश देने के लिये इस अधिनियम, नियमों या उपविधियों के अधीन निर्वाचित या नियुक्त किया गया हो आता है:

(प) "अन्य पिछड़े वर्ग" से अभिप्रेत है ऐसे पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों का प्रवर्ग जो कि राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए;

(प–एक) "प्राथमिक सोसाइटी" से अभिप्रेत है वह सोसाइटी जो न तो शीर्ष सोसाइटी हो और न केन्द्रीय सोसाइटी;

(प–दो) "प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटी" से अभिप्रेत है ऐसी सोसाइटी जो कृषि उत्पादन के लिए उधार उपलब्ध कराने के मुख्य उद्देष्य से संगठित की गई है और उसके अन्तर्गत प्राथमिक सेवा सहकारी सोसाइटी, कृषक सेवा सहकारी सोसाइटी, वृहत्ताकार सहकारी सोसाइटी और आदिम जाति सेवा सहकारी समिति है;

(प–तीन) "प्राथमिक सहकारी बैंक" से अभिप्रेत है बैंक के रूप में रजिस्ट्रीकृत न की गई नगरीय या ग्राम संसाधन सोसाइटी से भिन्न कोई सोसाइटी, जिसके उद्देष्यों के अंतर्गत उसके सदस्यों को उधार दी जाने वाली निधियों का सृजित किया जाना और उसके सदस्यों को दिये जाने हेतु क्रेडिट अभिप्राप्त करना आता हो और जो या तो बैंककारी विनियमन अधिनियम,1949 (1949 का सं. 10) के अधीन अनुज्ञप्त हो या जो इस प्रकार अनुज्ञप्त किये जाने तक बैंककारी कारोबार करने के लिए अनुज्ञात है;

(फ) "उत्पादक सोसाइटी" से अभिप्रेत है कोई ऐसी सोसाइटी जो माल का उत्पादन तथा व्ययन अपने सदस्यों की सामूहिक सम्पत्ति के रूप में करने के उद्देष्य से बनाई गई है और उसके अन्तर्गत कोई ऐसी सोसाइटी आती है जो उसके सदस्यों के श्रम के सामूहिक उपयोजन के उद्देष्य से बनाई गई है;

(ब) "प्रसंस्करण सोसाइटी" से अभिप्रेत है कोई ऐसी सोसाइटी जो माल का उत्पादन यांत्रिक या शारीरिक प्रक्रिया द्वारा करने के उद्देष्य से बनाई गई हो और उसके अंतर्गत कोई औद्योगिक सोसाइटी तथा कोई ऐसी सोसाइटी, जो कृषि उपज का प्रसंस्करण करने के लिए

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

हो, आती है;

(भ) **"रजिस्ट्रार"** से अभिप्रेत है धारा 3 के अधीन नियुक्त किया गया सहकारी सोसाइटियों का रजिस्ट्रार;

(भ–एक) **"प्रतिनिधि"** से अभिप्रेत है किसी सोसाइटी का कोई ऐसा सदस्य जो उस सोसाइटी का प्रतिनिधित्व अन्य सोसाइटी में करे;

(भ–दो) **"रिजर्व बैंक"** से अभिप्रेत है रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट, 1934 (क्रमांक 2 सन् 1934) के अधीन स्थापित किया गया रिजर्व बैंक आफ इंडिया;

(म) **"संसाधन सोसाइटी"** से अभिप्रेत है कोई ऐसी सोसाइटी जो इस उद्देष्य से बनाई गई हो कि वह अपने सदस्यों के लिए उधार (क्रेडिट), माल या सेवायें, जो कि उनके द्वारा अपेक्षित हों, अभिप्राप्त करे और उसके अंतर्गत कोई सेवा सोसाइटी तथा कोई प्राथमिक साख सोसाइटी आती है;

(म–एक) **"रिटर्निंग अधिकारी"** से अभिप्रेत है कोई ऐसा अधिकारी जिसे रजिस्ट्रार ने साधारण या विषेष आदेष द्वारा इस हेतु नियुक्त किया हो कि वह अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन रिटर्निंग अधिकारी के कर्त्तव्यों का पालन करे और उसके अंतर्गत रिटर्निंग अधिकारी के अधीनस्थ कोई ऐसा अधिकारी आता है, जिसे उसने इस हेतु लिखित में नामनिर्दिष्ट किया हो कि वह रिटर्निंग अधिकारी के कर्त्तव्यों का पालन करे;

(म–दो) **"अनुसूचित क्षेत्र"** से अभिप्रेत है वह क्षेत्र जो अनुसूचित क्षेत्र (बिहार, गुजरात और उडीसा राज्य) आदेष, 1977 के अधीन घोषित किया गया है;

(य) **"सोसाइटी"** से अभिप्रेत है कोई सहकारी सोसाइटी जो इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो या रजिस्ट्रीकृत हुई समझी जाती हो;

(य–एक) **"विनिर्दिष्ट पद"** से अभिप्रेत है कि अध्यक्ष या सभापति का पद,

(क–क) **"राज्य सहकारी बैंक"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक, मर्यादित;

(ख–ख) **"विद्यार्थी"** से अभिप्रेत है कोई ऐसा व्यक्ति जो किसी शैक्षणिक, व्यवसायिक या प्रषिक्षण संस्था

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

में अध्ययन कर रहा है;

दूसरा अध्याय – रजिस्ट्रीकरण

रजिस्ट्रार तथा अन्य अधिकारी.

3. (1) राज्य सरकार राज्य के लिए किसी व्यक्ति को सहकारी सोसाइटियों का रजिस्ट्रार नियुक्त करेगी और निम्नलिखित प्रवर्गों के एक या अधिक अधिकारियों को इस हेतु से नियुक्त कर सकेगी कि वे उसकी सहायता करें अर्थात् :–

(क) सहकारी सोसाइटियों का अपर रजिस्ट्रार;

(ख) सहकारी सोसाइटियों का संयुक्त–रजिस्ट्रार;

(ग) सहकारी सोसाइटियों का उप–रजिस्ट्रार;

(घ) सहकारी सोसाइटियों का सहायक–रजिस्ट्रार;

(ड.) अधिकारियों के ऐसे अन्य प्रवर्ग जो कि विहित किए जाएँ।

(2) रजिस्ट्रार की सहायता करने के लिए नियुक्त किए गए अधिकारी इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन रजिस्ट्रार को प्रदत्त की गई ऐसी शक्तियों का तथा इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन रजिस्ट्रार पर अधिरोपित किए गए ऐसे कर्त्तव्यों का, जैसा कि राज्य सरकार, विशेष या साधारण आदेश द्वारा, निर्देश दे, प्रयोग तथा पालन ऐसे क्षेत्रों के भीतर करेंगे जैसे कि राज्य सरकार विनिर्दिष्ट करे :

परन्तु अपर रजिस्ट्रार या संयुक्त रजिस्ट्रार से भिन्न किसी भी अधिकारी को इस बात के लिए विनिर्दिष्ट नहीं किया जायेगा कि वह धारा 78 के अधीन अपीलों को सुनवाई करने की शक्तियों का प्रयोग करें।

(3) रजिस्ट्रार की सहायता करने के लिए नियुक्त किये गये अधिकारी रजिस्ट्रार के अधीनस्थ होंगे और उसके साधारण मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण तथा नियंत्रण के अधीन कार्य करेंगे.

सोसाइटियां जो रजिस्ट्रीकृत की जा सकेंगी.

4. इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, किसी भी ऐसी सोसाइटी को, जिसका कि उद्देष्य अपने सदस्यों के आर्थिक हित या उनके साधारण कल्याण को सहकारी सिद्धान्तों के अनुसार संप्रवर्तित करना हो, या किसी ऐसी सोसाइटी को, जो कि किसी ऐसी सोसाइटी की संक्रियाओं को सुकर बनाने के उद्देष्य से स्थापित की गई हो, इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत किया जा सकेगा.

परिसीमित या अपरिसीमित दायित्व सहित सोसाइटियों का

5. कोई सोसाइटी परिसीमित या अपरिसीमित दायित्व सहित रजिस्ट्रीकृत की जा सकेगीः

परन्तु जब तक कि राज्य सरकार, साधारण या विषेष आदेष द्वारा, अन्यथा निर्देषित न करे, किसी ऐसी

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

रजिस्ट्रीकरण.

सोसाइटी का, जिसकी की सदस्य कोई अन्य सोसाइटी हो, दायित्व परिसीमित होगा.

रजिस्ट्रीकरण की शर्तें.

6. (1) जिस सोसाइटी की सदस्य कोई अन्य सोसाइटी हो उस सोसाइटी से भिन्न कोई भी सोसाइटी इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत नहीं की जायेगी यदि वह कम से कम ऐसे बीस व्यक्तियों से मिलकर न बनी हो, जो भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 (क्रमांक 9 सन् 1872) की धारा 11 के अधीन संविदा करने के लिए सक्षम हों तथा जो निकट के नातेदार न होकर बीस भिन्न–भिन्न कुटुम्बों के हों, और उस दषा में जबकि सोसाइटी के उद्देष्यों में उसके सदस्यों को उधार दी जाने वाली निधियों का सृजित किया जाना सम्मिलित हो, इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत नहीं की जायेगी यदि ऐसे व्यक्ति, उस दषा में के सिवाय जबकि रजिस्ट्रार साधारण या विषेष आदेष द्वारा अन्यथा निर्देष दे, उसी नगर या ग्राम में या ग्रामों के किसी समूह में निवास न करते हों:

परन्तु अनन्यतः विद्यार्थियों के फायदे के लिये बनाई गई कोई सोसाइटी इस बात के होते हुए भी रजिस्ट्रीकृत की जा सकेगी कि ऐसी सोसाइटी के सदस्यों ने उस विधि, जिसके कि अध्यधीन वे है, के अनुसार व्यस्कता की आयु प्राप्त नहीं की है:

परन्तु यह और भी कि रजिस्ट्रार न्यूनतम सदस्यता की शर्त को, ऐसी सोसाइटी के लिए, जो किसी संगठन/ स्थापना के कर्मचारियों के कल्याण के लिए संगठित की गई, षिथिल कर सकेगाः

परन्तु यह और भी कि किसी प्राथमिक सोसाइटी की दषा में रजिस्ट्रीकरण के समय कम से कम 33 प्रतिषत महिला सदस्य होंगीः

परन्तु यह और भी कि रजिस्ट्रार, पर्याप्त कारणों से महिला सदस्यों की विहित प्रतिषतता की शर्तों को षिथिल कर सकेगा.

(2) शब्द "परिसीमित" या किसी भारतीय भाषा में उसका पर्याय प्रत्येक ऐसी सोसाइटी के, जो कि इस अधिनियम के अधीन परिसीमित दायित्व सहित रजिस्ट्रीकृत की गई हो, नाम में अन्तिम शब्द होगा.

रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन.

7. (1) रजिस्ट्रीकरण के प्रयोजनों के लिए, किसी सोसाइटी को रजिस्ट्रीकृत करने के लिए आवेदन विहित प्रारूप में रजिस्ट्रार को किया जायेगा और उसके साथ सोसाइटी की प्रस्थापित उपविधियों की चार–चार प्रतिलिपियां संलग्न होंगी. वह व्यक्ति, जिसके द्वारा या जिसकी ओर से ऐसा आवेदन किया जाय, सोसाइटी के बारे में ऐसी

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

जानकारी देगा जैसी कि रजिस्ट्रार अपेक्षित करे.

(2) आवेदन,–

(क) किसी ऐसी सोसाइटी की दषा में, जिसकी कि सदस्य कोई अन्य सोसाइटी न हो, कम से कम दस ऐसे व्यक्तियों द्वारा, जो धारा 6 की अपेक्षाओं के अनुसार अर्हित हों; और

(ख) किसी ऐसी सोसाइटी की दषा में, जिसकी कि सदस्य कोई रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी हो, प्रत्येक ऐसी रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी की ओर से किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा, जो सम्यकरूपेण प्राधिकृत किया गया हो, और जहां उस सोसाइटी के समस्त सदस्य रजिस्ट्रीकृत सोसाइटियां न हों, वहां दस अन्य सदस्यों द्वारा या, जब अन्य सदस्य दस से कम हों, तो उन सबके द्वारा; हस्ताक्षरित किया जायेगा.

कतिपय प्रष्नों को विनिष्चित करने की रजिस्ट्रार की शक्ति.

8. जहां किसी सोसाइटी के बनाये जाने, उसका रजिस्ट्रीकरण किया जाने या उसके बने रहने के संबंध में या किसी व्यक्ति को किसी सोसाइटी के सदस्य के रूप में स्वीकृत किये जाने के संबंध में कोई ऐसा प्रष्न उद्भूत हो कि कोई व्यक्ति कृषक है या नहीं अथवा कोई व्यक्ति किसी विषिष्ट क्षेत्र में निवास करता है या नहीं अथवा कोई व्यक्ति किसी विषिष्ट वर्ग या उपजीविका से संबंधित है या नहीं अथवा जहां किसी सोसाइटी का सदस्य बनने के लिये किसी व्यक्ति की पात्रता के संबंध में ऐसा ही कोई अन्य प्रष्न उद्भूत हो, वहां ऐसा प्रष्न रजिस्ट्रार द्वारा विनिष्चित किया जायेगा और उसका विनिष्चय अन्तिम होगा.

रजिस्ट्रीकरण.

9. (1) यदि रजिस्ट्रार का समाधान हो जाय कि किसी सोसाइटी ने इस अधिनियम तथा नियमों के उपबन्धों का अनुपालन किया है और यह कि उसकी प्रस्थापित उपविधियां इस अधिनियम या नियमों के प्रतिकूल नहीं हैं, तो वह उस सोसाइटी को रजिस्ट्रीकृत कर सकेगा;

परन्तु किसी सोसाइटी को रजिस्ट्रीकृत नहीं किया जायगा यदि, रजिस्ट्रार की राय में, उसके आर्थिक दृष्टि से कमजोर हो जाने की संभावना हो या यह संभावना हो कि उसका किसी अन्य सोसाइटी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा

(2) जहां रजिस्ट्रार किसी सोसाइटी को या उसकी उपविधियों को रजिस्ट्रीकृत करने से इंकार कर देता है, वहां वह इंकार संबंधी आदेष उस इंकार के कारणों सहित आवेदन के प्रथम हस्ताक्षरकर्ता को संसूचित

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

करेगा.

(3) रजिस्ट्रार किसी सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन प्राप्त होने की तारीख से नब्बे दिन के भीतर विनिश्चय करेगा :

परन्तु यदि रजिस्ट्रार पूर्वोक्त कालावधि के भीतर ऐसे आवेदन का निपटारा करने में असफल रहता है तो वह ऐसी कालावधि का अवसान होने की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर ऐसे आवेदन को अगले उच्च अधिकारी को और जहां रजिस्ट्रार स्वयं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी है, वहां राज्य सरकार को निर्देशित करेगा, यथास्थिति जो या जिसके द्वारा, आवेदन प्राप्त होने की तारीख से दो मास के भीतर आवेदन निपटारा किया जाएगा और यथास्थिति, ऐसे उच्च अधिकारी या राज्य सरकार द्वारा उस कालावधि के भीतर आवेदन का निपटारा करने में असफल रहने पर सोसाइटी और उसकी उपविधियां रजिस्ट्रीकृत कर दी गई समझी जाएगी।

(4) रजिस्ट्रार, इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत सोसाइटियों का एक रजिस्टर रखेगा.

सोसाइटियों का वर्गीकरण.

10. (1) रजिस्ट्रार समस्त सोसाइटियों का वर्गीकरण निम्नलिखित एक या अधिक शीर्षों के अधीन करेगा, अर्थात् :–

(एक) उपभोक्ता सोसाइटी;
(दो) कृषि कर्म सोसाइटी;
(तीन) संघीय सोयायटी
(चार) केन्द्रीय सोयायटी
(पांच) गृह निर्माण सोसाइटी;
(छह) विपणन सोसाइटी;
(सात) बहुप्रयोजन सोसाइटी;
(आठ) उत्पादक सोसाइटी;
(नौ) प्रसंस्करण सोसाइटी;
(दस) संसाधन सोसाइटी;
(ग्यारह) साधारण सोसाइटी;
(बारह) औद्योगिक सोसाइटी

परन्तु किसी विषिष्ट वर्ग की सोसाइटियों की संक्रिया को सुकर बनाने के उद्देष्य से बनाई गई सोसाइटी उस वर्ग की सोसाइटी के रूप में वर्गीकृत की जायेगी.

(1–क) रजिस्ट्रार उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट किये गये शीर्षों में से किसी शीर्ष के अधीन आने वाली सोसाइटियों का निम्नलिखित शीर्षों के अधीन और भी वर्गीकरण कर सकेगा, अर्थात् :–

(क) शीर्ष सोसाइटी;

(ख) केन्द्रीय सोसाइटी;

(ग) प्राथमिक सोसाइटीः

(2) रजिस्ट्रार, लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से, किसी सोसाइटी के वर्गीकरण को एक शीर्ष से दूसरे शीर्ष में परिवर्तित कर सकेगा.

(3) सोसाइटियों के वर्गीकरण के बारे में रजिस्ट्रार का विनिष्चय अन्तिम होगा.

सोसाइटी की उपविधियों का संषोधन.

11. (1) किसी सोसाइटी की उपविधियों का कोई भी संषोधन तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि इस अधिनियम के अधीन रजिस्टर में दर्ज न किया गया हो, जिस प्रयोजन के लिये उस प्रस्तावित संषोधन की चार प्रतियां विहित रीति में रजिस्ट्रार को भेजी जाएगी.

(2) यदि रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाय कि प्रस्तावित संषोधन इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गए नियमों के प्रतिकूल नहीं है तथा सोसाइटी के लक्ष्यों तथा उद्देष्यों के या उसकी विद्यमान उपविधियों में से किसी भी उपविधि के प्रतिकूल नहीं है तो वह उस संषोधन को रजिस्टर में दर्ज कर सकेगा.

(3) रजिस्ट्रार आवेदक सोसाइटी को सुनवाई का अवसर दिए बिना उपविधियों के किसी संषोधन को रजिस्टर में दर्ज करने से इंकार नहीं करेगा. यदि वह किसी संषोधन को रजिस्टर में दर्ज करने से इंकार करने का विनिष्चय करता है तो वह इंकार संबंधी आदेष उस इंकार के कारणों सहित प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से पैंतालिस दिन के भीतर सोसाइटी को संसूचित करेगा :

परन्तु यदि रजिस्ट्रार, पूर्वोक्त कालावधि के भीतर ऐसे आवेदन का निपटारा करने में असफल रहता है तो वह ऐसी कालावधि का अवसान होने की तारीख से पंद्रह दिन के भीतर ऐसे आवेदन को अगले उच्च अधिकारी को, और जहां रजिस्ट्रार स्वयं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी है, वहां राज्य सरकार को निर्देषित करेगा, यथास्थिति जो या जिसके द्वारा, आवेदन प्राप्त होने की तारीख से दो मास के भीतर निपटारा किया जाएगा और यथास्थिति ऐसे उच्च अधिकारी या राज्य सरकार द्वारा उस कालावधि के भीतर आवेदन का निपटारा करने में असफल रहने पर उपविधियों का संषोधन रजिस्ट्रीकृत कर दिया गया समझा जाएगा.

COURT BOOK

उपविधियों के संषोधन के लिए निर्देष देने की शक्ति.

12. (1) इस अधिनियम या नियमों या उपविधियों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, सोसाइटी के पचास प्रतिषत से अधिक सदस्यों के अनुरोध पर या यदि रजिस्ट्रार यह समझता है कि किसी सोसाइटी की उपविधियों में कोई संषोधन किया जाना ऐसी सोसाइटी के हित में आवष्यक या वांछनीय है, तो वह, उस सोसाइटी पर विहित रीति में तामील किए जाने वाले लिखित आदेष द्वारा, उस सोसाइटी से यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह साठ दिन के भीतर, ऐसा संषोधन करे.

(2) यदि वह सोसाइटी, रजिस्ट्रार द्वारा विनिर्दिष्ट समय के भीतर संषोधन करने में असफल रहती है तो रजिस्ट्रार, उस सोसाइटी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् और ऐसी शीर्ष/संघीय सोसाइटी की, जो राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाए, राय मांगने के पश्चात्, ऐसा संषोधन रजिस्टर कर सकेगा और उसकी एक प्रमाणित प्रति ऐसी सोसाइटी को जारी कर सकेगा;

परन्तु इस धारा के उपबंध नगरीय सहकारी बैंकों के मामले में लागू नहीं होंगे.

नाम की तब्दीली.

13. कोई सोसाइटी, अपनी उपविधियों में संषोधन करके, अपना नाम तब्दील कर सकेगी, किन्तु ऐसी तब्दीली उस सोसाइटी के या उसके सदस्यों में से किसी सदस्य के, या भूतपूर्व सदस्यों के, या मृत सदस्यों के किसी अधिकार या उनकी किसी बाध्यता पर कोई प्रभाव नहीं डालेगी या ऐसी तब्दीली उस सोसाइटी द्वारा या उसके विरूद्व किन्हीं विधिक कार्यवाहियों को त्रुटिपूर्ण नहीं बनायेगी, और कोई भी ऐसी विधिक कार्यवाहियां, जो उस सोसाइटी द्वारा या उसके विरूद्व उसके पूर्ववर्ती नाम से जारी रखी जा सकती हों या प्रारंभ की जा सकती हों, उसके नवीन नाम से उसी प्रकार जारी रखी जायेगी या प्रारंभ की जायेगी.

कतिपय प्रमाण पत्रों का निष्चायक साक्ष्य होना.

14. (1) जहां कोई सोसाइटी इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत की जाती है या रजिस्ट्रीकृत की गयी समझी जाती है, वहां रजिस्ट्रार अपने हस्ताक्षर से एक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र जारी करेगा और ऐसा प्रमाण–पत्र इस बात का कि उसमें वर्णित सोसाइटी सम्यकरूपेण रजिस्ट्रीकृत है, निष्चायक साक्ष्य होगा जब तक कि यह न साबित कर दिया जाए कि उस सोसाइटी का रजिस्ट्रीकरण बाद में रद्द कर दिया गया है:

परन्तु जहां कोई सोसायटी इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत की गयी समझी जाती है, वहां रजिस्ट्रार उसके रजिस्ट्रीकृत किये गये समझे जाने की तारीख से साठ दिन के भीतर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र जारी करेगा।

COURT BOOK

(2) कोई भी सोसाइटी तब तक कारोबार प्रारंभ नहीं करेगी जब तक कि उसने उपधारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र अभिप्राप्त न कर लिया हो और ऐसी सोसाइटी का प्रत्येक ऐसा सदस्य, जो इस उपधारा के उल्लंघन में कारबार कर रहा है, ऐसे कारबार में उपगत किये गये समस्त दायित्वों के लिये पृथक्–पृथक् दायी होगा.

(3) जब रजिस्ट्रार किसी सोसाइटी की उपविधियों के किसी संषोधन को धारा 11 या धारा 12 के अधीन रजिस्टर में दर्ज करता है, तो वह, उस संषोधन की, जो उसके **द्वारा** रजिस्टर में दर्ज किया गया हो, एक प्रतिलिपि उस सोसाइटी को देगा जो कि इस बात का निष्चायक साक्ष्य होगी कि वह संषोधन रजिस्टर में सम्यक्रूपेण दर्ज कर लिया गया है.

(4) जहां कोई सोसाइटी अपना नाम धारा 13 के अधीन तब्दील करती है, वहां रजिस्ट्रार रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र को तदानुसार संषोधित करेगा जो कि इस बात का निष्चायक साक्ष्य होगा कि नाम की वह तब्दीली रजिस्टर में सम्यक्रूपेण दर्ज कर ली गई है.

सोसाइटी के दायित्व का परिसीमित से अपरिसीमित में या अपरिसीमित से परिसीमित में तब्दील किया जाना.

15. (1) धारा 11 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, कोई सोसाइटी अपनी उपविधियों में संषोधन करके अपने दायित्व को परिसीमित से अपरिसीमित में या अपरिसीमित से परिसीमित में तब्दील कर सकेगी.

(2) कोई ऐसा संषोधन रजिस्ट्रार द्वारा तब तक रजिस्टर में दर्ज नही किया जायेगा, जब तक कि उसका यह समाधान न हो जाय कि.–

(एक) सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य को तथा किसी ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के वर्ग को, जिसके हित पर, रजिस्ट्रार की राय में, उस तब्दीली का प्रभाव पड़ सकता है, इक्कीस दिन की सूचना दी जा चुकी है; और

(दो) प्रत्येक ऐसे सदस्य या व्यक्ति के मामले में जो, रजिस्ट्रार की राय मे, सूचना पाने का हकदार है,–

(क) उस तब्दीली के लिये या तो उसकी अनुमति अभिप्राप्त कर ली गई है या सूचना की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर उसके द्वारा आपत्ति न किये जाने के आधार पर अभिप्राप्त हो गई समझी जाती है;

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(ख) यदि उसने आपत्ति की है, तो–

(एक)उस दषा में, जबकि वह सदस्य है, यह अनुज्ञा दे दी गई है कि वह अपना अंष वापस ले ले; या

(दो) उस दषा मे, जबकि वह लेनदार है, आपत्ति प्राप्त होने की तारीख से तीन मास के भीतर उसके ऋण या दावे को रजिस्ट्रार के समाधानप्रद रूप में उन्मोचित कर दिया गया है या समाप्त कर दिया है या प्रतिभूत कर दिया गया हैः

परन्तु रजिस्ट्रार, किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के वर्ग की दषा में इस उपधारा द्वारा अपेक्षित की गई सूचना दिये जाने से अभिमुक्ति अभिलिखित किये जाने वाले विषेष कारणों से प्रदान कर सकेगा.

सोसाइटियों का पुनर्गठन.

16. (1) इस धारा में –

(क) ''प्रभावित सोसाइटी'' से अभिप्रेत है कोई ऐसी सोसाइटी जो उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट की गई रीतियों में से किसी भी रीति में स्वयं का पुर्नबठन करने का विनिश्चय करती है : और

(ख) ''परिणामी सोसाइटी'' से अभिप्रेत कोई उेसी सोसाइटी ––

(एक) जो उपधारा (2) के खण्ड (क) के अधीन समामेलन के परिणामस्वरूप बनी हो या

(दो) जिसको कि प्रभावित सोसाइटियों की आस्तियों तथा उनके दायित्व उपधारा (2) के खण्ड (ख) के अधीन पूर्णतः या भागतः अंतरित किये गये होः या

(तीन) जो उपधारा (2) के खण्ड (ग) के अधीन विभाजन के परिणामस्वरूप बनी होः या

(चार) जो उपधारा (2) के खण्ड (घ) में यथा उपबंधित वर्ग की तब्दीली के परिणामस्वरूप बनी हों।

(2) कोई सोसाइटी –

(क) स्वयं को किसी अन्य सोसाइटी के साथ समामेलित करके :या

(ख) अपनी आस्तियों तथा दायित्वों को किसी अन्य सोसाइटी को पूर्णतः या भागत अंतरित करके :या

(ग) स्वयं को दो सा अधिक सोसाइटियो में विभाजित

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

करकेः या

(घ) स्वयं को किसी ऐस वर्ग की सोसाइटी के जिसका कि उददेश्य सोसाइटी के उस वर्ग से तत्वतः भिन्न हो, जिसके कि अधीन उसका वर्गीकरण इस अधिनियम के अधीन किया गया है, रूप में संपरिवर्तित करके, स्वयं को पूनर्गठित करने का विनिश्चय उस प्रयोजन के लिए आयोजित किये गये विशेष साधारण सम्मिलन में उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के दो तिहाई बहुमत से पारित किये गये संकल्प द्वारा कर सकेगी।

परन्तु कोई भी ऐसा विनिश्चय तब तक प्रभाशील नहीं होगा, जब तक कि रजिस्ट्रार द्वारा उसका अनुमोदन न कर दिया जाएः

परन्तु यह और भी कि किसी सहकारी बैंक के मामले में रजिस्ट्रार अपना अनुमोदन रिजर्व बैंक की लिखित पूर्व मंतूरी से ही देगा अन्यथा नही।

(3) उपधारा(2) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाए कि लोकहित में या प्रभावित सोसाइटियों के सदस्यों क हित में यह अत्यावश्यक है या किसी सोसाइटी के उचित प्रबंध को सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है, तो वह यह निर्देश दे सकेगा कि कोई सोसाइटी या सोसाइटियो उपधारा (2) में उपदर्शित की गई रीतियों में से किसी भी एक या अधिक रीतियों में स्वयं को पुनर्गठित करे/करे :

परंन्तु किसी सहकारी बैंक के मामले में रजिस्ट्रार कोई निर्देश रिजर्व बैंक की लिखित पूर्व मंजूरी से ही जारी करेगा अन्यथा नहीं:

परंन्तु यह और भी के इस धारा के अधीन रजिस्ट्रार द्वारा अंतिम आदेश दिया जाने के पूर्व, संबंधित प्रत्येक सोसाइटी को पुर्नगठन की प्रस्थापनाओं पर अपनी राय अभिव्यक्त करने का अवसर दिया जाएगा।

(4) यथास्थिति उपधारा (2) के अधीन विनिश्चय या उपधारा (3) के अधीन रजिस्ट्रार के निर्देश के अनुसार किसी सोसाइटी के पुर्नगठन की प्रक्रिया ऐसी होगी, जैसी कि विहित की जाए।

(5) यदि उपधारा (2) या (3) के अधीन के किसी ऐसे पुनर्गठन से किसी व्यक्ति के हितो पर किसी भी रीति में प्रभाव पड़ना संभाव्य हो तो उसकी (ऐसे पुर्नगठन की) सूचना ऐसे समस्त व्यक्तियों को दी जाएगी ओर प्रत्येक ऐस व्यक्ति को यह विकल्प दिया जाएगा कि वह या तो

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

परिणामी सोसाइटी या सोसाइटियों का सदस्य बन जाए अथवा प्रभावित सोसाइटी के संबंध में यथास्थिति अपने अंश या हित या शोध्यों के संदाय की मांग करे, और इस विकल्प का प्रयोग ऐसी सूचना के जारी होने की तारीख से एक मास के भीतर किया जाएगा।

(6) कोई भी पुनर्गठन तब तक अंतिम नही होगा, जब तक कि प्रत्येक ऐसे व्यक्ति को जिसके कि हित पर प्रभाव पड़ना संभाव्य है, अनुमति अभिप्राप्त न कर ली गई हो या उसे दिये गये विकल्प का उसके द्वारा प्रयोग न किये जाने के असाधार पर अभिप्राप्त हो गई न समझी जाती हो और इसके अतिरिक्त, जब तक कि उन व्यक्तियों के जिन्होने उपधारा (5) के अधीन अपने अंशों या हितों या शोध्यों के संदाय की मांग करने के विकल्प का प्रयोग किया हो, समस्त दावों की पूर्णतः पूर्ति न दी गई हो।

(7) इस धारा के अधीन प्रत्येक परिणामी सोसाइटी का गठन, उसकी सम्पत्ति शक्तियां अधिकार, हित प्राधिकार कर्त्तव्य तथा बाध्यताए ऐसी होगी जैसा कि पुर्नगठन की स्कीम में विनिर्दिष्ट किया जाए और पुनर्गठन की प्रत्येक स्क्रीम में ऐसे पारिणमिक, आनुषंगिक तथा अनुपूरक उपबंध होगें जैसे कि रजिस्ट्रार की राय में ऐसी योजना को कार्यावन्ति करने के लिए आवश्यक हो।

(8) संपत्ति अंतरण अधिनियम 1882 (1882 का अधिनियम सं. 4) या भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का अधिनियम सं. 16) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी किसी सोसाइटी का कोई ऐसा संकल्प, जो रजिस्ट्रार द्वारा उपधारा (2) के अधीन अनुमोदित कर दिया गया हो या कोई ऐसा आदेश, जो रजिस्ट्रार द्वारा उपधारा (3) के अधीन पारित किया गया हो प्रत्येक प्रभावित सोसायटी की अस्तियो तथा दायित्वों को संबंधित परिणामी सोसाइटी या सोसाइटियों में निहित करने के लिए पर्याप्त हस्तातंरण होगा और ऐसा निहित किया जाना पुर्नगठन के स्कीम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हूए ही होगा।

(9) सोसाइटियों के पुनर्गठन का परिणामी सोसाइटी या सोसाइटियों के किसी अधिकार या बाध्यता पर किसी भी रीति में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा या ऐसा पुनर्गठन उस सोसाइटी या उन सोसाइटियों द्वारा अथवा उसके या उनके विरूद्व किन्हीं विधिक कार्यवाहियों को त्रुटिपूर्ण नहीं बनायेगा और कोई भी ऐसी विधिक कार्यवाहियां, जो कि पुनर्गठन के पूर्व यथास्थिति उस सोसाइटी या उन सोसाइटियों द्वारा अथवा उसके या उनके विरूद्ध चालू

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

रखी जा सकती थीं या प्रारम्भ की जा सकती थीं, परिणामी सोसाइटी या सोसाइटियों द्वारा अथवा उसके या उनके विरूद्ध चालू रखी जा सकेगी या प्रारम्भ की जा सकेंगी.

(10) जहां कोई दो या अधिक सोसाइटियां समामेलित की गई हो या कोई सोसाइटी विभाजित या संपरिवर्तित की गई हो, वहां ऐसी सोसाइटी या सोसाइटियों के रजिस्ट्रीकरण के संबंध में यह समझा जाएगा कि वह समामेलित सोसाइटी के या संपरिवर्तित सोसाइटी के या उन नवीन सोसाइटियो के जिनमें कि वह सोसाइटी विभाजित की गई है रजिस्ट्रीकरण की तारीख को रद्द कर दिया गया है।

(11) जहां किसी विकास बैंक को किसी केन्द्रीय बैंक के साथ समामेलित करके पुनर्गठित किया जाता हो वहां उस समामेलित बैंक को उस विकास बैंक के कारबार संबंधी उन समस्त संव्यवहारों के संबंध में, जो के ऐसे समामेलन पर और उसके पश्चात किये जाने है विकास बैंको से संबंधित तत्समय प्रवृत्त विधि के अंतर्गत विकास बैंक समझाा जाएगा।

स्पष्टीकरण.– इस धारा के प्रयोजन के लिए, "केन्द्रीय बैंक" से अभिप्रेत है कोई ऐसी सोसाइटी जिसके नाम के भाग के रूप में शब्द "केन्द्रीय बैंक" या "जिला बैंक" जुड़े हुए हों और जिसका मुख्य उद्देष्य उन सोसाइटियों का, जो कि उसकी सदस्य हों, और किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र के भीतर स्थित हों, वित्तपोषण करना हो.

(12) ऐसे पुर्नगठन की प्रत्येक स्कीम सर्वसाधारण की जानकारी के लिए राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी।

सोसाइटियों द्वारा सहयोग. 16(क) कोई भी सोसाइटी किसी भी सहकारी, किसी भी सरकार के उपक्रम या राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किसी उपक्रम के साथ किसी विषेष कारबार के लिए, जिसमें औद्योगिक विनिधान, वित्तीय सहायता या विपणन और प्रबंधन विषेषज्ञता सम्मिलित है, सहयोग कर सकेगी.

सोसाइटियों की भागीदारी. 16(ख) कोई भी दो या अधिक सोसाइटियां ऐसी प्रत्येक सोसाइटी के साधारण सम्मिलन में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के बहुमत से पारित संकल्प द्वारा, उपविधियों के अधीन किसी भी अनुज्ञेय विषिष्ट कारबार में भागीदारी की संविदा ऐसे निबन्धन तथा शर्तों पर जो कि पारस्परिक रूप से करार पाए जाएं कर सकेगी, जहां इस प्रकार की भागीदारी कोई नया संगठन बनाने की

COURT BOOK

अपेक्षा करती है, वहां भाग लेने वाली सोसाइटियां उसकी सदस्य होंगी.

लोक हित में पुनर्गठन योजना बनाने की राज्य सरकार की शक्ति.

16(ग) (1) इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि राज्य सरकार का, रजिस्ट्रार से रिपोर्ट प्राप्त होने पर या अन्यथा यह समाधान हो जाता है कि लोकहित में विकास कार्यक्रमों के समुचित कार्यान्वयन सुनिष्चित करने के प्रयोजन के लिए किसी सोसाइटी या सोसाइटियों का पुनर्गठन किया जाना आवष्यक है, तो राज्य सरकार, ऐसी पुनर्गठन स्कीम बना सकेगी जैसी कि वह आवष्यक समझे और उपरोक्त स्कीम को कार्यान्वित करने के लिए आदेष जारी कर सकेगी.

परन्तु यह भी कि, किसी सहकारी बैंक के मामले में, रिजर्व बैंक की लिखित पूर्व मंजूरी आवष्यक होगी.

(2) पुनर्गठन स्कीम में निम्नलिखित के संबंध में उपबन्ध होंगे :–

(क) पुनर्गठन की रीति;

(ख) पुनर्गठन की प्रक्रिया;

(ग) सदस्यता, रजिस्ट्रेषन, प्रबंध, आस्तियां और दायित्व, शक्तियां, अधिकार, हित, कर्तव्य, कर्मचारीवृन्द ऐसी सोसाइटी या सोसाइटियों की सेवा की शर्तें जो पुनर्गठन के पष्चात् बनाए गए हों;

(घ) ऐसे अन्य पारिणामिक, आनुषांगिक और अनुपूरक उपबंध जैसा कि आवष्यक हो;

(ड.) अन्य ऐसे विषय जैसा कि राज्य सरकार द्वारा आवष्यक समझे जाएं.

(3) राज्य सरकार उप–धारा (1) के अधीन जारी किन्हीं आदेषों या बनाई गई किसी पुनर्गठन स्कीम को उपान्तरित या निरस्त कर सकेगी.

(4) प्रत्येक पुनर्गठन स्कीम के संबंध में उपबंध और राज्य सरकार द्वारा जारी आदेष हितबद्ध पक्षकारों पर आबद्धकर होंगे.

(5) ऐसे पुनर्गठन की प्रत्येक स्कीम सर्वसाधारण की जानकारी के लिए राजपत्र में प्रकाषित की जायेगी.

दायित्वों के प्रतिसंदाय के लिये समझौता या ठहराव तथा सोसाइटियों का पुनर्निर्माण.

17. (1) इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जहां –

(क) किसी सोसाइटी तथा उसके लेनदारों या उनके किसी वर्ग के, और

(ख) किसी सोसाइटी तथा उसके सदस्यों के बीच किसी समझौते या ठहराव की प्रस्थापना की जाये, वहां रजिस्ट्रार उस सोसाइटी के या उस सोसाइटी के किसी सदस्य के या उसके किसी लेनदार के या किसी ऐसी

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

सोसाइटी की दषा में जिसका की परिसमापन किया जा रहा है, समापक के आवेदन पर, यथास्थिति सदस्यों या लेनदारों या दोनों का सम्मिलन ऐसी रीति में, जैसी कि विहित की जाय, बुलाये जाने, आयोजित किये जाने तथा संचालित किये जाने का आदेष दे सकेगाः

परन्तु रजिस्ट्रार, कोई समझौता या ठहराव कराने के प्रयोजन के लिए स्वप्रेरणा से भी ऐसा सम्मिलन बुलाये जाने का आदेष दे सकेगा.

(2) यदि ऐसी बहुसंख्या, जो सम्मिलन में उपस्थित तथा व्यक्तिषः मतदान करने वाले सदस्यों के तीन–चौथाई के या मूल्यांकन की कुल रकम के, जो कि सम्मिलन में उपस्थित तथा मतदान करने वाले लेनदारों को शोध्य हो, तीन चौथाई के, जैसी भी कि दषा हो, बराबर है, किसी समझौते या ठहराव के लिए सहमत हो जाती है, तो वह समझौता या ठहराव रजिस्ट्रार द्वारा पुष्टि कर दिए जाने पर, यथास्थिति, समस्त सदस्यों या समस्त लेनदारों पर तथा सोसाइटी पर भी, या किसी ऐसी सोसाइटी की दषा में जिसका परिसमापन किया जा रहा है, समापक पर आबद्धकर होगाः

परन्तु रजिस्ट्रार किसी समझौते या ठहराव की तब तक पुष्टि नहीं करेगा, जब तक कि उसका यह समाधान न हो जाय कि यथास्थिति उन समस्त सदस्यों या लेनदारों को, जिनके कि हित ऐसे समझौते या ठहराव से प्रभावित हुए है, ऐसे सम्मिलन की सूचना प्राप्त हो चुकी थीः

परन्तु यह और कि किसी सहकारी बैंक के मामले में, रजिस्ट्रार समझौते या ठहराव की पुष्टि रिजर्व बैंक की लिखित पूर्व मंजूरी से ही करेगा अन्यथा नहीं.

(3) जब किसी सोसाइटी तथा उसके लेनदारों या उनके किसी वर्ग के बीच किसी समझौते या ठहराव पर विचार करने के लिए सम्मिलन बुलाने का कोई आदेष उपधारा (1) या उसके परन्तुक के अधीन पारित किया जाय, तो रजिस्ट्रार ऐसे आदेष की सूचना उस सिविल न्यायालय को दे सकेगा, जिसमें उस सोसाइटी के किसी ऐसे दायित्व के, जो कि किसी ऐसे लेनदार को शोध्य हो, जिसे कि उस आदेष की प्रतिलिपि भेजी गई है, संबंध में कार्यवाहियां, चाहे वे उक्त आदेष के पूर्व संस्थित की गई हों या उसके पश्चात्, लम्बित हों, और ऐसी सूचना प्राप्त होने पर वह सिविल न्यायालय उन कार्यवाहियों को रोक देगा. यदि किसी ऐसे समझौते या ठहराव की पुष्टि उपधारा (2) के अधीन न की जाये तो रजिस्ट्रार सिविल न्यायालय को तद्नुसार इत्तिला देगा और वे

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

कार्यवाहियां, जो रोक दी गई हों, पुनः चालू की जायेंगी.

(4) यदि किसी सोसाइटी तथा उसके लेनदारों या उनके किसी वर्ग के बीच किसी समझौते या ठहराव की पुष्टि उपधारा (2) के अधीन कर दी जाये, तो उन कार्यवाहियों का, यदि कोई हों, जो उपधारा (3) के अधीन रोक दी गई हैं, उपषमन हो जायेगा और उस सोसाइटी के किसी भी ऐसे दायित्व, जिससे कि वह समझौता या ठहराव संबंधित हैं, के संबंध में कोई भी कार्यवाहियां किसी सिविल न्यायालय में नहीं हो सकेंगी.

(5) रजिस्ट्रार, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, लेनदारों के किसी वर्ग को इस धारा या उसके किन्हीं भी उपबन्धों के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा.

(6) किसी ऐसे समझौते या ठहराव को, जिसकी की पुष्टि रजिस्ट्रार द्वारा कर दी गई हो, किसी सिविल न्यायालय में प्रष्नगत नहीं किया जायेगा.

(7) यदि कोई लेनदार, जिसके कि संबंध में किसी समझौते या ठहराव की पुष्टि रजिस्ट्रार द्वारा उपधारा (2) के अधीन कर दी गई हो, ऐसे समझौते या ठहराव के अधीन उनको देय रकम, वैसा करने के लिए सम्यक् सूचना दे दी जाने के पश्चात्, उस कालावधि के भीतर, जो कि ऐसी सूचना में विनिर्दिष्ट की गई हो, प्राप्त नहीं करता तो यथास्थिति वह सोसाइटी या समापक उस रकम को ऐसी रीति में निक्षिप्त करेगा, जैसी कि रजिस्ट्रार द्वारा निर्देषित की जाय, ऐसा निक्षेप कर दिया जाने पर, उस रकम के, जो कि उस समझौते या ठहराव के अधीन लेनदार को देय हो, संबंध में यह समझा जायेगा कि उसकी अदायगी निक्षेप की सीमा तक कर दी गई है.

(8) किसी सोसाइटी तथा उसके लेनदारों या उनके किसी वर्ग के बीच हुआ कोई समझौता या ठहराव, जिसकी कि पुष्टि रजिस्ट्रार द्वारा उपधारा (2) के अधीन कर दी गई हो, जैसे ही उस दायित्व की, जो उसके अधीन अवधारित किया गया है, सम्पूर्ण रकम, चाहे इस धारा के उपबंधों के अधीन या अन्यथा, चुका दी जाय या चुका दी गई समझी जाये, प्रवृत्त नहीं रहेगा, भले ही ऐसे दायित्व के उन्मोचन के लिए मूलतः नियत की गई कालावधि का अवसान न हुआ हो.

(9) ऐसे समझौते या ठहराव के प्रवृत्त न रह जाने के पश्चात्, उस दायित्व के, जो कि उक्त साझौते या ठहराव का विषय रहा था, संबंध में कोई और दावा ऐसी सोसाइटी के विरूद्ध या किसी ऐसी जंगम या स्थावर संपत्ति के, जिसे कि वह सोसाइटी तत्पष्चात् अर्जित

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

करे, विरूद्ध शेष नहीं रह जायेगा और वह सोसाइटी अपना सामान्य कारोबार चलाने के लिए स्वतंत्र होगी.

अधिस्थगन के अधीन बैंकों की कार्यवाही तथा उनका दायित्व.

17—क जहां केन्द्रीय सरकार द्वारा बैंकिंग रेग्यूलेषन एक्ट, 1949 (क्र.10 सन् 1949) की धारा 45 की उपधारा (2) के अधीन अधिस्थगन का आदेष सहकारी बैंक के संबंध में किया गया हो, वहां रजिस्ट्रार रिजर्व बैंक के लिखित पूर्व अनुमोदन से, अधिस्थगन की कालावधि के दौरान —

(एक) सहकारी बैंक के पुनः निर्माण या पुनर्गठन के लिए; या

(दो) सहकारी बैंक का किसी अन्य बैंक के साथ समामेलन किये जाने के लिए स्कीम तैयार कर सकेगा.

डिपाजिट इन्ष्योरेंस कार्पोरेषन की प्रतिसंदाय करने का नवीन बैंको का दायित्व.

17—ख इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां कोई ऐसा सहकारी बैंक, जो डिपाजिट इन्ष्योरेंस कार्पोरेषन एक्ट, 1961 (क्रमांक 47 सन् 1961) के अर्थ के अन्तर्गत बीमाकृत बैंक हो, समामेलित किया जाय या जिसके संबंध में समझौते या ठहराव को अथवा पुनर्निर्माण या पुनर्गठन की स्कीम मंजूर की गई हो और डिपाजिट इन्ष्योरेंस कार्पोरेषन बीमाकृत बैंक के निक्षेपकर्ताओं को उस एक्ट की धारा 16 की उपधारा (2) के अधीन भुगतान करने के लिए दायी हो गया हो, वहां वह बैंक, जिसके साथ ऐसे बीमाकृत बैंक का समामेलन किया गया हो, या वह नवीन सहकारी बैंक, जो ऐसे समामेलन के पश्चात् बनाया गया हो, या यथास्थिति, बीमाकृत बैंक या अन्तरिती बैंक उन परिस्थितियों में डिपाजिट इन्ष्योरेंस कार्पोरेषन की उस सीमा तक तथा उस रीति में, जो कि डिपाजिट इन्ष्योरेस कार्पोरेषन एक्ट, 1961 (क्र. 47 सन् 1961) की धारा 21 में निर्दिष्ट की गई है, प्रति संदाय करने की बाध्यता के अधीन होगा.

रजिस्ट्रीकरण का रद्द किया जाना.

18 (1) यदि कोई सोसाइटी अपनी संपूर्ण आस्तियां और दायित्व किसी अन्य सोसाइटी को हस्तान्तरित कर देती है या किसी अन्य सोसाइटी के साथ समामेलन कर लेती है या स्वयं को दो या अधिक सोसाइटियों में विभाजित कर लेती है या धारा 18—क की उपधारा (1) के उपबंधों के अधीन उसका रजिस्ट्रीकरण समाप्त कर दिया जाता है या धारा 69 के अधीन सोसाइटी का परिसमापन हो जाता है तो रजिस्ट्रार ऐसी सोसाइटी का रजिस्ट्रीकरण रद्द करने वाला आदेष करेगा. सोसाइटी रद्दकरण के ऐसे आदेष की तारीख से विघटित समझी जाएगी और वह निगमित निकाय के रूप में विद्यमान नहीं रहेगी.

(2) इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी यदि किसी सोसाइटी के समापन या विघटन से संबंधित

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

कोई भी कार्यवाहियां इस अधिनियम के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व लंबित हों तो ऐसी कार्यवाहियां, ऐसे प्रारंभ के पश्चात् उस विधि के उपबंधों के अनुसार निपटाई जायेंगी, जिसके कि अधीन ऐसी सोसाइटी रजिस्ट्रीकृत की गई थी या रजिस्ट्रीकृत की गयी समझी गयी थी.

सोसाइटियों के रजिस्ट्रीकरण का समाप्त किया जाना.

18–क (1) यदि रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाता है कि कोई सोसाइटी उसके आवेदकों द्वारा दुर्व्यपदेषन के आधार पर रजिस्ट्रीकृत कर दी गई है या यहॉ सोसाइटी का कार्य पूर्ण हो चुका हैं या जिन प्रयोजनों के लिए सोसाइटी रजिस्ट्रीकृत की गई हैं, उनकी पूर्ति नहीं हो रही हैं तो वह उसके प्रमुख संप्रवर्तक समिति और सोसाइटी के सदस्यों को सुनवाई का अवसर देने के पष्चात् सोसाइटी का रजिस्ट्रीकरण समाप्त कर सकेगा :

परंतु जहां सोसायटी की सदस्य संख्या इतनी अधिक है और रजिस्ट्रार के कार्यालय के अभिलेखों से ऐसे समस्त सदस्यों का सही पता अभी निष्चित करना संभव नहीं है और रजिस्ट्रार की राय में व्यक्तिगत रूप से ऐसे समस्त सदस्यों को सुनवाई की सूचना देना व्यवहार्य नहीं है तो ऐसी स्थिति में रजिस्ट्रीकरण के समाप्त किये जाने की कार्यवाही की लोक सूचना विहित रीति में दी जायेगी और ऐसी सूचना सोसायटी की समिति के सदस्यों और प्रमुख संप्रर्वतक सहित सोसायटी के सभी सदस्यों की दी गई सूचना समझी जाएगी और सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण के समाप्त किये जाने के संबंध में किसी कार्यवाही को केवल इस आधार पर कि किसी सदस्य को व्यक्तिगत रूप से सूचना नहीं दी गई हैं, प्रष्नगत नहीं किया जाएगा।

(2) जहॉ उपधारा (1) के उपबन्धों के अधीन किसी सोसाइटी का रजिस्ट्रीकरण समाप्त कर दिया गया हैं, वहॉ रजिस्ट्रार इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी षासकीय समनुदेषिती की नियुक्ति को सम्मिलित करते हुए ऐसे आनुषंगिक और पारिणामिक आदेष कर सकेगा, जैसा की परिस्थियों द्वारा अपेक्षित हैं।

(3) इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों के अध्ययीन रहते हुए षासकीय समनुदेषिती संपत्तियों, आस्तियों, पुस्तकों, अभिलेखों और अन्य दस्तावेजों का प्रभार लेने की तारीख से, एक वर्ष की कालावधि के भीतर आस्तियों की वसूली और दायित्वों का परिसमापन करेगा। पूर्वोक्त कालावधि रजिस्ट्रार के विवेकानुसार समय–समय पर इस प्रकार बढ़ाई जा सकेगी की जिससे ऐसी कालावधि कुल मिलाकर तीन वर्ष से अधिक न हो जाए।

(4) षासकीय समदुनेषिती को ऐसे पारिश्रमिक और भत्तों का संदाय किया जाएगा जैसा की विहित किया जाए।

COURT BOOK

(5) रजिस्ट्रार की उपधारा (1) और (2) के अधीन की षक्तियों का प्रयोग सहकारी सोसाइटियों के संयुक्त रजिस्ट्रार की श्रेणी से निम्न श्रेणी के अधिकारी द्वारा नहीं किया जाएगा।

तीसरा अध्याय
सदस्य, उनके अधिकार, दायित्व तथा विशेषाधिकार

COURT BOOK

व्यक्ति जो सदस्य हो सकेंगे.

19 (1) निम्नलिखित के सिवाय किसी भी व्यक्ति को किसी सोसाइटी के सदस्य के रूप में स्वीकृत नहीं किया जायेगा, अर्थात् :–

(क) कोई व्यक्ति, जो भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 (क्र.11 सन् 1872) की धारा 11 के अधीन संविदा करने के लिये सक्षम हो;

(ख) कोई अन्य सोसाइटी;

(ग) कोई लोक न्यास जो छत्तीसगढ़ पब्लिक ट्रस्ट्स एक्ट, 1951 (क्र. 30 सन् 1951) के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो;

(घ) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन यथास्थिति रजिस्ट्रीकृत स्थापित या गठित कोई ऐसी फर्म, कम्पनी या कोई अन्य निगमित निकाय, जिसमें उसके भागीदारों या निर्देषकों के रूप में कोई अवयस्क व्यक्ति न हो;

(ड) छत्तीसगढ़ सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1959 (क्र.1 सन् 1960) के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई सोसाइटी जो कि राज्य सरकार द्वारा, सामान्य या विषेष आदेष द्वारा, इस संबंध में अनुमोदित कर दी जाये;

(च) राज्य सरकारः

परन्तु खण्ड (क) के उपबंध–

(एक) व्यक्ति, जो अनन्यतः विद्यार्थियों के लिये बनाई गई किसी सोसाइटी में प्रवेष चाहता हो;

(दो) अवयस्क, जो न्यायालय द्वारा नियुक्त किये गये संरक्षक के मार्फत कार्य कर रहा हो;

को लागू नहीं होंगे.

(2) इस अधिनियम या नियमों में या किसी सोसाइटी की उपविधियों में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, जहां राज्य सरकार ने किसी सोसाइटी की अंषपूंजी में अभिदाय किया हो, वहां राज्य सरकार का दायित्व उसके द्वारा धारित अंषों के अंकित मूल्य तक ही सीमित होगा.

(2–क) इस अधिनियम में या उसके अधीन बनाए गए नियमों में या यथास्थिति, किसी संसाधन सोसाइटी या उपभोक्ता सोसाइटी की उपविधियों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि कोई ऐसा व्यक्ति, जो इस अधिनियम के उपबंधों तथा उस सोसाइटी की उपविधियों के अधीन सदस्य के रूप में स्वीकृत किये जाने के लिए सम्यक रूप से अर्हित हो, ऐसी सोसाइटी की सदस्यता के लिए कोई आवेदन करे, तो उसके संबंध में यह समझा जाएगा कि उसे ऐसी सोसाइटी के कार्यालय में वह आवेदन प्राप्त होने की तारीख से ऐसी सोसाइटी के सदस्य के

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

रूप में स्वीकृत कर लिया गया है:

परन्तु रजिस्ट्रार या तो स्वप्रेरणा से किसी भी समय या सोसाइटी या किसी व्यथित व्यक्ति के ऐसे आवेदन पर, जो कि पूर्वोक्त तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर किया गया हो, तथा सोसाइटी या संबंधित व्यक्ति को युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात्, उस तारीख से, जिसको कि रजिस्ट्रार को आवेदन प्राप्त हुआ हो, पैंतालिस दिन के भीतर, आदेष द्वारा उस व्यक्ति के संबंध में यह घोषित कर सकेगा कि वह उसमें (आदेष में) वर्णित कारणों से ऐसी सोसाइटी की सदस्यता का पात्र नहीं है.

(3) जहां कोई ऐसा विद्यार्थी, जो भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 (क्र. 9 सन् 1872) की धारा 11 के अधीन संविदा करने के लिए सक्षम न हो, किसी ऐसी सोसाइटी का, जो अनन्यतः विद्यार्थियों के फायदे के लिये बनाई गई हो, सदस्य होने की वांछा करे, वहां किसी सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण के लिये उसके आवेदन या सदस्यता के लिये उसके आवेदन के साथ उस विद्यार्थी के संरक्षक का या अन्य व्यक्ति का, जो उक्त अधिनियम की धारा 11 के अधीन संविदा करने के लिये सक्षम हो, एक ऐसा वचनबंध, जो सदस्य के रूप में उस विद्यार्थी के दायित्व के बारे में हो, विहित प्रारूप में संलग्न होगा.

(4) जहां किसी व्यक्ति को किसी सोसाइटी में सदस्य के रूप में प्रवेष देने से इंकार कर दिया जाय, वहां प्रवेष देने से इंकार करने संबंधी विनिष्चय, ऐसे विनिष्चय की तारीख से तीस दिन के भीतर, उस सोसाइटी द्वारा उस व्यक्ति को संसूचित किया जायेगा.

(5) कोई भी सोसाइटी, पर्याप्त कारण के बिना, किसी भी ऐसे व्यक्ति को, जो कि इस अधिनियम के उपबंधों के तथा सोसाइटी की उपविधियों के अधीन सदस्यता प्राप्त करने के लिये सम्यक्रूपेण अर्हित हो, सदस्यता प्रदान करने से इंकार नहीं करेगी.

(6) उपधारा (4) या उपधारा (5) के अधीन व्यथित कोई भी व्यक्ति इंकार की तारीख से नब्बे दिन के भीतर रजिस्ट्रार को अपील कर सकेगा.

(7) अपील में रजिस्ट्रार का विनिष्चय अंतिम होगा तथा रजिस्ट्रार अपना विनिष्चय उसकी (विनिष्चय की) तारीख से तीस दिन के भीतर पक्षकारों को संसूचित करेगा.

सदस्य की निरर्हताएं.

19—क (1) कोई भी व्यक्ति किसी सोसाइटी के सदस्य के रूप में प्रवेष प्राप्त करने के लिये पात्र नहीं होगा और कोई भी सदस्य किसी सोसाइटी का सदस्य नहीं रहेगा यदि,—

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(क) वह अनुन्मोचित दिवालिया न्याय निर्णीत किये जाने के लिये आवेदक कोया अनुन्मोचित दिवालिया हो;

(ख) वह किसी ऐसे अपराध के लिये, जिसमें नैतिक अधमता अन्तर्वलित हो, दण्डादिष्ट किया गया हो और दण्डादेष के अवसान की तारीख से पॉच वर्ष की कालावधि न बीत गई हो;

(ख–ख) वह सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 (1955 का सं. 22) के अधीन के किसी अपराध के लिये दण्डादिष्ट किया गया हो और दण्डादेष का अवसान होने की तारीख से छह वर्ष की कालावधि न बीत गई हो;

(ग) वह या उसके कुटुम्ब का कोई ऐसा सदस्य, जो कि उसके साथ सामान्य हित रखता है, ऐसा कारोबार करता हो जो कि सोसाइटी द्वारा किये जा रहे कारोबार के समरूप होः

परन्तु खण्ड (ख) के उपबंध ऐसे व्यक्ति को लागू नहीं होंगे जो कि विमुक्त जातियों के उद्धार के लिये अनन्य रूप से बनाई गई या बनाई जाने वाली किसी सोसाइटी के सदस्य के रूप में प्रवेष चाहता हो.

(घ) यदि वह इस अधिनियम की धारा 48–क के अधीन निरर्हित है;

(ड) यदि वह ऐसा व्यक्ति है जिसे किसी सहकारी संस्था की सेवा या सरकारी सेवा से हटा दिया गया है;

(च) प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटी की दषा में, वह कृषि भूमि धारित करने वाला भूमिस्वामी, मौरूसी कृषक या सरकारी पट्टेदार न होः

परन्तु 26 अप्रैल, 1990 को ऐसी सोसाइटी का कोई सदस्य, जो भूमिस्वामी, मौरूसी कृषक या सरकारी पट्टेदार नहीं हैं, ऐसी तारीख से ऐसी सोसाइटी का नाममात्र का सदस्य होगा।

स्पष्टीकरण ––

इस उपधारा के प्रयोजनों के लिये

(एक)''विमुक्त जातियों'' से अभिप्रेत है ऐसी जनजातियॉ

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

जिन्हे राज्य सरकार समय–समय पर साधारण या विषेष आदेष द्वारा इस उपधारा के प्रयोजनों के लिये विमुक्त जातियों के रूप में घोषित करें।

(दो) किसी व्यापारी द्वारा चलाये गये कारोबार, जिसके अन्तर्गत साहूकारी का कारोबार आता हैं, के संबंध में यह समझाा जाएगा कि वह उस कारोबार के समरूप हैं जो की किसी विपणन सोसाइटी द्वारा चलाया जाता हों।

समिति की सदस्यता के लिए और प्रतिनिधित्व के लिए निरर्हता ––

19–क क

कोई भी व्यक्ति किसी सोसाइटी की समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिए पात्र नहीं होगा और उस रूप में अपने पद पर नहीं रह जाएगा, यदि वह ऐसी निरर्हता से ग्रस्त हैं, जो विहित की जाए, कोई भी सोसाइटी किसी सदस्य को किसी अन्य सोसाइटी की समिति में अपने प्रतिनिधि के रूप में या अन्य सोसाइटी मे सोसाइटी का प्रतिनिधित्व करने के लिए निर्वाचित नहीं करेगी, यदि वह ऐसी निरर्हता से ग्रस्त हैं, जो विहित की जाएः

परन्तु यदि कोई सदस्य इस धारा के अधीन विहित निरर्हताओं में से किसी निरर्हता से ग्रस्त हैं तो –

(एक) सोसाइटी की समिति के लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह यह बात उसकी जानकारी में आने की तारीख से दो मास के भीतर, ऐसे सदस्य को, जहॉ वह उस सोसाइटी का सदस्य होने के नाते संचालक के रूप में निर्वाचित हो जाता है उसे सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर देने के पष्चात् वह पद धारण करने से, निरर्हित कर दे,

(दो) यदि वह सदस्य प्रतिनिधि के रूप में अपने कार्यो के कारण उच्चस्तरीय सोसाइटी में निरर्हता उपगत कर लेता हैं तो ऐसी उच्चस्तरीय सोसाइटी उसे उच्चस्तरीय सोसाइटी में पद धारण करने के लिए निरर्हित करने हेतु कार्यवाही करेगी,

यदि सोसाइटी कार्यवाही करने में असफल रहती है तो रजिस्ट्रार ऐसे सदस्य को सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर देने के पष्चात् उसे ऐसा पद धारण करने से लिखित आदेष द्वारा निरर्हित कर देगा।

पश्चात्वर्ती निर्योग्यताओं का प्रभाव.

19–ख

यदि कोई व्यक्ति जिसे किसी सोसाइटी के सदस्य के रूप में प्रवेष दिया गया हो, बाद में उन निरर्हताओं में से, जो कि धारा 19–क में विनिर्दिष्ट की गई है, किसी भी निरर्हता के अध्यधीन हो जाय, तो ऐसा व्यक्ति उस सोसाइटी का सदस्य नहीं रह जायगा तथा रजिस्ट्रार

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

उसके स्थान को रिक्त घोषित करेगा.

सदस्यों का निष्कासन.

19–ग (1) समिति, निष्कासन के प्रयोजन के लिये किये गये सम्मिलन में उपस्थित तथा मत देने वाले सदस्यों के तीन–चौथाई बहुमत से पारित किये गये संकल्प द्वारा किसी सदस्य को निष्कासित कर सकेगी, यदि वह,–

(क) कोई ऐसा कार्य, जिससे कि सोसाइटी की साख को क्षति पहुंचने की संभावना हो या जिससे उसकी कुख्याति होने की संभावना हो, साषय करता है; या

(ख) मिथ्या कथनों द्वारा सोसाइटी को जानबूझकर प्रवंचित करता है; या

(ग) कोई ऐसा कारोबार करता है जो सोसाइटी द्वारा किये गये कारोबार की प्रतिद्वन्दिता में आता हो या जिसके संबंध में यह संभावना हो कि वह सोसाइटी द्वारा किये गये कारोबार की प्रतिद्वन्दिता में आवेगा; या

(घ) अपने शोध्यों का भुगतान करने में बार–बार व्यतिक्रम करता है या उपविधियों के किन्हीं भी उपबंधों का अनुपालन करने में चूक करता हैः

परन्तु कोई भी ऐसा संकल्प तब तक विधिमान्य नहीं होगा, जब तक कि संबंधित सदस्य को उसे निष्कासित करने संबंधी प्रस्थापना की सात दिन की सूचना या तो व्यक्तिगत रूप से या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा न दे दी गई हो और जब तक कि उसे अपने मामले के संबंध में समिति के समक्ष अभ्यावेदन करने का अवसर न दे दिया गया है.

(1–क) उपधारा (1) के अधीन समिति के संकल्प से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे संकल्प की संसूचना के तीस दिन के भीतर रजिस्ट्रार के समक्ष अपील कर सकेगा.

(2) इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों या उपविधियों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां रजिस्ट्रार को यह प्रतीत होता है कि सोसाइटी के हित में यह आवष्यक और वांछनीय है कि किसी सदस्य को इस कारण कि वह उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों में से किसी क्रियाकलाप में लिप्त है, सोसाइटी से निष्कासित कर दिया जाए, वहां वह ऐसे सदस्य और सोसाइटी से यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह, उसके द्वारा विनिर्दिष्ट की जाने वाली कालावधि के भीतर, इस संबंध में स्पष्टीकरण दे कि ऐसे सदस्य को सोसाइटी से निष्कासित क्यों न कर दिया जाए. यदि वह

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

सदस्य या सोसाइटी विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने में असफल रहती है या स्पष्टीकरण पर, यदि प्राप्त हुआ हो, विचार करने के पश्चात्, रजिस्ट्रार उस सदस्य को सोसाइटी से निष्कासित करने का आदेष पारित कर सकेगा.

(3) कोई व्यक्ति जिसे निष्कासित कर दिया गया है, ऐसे निष्कासन की तारीख से एक वर्ष की कालावधि तक किसी भी सहकारी सोसाइटी के सदस्य के रूप में पुनः प्रवेष प्राप्त करने के लिये पात्र नहीं होगा.

(4) किसी सोसाइटी से किसी सदस्य के निष्कासन में, उस सदस्य द्वारा ऐसी सोसाइटी में धारित अंषों का समपहरण अंतर्वलित हो सकेगा.

नाममात्र के सदस्य. 20. धारा 19 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, कोई सोसाइटी किसी भी व्यक्ति को नाममात्र के सदस्य के रूप में प्रवेष दे सकेंगी, जिसका या तो सोसाइटी के प्रबंध में या उसके लाभों में कोई अंष नहीं होगा और वह उस सोसाइटी के परिसमापन की दषा में किसी भी योगदायी दायित्व के अध्यधीन नहीं होगा.

जब तक सम्यक् संदाय न कर दिये जाये सदस्यता के अधिकारों का प्रयोग नहीं किया जाएगा. 21. कोई भी सदस्य, सदस्य के अधिकारों का तब तक प्रयोग नहीं करेगा जब तक कि उसने सदस्यता के संबंध में सोसाइटी को ऐसा संदाय न कर दिया हो या जब तक कि उसने सोसाइटी में ऐसा हित अर्जित न कर लिया हो जैसा कि विहित किया जाए या जैसा कि ऐसी सोसाइटी की उपविधियों में विनिर्दिष्ट किया जाय.

सदस्यों के मत. 22 (1) सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य को सोसाइटी के कार्यकलापों में एक मत देने का अधिकार होगा.

(2) (क) संघीय सोसाइटी का मतदान संबंधी अधिकार इस प्रकार विनियमित किया जायेगा कि सदस्यों को, जो कि सोसाइटियां हो, ऐसी सोसाइटी के साधारण सम्मिलन में मतों की कुल संख्या के चार पंचमांष से कम मत प्राप्त न हों;

(ख) संघीय सोसाइटी के मामले में, वैयक्तिक सदस्यों (जिस अभिव्यक्ति के अंतर्गत लोक न्यास, फर्म, कम्पनी या निगमित निकाय, छत्तीसगढ़ सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 (क्रमांक 44 सन् 1973) के अधीन रजिस्ट्रीकृत की गई सोसाइटी तथा राज्य सरकार आवेगी किन्तु उसके अंतर्गत सहकारी सोसाइटी नहीं आयेगी) के मतदान संबंधी अधिकार ऐसी रीति में विनियमित किये जायेंगे जैसी कि विहित की जाय.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(3) प्रत्येक संबद्ध सहकारी सोसाइटी को उचित रूप से प्राधिकृत किये गये प्रतिनिधि के माध्यम से तथा उपधारा (2) के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किये गये प्रत्येक प्रत्यायुक्त को साधारण सम्मिलन में एक मत देने का अधिकार होगा.

(4) जब तक कि किसी सोसाइटी की उपविधियों में अन्यथा उपबन्धित न हो, सम्मिलन के लिए गणपूर्ति सोसाइटियों के प्रत्यायुक्तों तथा प्रतिनिधियों की कुल संख्या के पंचमांष से होगीः

परन्तु सम्मिलन में किसी भी समय प्रत्यायुक्तों की संख्या सोसाइटियों के सदस्य–प्रतिनिधियों की संख्या के पंचमांष से अधिक नही होगी.

(5) प्रत्यायुक्तों के निर्वाचन उन उपबंधों के अनुसार किये जायेंगे जो कि समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिये विहित किये गये हों.

(6) किसी प्रत्यायुक्त की कोई भी रिक्ति, जो सदस्यता की समाप्ति के कारण या अन्यथा हुई हो, उस समूह के, जिससे कि ऐसी रिक्ति संबंधित है, वैयक्तिक सदस्यों में से एक को सहयोजित करके प्रत्यायुक्तों द्वारा भरी जायेंगी.

(7) जब तक कि किसी विषिष्ट सोसाइटी के संबंध में रजिस्ट्रार द्वारा अन्यथा निदेषित न किया जाये, समिति में प्रत्यायुक्तों की संख्या किसी भी समय सोसाइटियों के प्रतिनिधियों की संख्या के एक–तिहाई से अधिक नहीं होगी (अपूर्णांकों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा).

(8) मतों के बराबर–बराबर होने की दषा में सभापति का द्वितीय या निर्णायक मत होगा.

मत का प्रयोग करने की रीति.

23. (1) किसी सोसाइटी का प्रत्येक सदस्य अपने मत का प्रयोग स्वयं करेगा और किसी भी सदस्य को परोक्षी द्वारा मत देने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जायेगाः

परन्तु इस अधिनियम के अधीन बनाये गये किन्हीं नियमों के अध्यधीन रहते हुए –

(एक) (क) कोई सोसाइटी, जो किसी अन्य सोसाइटी की सदस्य है, अपने सदस्यों में से एक सदस्य की प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति इस हेतु से कर सकेगी कि वह उसकी ओर से मत दे;

(ख) सोसाइटी द्वारा अपनी उपविधियों के अनुसार बनाया गया व्यष्टिक सदस्यों का कोई समूह, समूह के सदस्यों में से किसी एक सदस्य का प्रत्यायुक्त के रूप

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

में निर्वाचन इस हेतु से कर सकेगा कि वह उनकी ओर से मत दे.

(दो) राज्य सरकार अपने अधिकारियों में से एक को उस सोसाइटी के, जिसका कि सदस्य ऐसी सोसाइटी या राज्य सरकार हो, कार्यकलापों में अपनी ओर से मत देने या अन्यथा भाग लेने के लिए नामनिर्देषित कर सकेगी;

(तीन) कोई लोक न्यास, जो कि किसी सोसाइटी का सदस्य हो, अपने न्यासियों में से किसी एक को अपनी ओर से मत देने के लिये लिखित में नियुक्त कर सकेगा;

(चार) कोई फर्म, जो किसी सोसाइटी की सदस्य हो, अपने व्यस्क भागीदारों में से किसी एक को अपनी ओर से मत देने के लिये लिखित में नियुक्त कर सकेगी; और

(पांच) कोई कम्पनी या कोई अन्य निगमित निकाय, जो किसी सोसाइटी का सदस्य हो, अपने निदेषकों में से या अपने अधिकारियों में से किसी को अपनी ओर से मत देने के लिये लिखित में नियुक्त कर सकेगा/सकेगी.

(2) जहां कोई अंष एक से अधिक व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से धारण किया जाता हो और–

(एक) उस दषा में जब कि ऐसे अंष के बारे में सोसाइटी द्वारा अंष प्रमाणपत्र जारी किया गया हो, तो उस व्यक्ति को, जिसका कि नाम ऐसे अंष प्रमाण पत्र में पहले आया हो; और

(दो) उस दषा में जबकि ऐसे अंष के बारे में सोसाइटी द्वारा कोई अंष प्रमाणपत्र जारी न किया गया हो तो उस व्यक्ति को, जिसका नाम ऐसी सोसाइटी द्वारा रखे गये सदस्यों के रजिस्टर में पहले आया हो

मत देने का अधिकार होगा.

किसी सदस्य द्वारा अंष पूंजी धारण करने पर निर्बन्धन.

24. किसी भी सोसाइटी में, राज्य सरकार या किसी अन्य सोसाइटी से भिन्न कोई भी सदस्य–

(क) सोसाइटी की कुल अंष–पूंजी के एक पंचमांष से अनधिक, उसके ऐसे भाग से अधिक धारण नहीं करेगा जैसा कि विहित किया जाय; या

(ख) सोसाइटी के अंषो में बीस हजार रूपये से अधिक का कोई हित नहीं रखेगा या उसका दावा नहीं करेगाः

परन्तु राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, सोसाइटियों के किसी वर्ग की बाबत् ऐसा अधिकतम परिमाण विनिर्दिष्ट कर सकेगी जो यथास्थिति अंष–पूंजी के एक पंचमांष से या बीस हजार रूपये से अधिक होगा.

COURT BOOK

अंषों या हित के अन्तरण पर निर्बन्धन.

25. (1) किसी सदस्य के किसी ऐसे अंष या हित का, जो किसी सोसाइटी की अंषपूंजी में उसका हो, अन्तरण उन निर्बन्धनों के अध्यधीन रहते हुए होगा जो कि अधिकतम अंष धारण के बारे में धारा 24 में विनिर्दिष्ट है.

(2) किसी सदस्य द्वारा किसी सोसाइटी में के अपने अंष या हित का कोई अन्तरण तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि,–

(क) वह सदस्य ऐसा अंष या हित कम से कम एक वर्ष तक धारण न कर चुका हो;

(ख) वह अन्तरण उस सोसाइटी को या उस सोसाइटी के किसी सदस्य को न किया जाय; और

(ग) वह अन्तरण समिति द्वारा अनुमोदित न कर दिया जाय.

सदस्य की मृत्यु हो जाने पर हित का अन्तरण.

26. (1) किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर कोई सोसाइटी मृत सदस्य का अंष या हित उस व्यक्ति को अन्तरित कर सकेगी, जिसे कि उन नियमों के अनुसार नामनिर्दिष्ट किया गया हो, जो कि इस संबंध में बनाये गये हैं, या, उस दषा में जबकि इस प्रकार नामनिर्देषित किया गया कोई व्यक्ति न हो तो ऐसे व्यक्ति को, जिसके कि बारे में समिति को यह प्रतीत हो कि वह व्यक्ति उस मृत सदस्य का वारिस या विधिक प्रतिनिधि है, अन्तरित कर सकेंगी या यथास्थिति ऐसे नाम निर्देषिती, वारिस या विधिक प्रतिनिधि को ऐसे सदस्य के हित के मूल्य के समतुल्य ऐसी राषि का, जैसी कि वह नियमों या उपविधियों के अनुसार अभिनिष्चित की गई हो, संदाय कर सकेगी.

(2) कोई सोसाइटी ऐसे समस्त अन्य धनों का, जो कि उस मृत सदस्य को उस सोसाइटी द्वारा शोध्य हों, यथास्थिति ऐसे नामनिर्देषिती, वारिस या विधिक प्रतिनिधि को संदाय कर सकेगी.

(3) ऐसे समस्त अंतरण तथा संदाय, जो कि किसी सोसाइटी द्वारा इस धारा के उपबंधों के अनुसार किये गये हों, किसी भी ऐसी मांग के संबंध में विधिमान्य तथा प्रभावी होंगे जो किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उस सोसाइटी पर की गई हो.

अंष या निक्षेप या हित कुर्की के दायित्वाधीन नहीं होगा.

27. धारा 39 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, किसी सोसाइटी की पूंजी या कामकाज–पूंजी में, या किसी गृह निर्माण सोसाइटी द्वारा जारी किये गये उधार स्टाक (लोन स्टाक) में, या किसी सोसाइटी द्वारा अपने सदस्यों से बचत निक्षेप के रूप में या मजदूरी में से उस सोसाइटी द्वारा की गई अनिवार्य कटौतियां करके या

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

सदस्यों को किये गये माल के विक्रय या प्रदाय के मूल्य पर अधिभार के रूप में इकट्ठा की गई निधियों में का किसी सदस्य का अंष या हित या निक्षेप सदस्यों या भूतपूर्व सदस्यों द्वारा उपगत किये गये किसी ऋण या दायित्व के कारण या के संबंध में किसी न्यायालय की डिक्री या आदेष के अधीन कुर्की या विक्रय के दायित्वाधीन नहीं होगा और तद्नुसार प्रान्तीय दिवाला अधिनियम, 1920 (क्र. 5 सन् 1920) के अधीन कोई प्रापक या तत्समय प्रवृत्त किसी तत्सम विधि के अधीन कोई ऐसा व्यक्ति या प्राधिकारी ऐसे अंष या हित या निक्षेप का हकदार नहीं होगा या ऐसे अंष या हित या निक्षेप के संबंध में कोई दावा नही रखेगा.

पुस्तकें आदि देखने के सदस्यों के अधिकार.

28. (1) प्रत्येक सोसाइटी,–

(क) इस अधिनियम की प्रति;

(ख) नियमों की प्रति;

(ग) सोसाइटी की उपविधियों की प्रति;

(घ) सदस्यों का रजिस्टर;

(ड) अंतिम संपरीक्षित वार्षिक तुलनपत्र, लाभ और हानि खाता; और

(च) साधारण सम्मेलनों की कार्यवाही.

अपने सदस्यों के निःषुल्क निरीक्षण के लिये सोसाइटी के रजिस्ट्रीकृत पते पर समस्त युक्तियुक्त समयों पर उपलब्ध रखेगी.

(2) किसी सोसाइटी के समस्त रजिस्टर तथा अभिलेख, उन पुस्तकों तथा अन्य दस्तावेजों को छोड़कर, जो किसी सदस्य के स्वयं के लेखाओं से भिन्न लेखाओं से संबंधित हों, ऐसी फीस का, जैसी कि उपविधियों में विनिर्दिष्ट की जाय, संदाय किये जाने पर ऐसी सोसाइटी के किसी भी सदस्य द्वारा निरीक्षण के लिये उस सोसाइटी के कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे.

(3) ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए तथा ऐसी फीस का संदाय कर दिया जाने पर जैसी कि उपविधियों में विनिर्दिष्ट की जाय, सोसाइटी, अपने किसी सदस्य द्वारा आवेदन किया जाने पर, उसे ऐसे अभिलेखों या रजिस्टरों की प्रमाणित प्रतिलिपि या उनके उद्धरण प्रदान करेगी.

भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य की संपदा का दायित्व.

29. (1) उपधारा (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, सोसाइटी के उन ऋणों के लिये, जो कि.–

(क) किसी भूतपूर्व सदस्य के मामले में, उस तारीख को हों जिसको कि वह सदस्य न रह गया हो; और

(ख) किसी मृत सदस्य के मामले में, उसकी मृत्यु की तारीख को हो,

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

किसी सोसाइटी के किसी भूतपूर्व सदस्य का अथवा किसी सोसाइटी के मृत सदस्य की सम्पदा का दायित्व ऐसी तारीख से दो वर्ष की कालावधि तक बना रहेगा.

(2) जहां इस अधिनियम के किन्हीं उपबंधों के अधीन किसी सोसाइटी का परिसमापन किया जाने का आदेष दिया जाय, वहां किसी भूतपूर्व सदस्य का, जो कि परिसमापन के आदेष की तारीख के ठीक पूर्ववर्ती दो वर्ष के भीतर सदस्य न रह गया हो या किसी मृत सदस्य की, जो कि परिसमापन के आदेष की तारीख के ठीक पूर्ववर्ती दो वर्ष के भीतर मर गया हो, सम्पदा का दायित्व तब तक बना रहेगा जब तक कि समापन की कुल कार्यवाहियां पूर्ण न हो जाय; किन्तु ऐसा दायित्व सोसाइटी के उन ऋणों तक ही विस्तारित होगा जो कि उस तारीख को हों जिसको कि वह यथास्थिति सदस्य न रह गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो.

सदस्यों का दिवाला.

30. प्राविन्षियल इन्सालवेन्सी एक्ट, 1920 (क्र. 5 सन् 1920) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी किसी सोसाइटी के किसी सदस्य के विरूद्व दिवाला विषयक किसी कार्यवाही में, उस सोसाइटी के शोध्यों को समस्त अन्य शोध्यों पर, सिवाय उन शोध्यों के जो कि सरकार को देय हों, पूर्विकता प्राप्त होगी.

चौथा अध्याय

सोसाइटियों के कर्त्तव्य, विशेषाधिकार, उनकी सम्पत्ति तथा निधियां

सोसाइटियां निगमित निकाय होंगी.

31. किसी सोसाइटी का रजिस्ट्रेषन उसे उस नाम से, जिसके कि अधीन वह रजिस्ट्रीकृत की गई है, एक ऐसा निगमित निकाय बना देगा जिसका शाष्वत् उत्तराधिकार होगा तथा जिसकी एक सामान्य मुद्रा होगी और जिसे संपत्ति धारण करने, संविदाएं करने, वाद तथा अन्य

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

विधिक कार्यवाहियां संस्थित करने तथा उनमें प्रतिरक्षा करने एवं ऐसी समस्त बातें, जो कि उन प्रयोजनों के लिए आवष्यक हों जिनके लिये उसका गठन किया गया था, करने की शक्ति होगी.

सोसाइटी का पता तथा नाम का संप्रदर्षन.

32. (1) प्रत्येक सोसाइटी का नियमों के अनुसार रजिस्ट्रीकृत किया गया एक पता होगा जिस पर कि समस्त सूचनाएं तथा संसूचनाएं भेजी जा सकेंगी और वह उस पते में होने वाली किसी भी तब्दीली की लिखित सूचना, ऐसी तब्दीली होने के तीस दिन के भीतर, रजिस्ट्रार को भेजेगी.

(2) प्रत्येक सोसाइटी,–

(क) अपने प्रत्येक कार्यालय या स्थान पर, जहां पर वह कारबार करती है;

(ख) समस्त सूचनाओं और अन्य अधिकारित प्रकाषनों में;

(ग) अपनी समस्त संविदाओं पर, कारोबारी पत्रों, माल के लिए आदेषों में, बीजकों, लेखाओं की विवरणियों, प्राप्तियों और साख पत्रकों में; और

(घ) समस्त विनिमय पत्रों में, वचन पत्रों, पृष्ठांकनों, चेकों, और धन के आदेष, जिस पर वह हस्ताक्षर करती है, या जिन पर उसकी ओर से हस्ताक्षर किए जाते है,

अपना नाम और अपने रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता, और शब्द "छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 के अधीन रजिस्ट्रीकृत" सुवाच्य अक्षरों में सहजदर्षनीय स्थान पर संप्रदर्षित करेगी.

(3) प्रत्येक सोसाइटी के नाम में शब्द "सहकारी" और "सीमित" या उसके समतुल्य शब्द राज्य की राजभाषा में अन्तर्विष्ट होंगे.

सदस्यों का रजिस्टर.

33. (1) प्रत्येक सोसाइटी अपने सदस्यों का एक रजिस्टर रखेगी और उसमें निम्नलिखित विषिष्टियों की प्रविष्टि की जाएगी, अर्थात्:–

(क) प्रत्येक सदस्य का नाम, पता तथा उसकी उपजीविका;

(ख) उस दषा में, जहां कोई सोसाइटी अंषपूंजी रखती है, के प्रत्येक सदस्य द्वारा धारित अंष;

(ग) वह तारीख जिसमें प्रत्येक व्यक्ति सदस्य के रूप में प्रविष्टि किया गया था;

(घ) वह तारीख जिसको कोई व्यक्ति सदस्य नहीं रह

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

गया है; और

(ड.) ऐसी अन्य विषिष्टियां जो विहित की जाएं :

परन्तु जहां किसी सोसाइटी द्वारा इस अधिनियम के अधीन किसी सदस्य को उसकी मृत्यु होने पर अपने अंष या हित, किसी अन्य व्यक्ति को अंतरित करने के लिये अनुज्ञात किया गया है वहां रजिस्टर में संबंधित सदस्य के सम्मुख उस व्यक्ति का नाम जो उस सदस्य के अंष या हित का हकदार होगा और वह तारीख जिस पर नामांकन अभिलिखित किया गया था, भी दर्षाई जाएगी.

(2) रजिस्टर उस तारीख के, जिसमें कोई व्यक्ति किसी सोसाइटी में सदस्य के रूप में प्रविष्ट किया गया था और उस तारीख के, जिसको वह सदस्य नहीं रह गया है संबंध में प्रथम दृष्टया साक्ष्य होगा.

सोसाइटी की पुस्तकों में की प्रविष्टियों का सबूत.

34. (1) किसी सोसाइटी की किसी ऐसी पुस्तक, जो कि उसके कारबार के अनुक्रम में नियमित रूप से रखी गई हो, में की किसी प्रविष्टि की प्रतिलिपि, यदि वह ऐसी रीति में, जैसी कि विहित की जाय, प्रमाणित हो, किसी भी वाद या विधिक कार्यवाहियों में या किन्हीं भी अन्य प्रयोजनों के लिये, ऐसी प्रविष्टि के प्रथमदृष्टया साक्ष्य के रूप में ली जायेगी और उसमें अभिलिखित किये गए विषयों, संव्यवहारों तथा लेखकों की बाबत, साक्ष्य उसी रीति में तथा उसी सीमा तक ग्राह्य होंगी जिस सीमा तक कि मूल प्रविष्टि ग्राह्य होती है.

(2) किसी सोसाइटी द्वारा अपने कारबार के अनुक्रम में अभिप्राप्त की गई तथा रखी गई किसी दस्तावेज की अथवा ऐसी दस्तावेज में की किन्हीं प्रविष्टियों की प्रतिलिपियां, जो कि ऐसी सोसाइटी द्वारा दी गई हों, यदि वे विहित रीति में प्रमाणित हों, किसी भी वाद या विधिक कार्यवाही में या किन्हीं भी अन्य प्रयोजन के लिये, साक्ष्य में उसी रीति में तथा उसी सीमा तक ग्राह्य होंगी जिस रीति में तथा जिस सीमा तक कि यथास्थिति मूल दस्तावेज अथवा उसकी प्रविष्टियां ग्राह्य होती हैं.

(3) किसी सोसाइटी के किसी अधिकारी को तथा किसी ऐसे अधिकारी को, जिसके कि कार्यालय में सोसाइटी की पुस्तकें समापन के पश्चात् निक्षिप्त की जाती है, किन्हीं भी ऐसी विधिक कार्यवाहियों में, जिनमें कि वह सोसाइटी या समापक पक्षकार न हो, सोसाइटी की किन्हीं भी ऐसी पुस्तकों या दस्तावेजों को, जिनकी कि विषय–वस्तु इस धारा के अधीन साबित की जा सकती है, पेष करने के लिये या उनमें अभिलिखित किये गये विषयों, संव्यवहारों

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

तथा लेखाओं को साबित करने के लिये साक्षी के रूप में उपसंजात होने के लिये न्यायालय के, या मध्यस्थ के आदेष, जो कि विषेष कारण से किया गया हो, के अधीन ही विवष किया जाएगा अन्यथा नहीं.

सोसाइटी सदस्यों को पास–बुक देगी.

34–क (1) कोई सोसाइटी जो अपने सदस्यों को उधार देती है या कोई सोसाइटी या सोसाइटियों का कोई वर्ग जिसे राज्य सरकार समय–समय पर राजपत्र में अधिसूचित करे, अपने प्रत्येक सदस्य को एक पास–बुक देगी जिसमें सदस्य के साथ हुए संव्यवहारों का लेखा जैसे कि संव्यवहार की तारीख, दिए गए उधार की रकम, ब्याज की दर, सदस्य द्वारा किया गया प्रतिसंदाय, शोध्य मूल तथा ब्याज की रकम और ऐसी अन्य विषिष्टियां जैसी की विहित की जाएं अंतर्विष्ट होगा. पासबुक में समय –समय पर आवष्यक प्रविष्टियां की जाएंगी, जिन पर सोसाइटी के ऐसे पदधारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे जिसे समिति इस निमित्त प्राधिकृत करे. इस प्रयोजन के लिए, सदस्य इस बात के लिए बाध्य होगा कि ऐसे पदधारी को पासबुक प्रस्तुत करे और यदि पासबुक आवष्यक प्रविष्टियां करने के लिए कुछ समय तक रखी जाने के लिए अपेक्षित है, तो सदस्य को ऐसे पदधारी द्वारा उसकी एक रसीद प्रदान की जाएगी.

(2) पासबुक में सम्यकरूपेण की गई प्रविष्टियां, जब तक कि प्रतिकूल साबित नहीं कर दिया जाता है, सदस्य और सोसाइटी के बीच संव्यवहारों के लेखाओं का प्रथम दृष्टया साक्ष्य होंगी.

लिखतों के अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण से छूट.

35 भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (क्र. 16 सन् 1908) की धारा 17 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) तथा (ग) में की कोई भी बात,–

(क) किसी सोसाइटी के अंषों से संबंधित किसी लिखत को लागू नहीं होगी भले ही उस सोसाइटी की आस्तियां पूर्णतः या भागतः स्थावर संपत्ति से मिलकर बनी हो; या

(ख) ऐसी सोसाइटी द्वारा जारी किए गए ऐसे डिबेन्चरों पर लागू नहीं होगी जो स्थावर संपत्ति पर या ऐसी संपत्ति में कोई अधिकार, हक या हित सृजित, घोषित, समनुदेषित, परिसीमित या निर्वाचित नहीं करते हैं, उस सीमा तक के सिवाय, जहां तक कि वे धारक को उस प्रतिभूति के लिए हकदार बनाते हैं जो कि किसी ऐसी रजिस्ट्रीकृत लिखत द्वारा की गई है जिसके द्वारा

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

उस सोसाइटी ने अपनी संपूर्ण स्थावर संपत्ति या उसका कोई भाग या उसमें का कोई हित ऐसे डिबेन्चरों के धारकों के फायदे के लिये न्यासियों को न्यास पर बन्धक कर दिया है, हस्तान्तरित कर दिया है या अन्यथा अन्तरित कर दिया है; या

(ग) किसी ऐसी सोसाइटी द्वारा जारी किये गये किसी डिबेन्चर पर के किसी पृष्ठांकन को या उसके अन्तरण को लागू नहीं होगी; या

(घ) किसी ऐसी घोषणा को, जो भूमि पर धारा 41 के अधीन कोई भार सृजित करने के हेतु किसी सदस्य द्वारा किसी सोसाइटी के पक्ष में की गई हो, तथा उसके ऐसे समनुदेषन को, जो कि उक्त सोसाइटी द्वारा उस वित्तदायी बैंक या संघीय सोसाइटी के, जिससे कि वह संबद्ध हो, पक्ष में किया गया हो, तथा ऐसे और समनुदेषन को, जो ऐसे वित्तदायी बैंक या ऐसी संघीय सोसाइटी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित या किसी अन्य संघीय सोसाइटी द्वारा छत्तीसगढ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित या किसी अन्य संघीय सोसाइटी के पक्ष में किया गया हो, लागू नहीं होगी.

स्पष्टीकरण :– इस धारा के प्रयोजनों के लिए वित्तदायी बैंक के अंतर्गत रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, बैंकिंग कम्पनीज (एक्वीजीषन एण्ड ट्रांसफर ऑफ अण्डरटेकिंग्स) एक्ट, 1970 (क्र. 5 सन् 1970) की प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट तत्स्थानी नया बैंक तथा ऐसा अन्य बैंक जिसे राज्य सरकार, समय–समय पर, अधिसूचना द्वारा, इस संबंध में विनिर्दिष्ट करें, आते हैं.

उधार लेना. 36 कोई सोसाइटी राज्य सरकार, राज्य में कार्य कर रहे किसी विधि के अधीन बैंक, वित्तीय निकायों, निगमित निकायों और व्यक्तियों से, सोसाइटी की उपविधियों के अधीन निक्षेप और उधार प्राप्त कर सकेगी. वह नाममात्र की सदस्यता प्रदान करके विषिष्ट करार या अनुमोदित परियोजना के अधीन अंषपूंजी के रूप में निधि भी प्राप्त कर सकेगी.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

उधारों के दिये जाने पर निर्बन्धन.

37 (1) कोई भी सोसाइटी,–

(क) किसी ऐसे व्यक्ति को, जो सदस्य न हो;

(ख) किसी सदस्य को उसके स्वयं के अंषों की प्रतिभूति पर;

(ग) किसी सदस्य को किसी सदस्येतर व्यक्ति की प्रतिभूति पर उधार नही देगीः

परन्तु सोसाइटी, अपनी उपविधियों में उपबंधित किए गए अनुसार किसी अन्य सोसाइटी और/या नाममात्र के सदस्य को उधार दे सकेगी.

(1–क) अपने ऐसे सदस्यों को, जिन्हें कि छत्तीसगढ़ लेण्ड रेवेन्यू कोड, 1959 (क्र. 20 सन् 1959) की धारा 114–ए के अधीन विहित की गई "भू अधिकार एवं ऋण–पुस्तिका" दी गई हो, उधार देने वाली सोसाइटी उधारों, अग्रिमों तथा उनकी वसूली के समस्त संव्यवहार पूर्वोक्त भू–अधिकार एवं ऋण–पुस्तिका में दर्ज करेगी.

(1–ख) इस अधिनियम में, उसके अधीन बनाये गये नियमों में तथा सोसाइटियों की उपविधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उस दषा में जब कि सोसाइटी के सदस्यों को दिये गये किसी उधार या अग्रिम की प्रविष्टि की जाने से छूट गई हो, यह उपधारणा की जायेगी कि कोई भी ऐसा उधार या अग्रिम नही दिया गया है परन्तु यह उपधारणा तब नही की जायगी जबकि सोसाइटी द्वारा अन्यथा साबित कर दिया जाय;

(2) उपधारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, कोई सोसाइटी किसी निक्षेपकर्ता को उसके निक्षेप की प्रतिभूति पर उधार दे सकेगी.

(3) रजिस्ट्रार, साधारण या विषेष आदेष द्वारा, किसी सोसाइटी या सोसाइटियों के वर्ग द्वारा जंगम संपत्ति की प्रतिभूति पर या स्थावर संपत्ति के बंधक पर धन के उधार दिये जाने को प्रतिबिद्ध या निर्बन्धित कर सकेगा.

(4) यदि किसी सोसाइटी का कोई ऐसा अधिकारी या कर्मचारी, जिसे कि उधारों, अग्रिमों तथा उनकी वसूली की प्रविष्टि उपधारा (1–क) में निर्दिष्ट की गई "भू–अधिकार एवं ऋण–पुस्तिका" में करने का कार्य सौंपा गया हो, उक्त पुस्तिका में ऐसी प्रविष्टि करने से चूक जाय तो रजिस्ट्रार, आदेष द्वारा, उस पर पांच सौ रूपये से अनधिक किसी रकम की शास्ति अधिरोपित कर सकेगा. शास्ति अधिरोपित करने वाला आदेष धारा 85 के उपबन्धों के अनुसार प्रवर्तित किया जायेगा.

COURT BOOK
EMPOWERING YOU WITH LEGAL CLARITY

सोसाइटी मूल से अधिक ब्याज वसूल या प्राप्त नहीं करेगी

37—क तत्समय प्रवृत्त किसी करार या किसी विधि में अंतर्विष्टि किसी बात के होते हुए भी, कोई भी सोसाइटी किसी ऐसे उधार के संबंध में, जो उसके द्वारा किसी सदस्य जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के या 5 एकड़ सिंचित या 10 एकड़ असिंचित भूमि का स्वामित्व रखने वाले किसी अन्य सदस्य को चाहे छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (द्वितीय संषोधन), अधिनियम 1979 के प्रारंभ होने के पूर्व या उसके पश्चात् दिया गया हो और जो उसके दिए जाने की तारीख से दस वर्ष से अनधिक कालावधि के भीतर प्रतिसंदेय हो, उस दौरान, जब कि ऐसा उधार चालू रहे, कोई भी ऐसी राषि जो मूल से अधिक हो, उस पर (मूल पर) ब्याज के लेखे प्रभारित नहीं करेगी, वसूल नहीं करेगी या प्राप्त नहीं करेगी और मूल से अधिक प्रभारित की गई, वसूल की गई या प्राप्त की गई कोई भी राषि, यदि उधार शेष रह गया हो तो वह मूल के प्रतिसंदाय के लेखे उसका पूरी तरह से प्रतिसंदाय होने तक समायोजित की जाएगी और किसी अन्य दषा में वह राषि ऋणी सदस्य को उस तारीख से साठ दिन के भीतर वापस कर दी जाएगी, जिसको कि ब्याज के लेखे किया गया संदाय पूर्वोक्त सीमा से अधिक हो जाए :

परन्तु इस धारा की कोई भी बात किसी विकास बैंक या किसी नगरीय सहकारी बैंक द्वारा दिए गए उधारों को लागू नहीं होगी।

सदस्येतर व्यक्तियों के साथ अन्य संव्यवहारों पर निर्बन्धन.

38 धारा 36 तथा 37 में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी सोसाइटी के वे संव्यवहार, जो सदस्यों से भिन्न व्यक्तियों के साथ किये जायें, ऐसे निर्बन्धनों के, यदि कोई हों, अध्यधीन रहते हुए होंगे जैसे कि विहित किये जायें.

सदस्यों के अंष या हित की बाबत भार एवं गुजराई.

39 किसी सोसाइटी का किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य के पूंजी में के अंष या हित पर तथा उसके निक्षेपों पर तथा किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य को देय किसी लाभांष, बोनस या लाभों पर, किसी ऐसे ऋण या बकाया मांग, जो कि ऐसे सदस्य या भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य की ओर से उस सोसाइटी को देय हो, के संबंध में भार होगा और वह किसी भी ऐसी राषि को, जो कि किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य के नामे जमा की गई हो या उसको देय हो, किसी ऐसे ऋण या बकाया मांग के भुगतान में अथवा उसके लेखे मुजरा कर सकेगीः

COURT BOOK

परन्तु किसी वित्तदायी बैंक का किसी ऐसी राषि, जो किसी सोसाइटी द्वारा ऐसे बैंक में आरक्षित निधि के रूप में विनिहित की गई हो, पर उस दषा में कोई भार नहीं होगा जबकि ऐसा बैंक उस सोसाइटी का एकमात्र लेनदार न हो अथवा किसी ऐसी राषि, जो कि ऐसे बैंक में किसी भविष्य निधि से विनिहित की गई हों, पर उसका कोई भार नही होगा और न ऐसा बैंक किसी ऐसी राषि को, जो कि उस सोसाइटी के नामे जमा की गई हो या उसे देय हो, किसी ऐसे ऋण या बकाया मांग के जो कि ऐसी सोसाइटी की ओर से ऐसे बैंक को देय हो, भुगतान में या उसके लेखे मुजरा करने का हकदार ही होगा.

कतिपय आस्तियों पर सोसाइटी का पूर्विक दावा.

40 (1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किन्तु भू–राजस्व के बाबत् या भू–राजस्व के बकाया की भांति वसूली योग्य किसी धन के बाबत राज्य सरकार के किसी पूर्विक दावे के अध्यधीन रहते हुए तथा विकास बैंक के किसी दावे के, जो कि छत्तीसगढ़ सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1999 (क्र. 20 सन् 2000) के अधीन किसी भी समय मंजूर किये गये उधार में से उद्भूत हो, अध्यधीन रहते हुए, किसी भी सदस्य या भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य द्वारा सोसाइटी को देय कोई भी ऋण या शेष निकलने वाली मांग ऐसी फसलों या अन्य जंगम संपत्ति पर, जो कि ऐसे सदस्य, भूतपूर्व सदस्य की हो, या जो मृत सदस्य की सम्पदा का भाग हो, जैसी भी दषा हो, प्रथम भार होगीः

परन्तु जहां राज्य सरकार का कोई पूर्विक दावा लेण्ड इम्प्रूवमेंट लोन्स एक्ट, 1883 (क्र. 19 सन् 1883) या एग्रीकल्चरिस्ट्स् लोन्स एक्ट, 1894 (क्र.12 सन् 1894) के अधीन मंजूर किये गये उधार में से उद्भूत होता है और ऐसा उधार किसी सोसाइटी द्वारा उधार के मंजूर किये जाने के पश्चात् मंजूर किया गया हो, वहां सोसाइटी द्वारा मंजूर किये गये उधार को, उक्त अधिनियमितियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, सरकार के ऐसे दावे पर पूर्विकता प्राप्त होगी.

(2) कोई भी व्यक्ति किसी भी ऐसी संपत्ति को, जो कि उपधारा (1) के अधीन भार के अध्यधीन हो, उस सोसाइटी की, जो कि भार धारण करती हो, लिखित पूर्व अनुज्ञा से ही अन्तरित करेगा अन्यथा नहीं :

COURT BOOK

परन्तु किसी सदस्य या भूतपूर्व सदस्य के लिये यह सदैव विधिपूर्ण होगा कि वह छत्तीसगढ़ सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1999 (क्र. 20 सन् 2000) के अधीन किसी विकास बैंक के पक्ष में, उसके शोध्यों के लिये भार सृजित करें.

(3) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी संपत्ति का कोई भी ऐसा अन्तरण, जो उपधारा (2) के उपबन्धों के उल्लंघन में किया गया हो, सोसाइटी को देय किसी ऐसे ऋण या बकाया मांग जो कि उपधारा (1) के अधीन ऐसी संपत्ति पर प्रथम भार हो, की बाबत सोसाइटी के किसी भी दावे के विरूद्व शून्य होगा.

कतिपय आस्तियों पर सहकारी सोसाइटी का प्रथम भार.

41 (1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किन्तु भू–राजस्व की बाबत या भू–राजस्व की बकाया की भांति वसूली योग्य किसी धन की बाबत राज्य सरकार के किसी पूर्विक दावे के अध्यधीन रहते हुए या किसी विकास बैंक के किसी दावे के, जो कि छत्तीसगढ़ सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1999 (क्र. 20 सन् 2000) के अधीन या छत्तीसगढ़ कृषि उधार प्रवर्तन तथा प्रकीर्ण उपबन्ध (बैंक) अधिनियम, 1972 (क्र. 32 सन् 1973) के अधीन किसी बैंक द्वारा किसी भी समय मंजूर किये गये किसी उधार में से उद्भूत होता हो, अध्यधीन रहते हुए, कोई भी ऋण या बकाया मांग, जो किसी सदस्य या भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य द्वारा सोसाइटी को देय हो,–

(क) उस भूमि पर, जो यथास्थिति ऐसे सदस्य या भूतपूर्व सदस्य के स्वामित्व की हो या मृत सदस्य की संपदा की भाग रूप हो; और

(ख) अभिधारी के रूप में किसी भूमि में के उसके हित पर, यदि ऐसा सदस्य ऐसे हित का स्वामित्व रखता है;

जिसके कि विरूद्ध ऐसा ऋण मंजूर किया गया था ऐसी बकाया मांग विद्यमान है, उस ऋण या बकाया मांग, जो कि उसके द्वारा देय हो, के लिये तथा वैसे ऋण या बकाया मांग की सीमा तक सोसाइटी के पक्ष में प्रथम भार होगीः

परन्तु जहां राज्य सरकार को कोई पूर्विक दावा भूमि विकास उधार अधिनियम, 1883 (क्र.19 सन् 1883) के अधीन मंजूर किये गये उधार में से उद्भूत होता है

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

और ऐसा उधार किसी सोसाइटी द्वारा किसी उधार के मंजूर किये जाने के पश्चात् मंजूर किया गया हो, वहां सोसाइटी द्वारा मंजूर किये गये उधार को अधिनियमिति में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, सरकार के ऐसे दावे पर पूर्विकता प्राप्त होगी.

(2) कोई भी सदस्य ऐसी संपूर्ण भूमि या उसके किसी भाग को या उसमें के हित को, जो कि उपधारा (1) के अधीन भार के अध्यधीन हो, तब तक अन्य संक्रमण नहीं करेगा जब तक कि उस सदस्य द्वारा उधार ली गई, सम्पूर्ण रकम ब्याज सहित पूरी न चुका दी जायः

परन्तु किसी सदस्य या किसी भूतपूर्व सदस्य के लिये यह विधि पूर्ण होगा कि वह ऐसी भूमि या उसके किसी भाग को,—

(एक) किसी विकास बैंक; या

(दो) छत्तीसगढ़ कृषि उधार प्रवर्तन तथा प्रकीर्ण उपबन्ध (बैंक) अधिनियम, 1972 (क्र. 32 सन् 1973) के अधीन किसी बैंक; या

(तीन) राज्य सरकार,

के पक्ष में ऐसी भूमि या उसके भाग को किसी नहर से जल प्रदाय के लिये छत्तीसगढ़ इरिगेषन एक्ट,1931 (क्र. 3 सन् 1931) के अधीन बनाये गये नियमों के अधीन बन्धकित करें.

(3) ऐसा अन्य संक्रामण, जो उपधारा (2) के उपबन्धों के उल्लंघन में किया गया हो, सोसाइटी के किसी भी ऐसे दावे के, जो इस धारा के अधीन उससे (सोसाइटी से) लिये गये उधार के संबंध में हो, विरूद्ध शून्य होगा.

(4) किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य से सोसाइटी को देय ऋण या बकाया मांग के ब्योरों के बारे में लिखित संसूचना विहित रीति में तहसीलदार को दी जायेगी और तहसीलदार ऐसी संसूचना के प्राप्त होने पर उसे अधिकार अभिलेख में दर्ज करवायेगा.

स्थावर संपत्ति का अर्जन तथा व्ययन करने का सोसाइटी का अधिकार.

41—क (1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किसी सोसाइटी को यह शक्ति होगी कि वह स्वयं उस कृषि का या उसमें के हित का या किसी भी स्थावर संपत्ति का, जो कि किसी सदस्य ने किसी ऐसी वित्तीय सहायता के संबंध में, जिसका कि उसके द्वारा उपभोग किया गया हो, सोसाइटी के पक्ष में भारित या बन्धकित कर दी/दिया हो, अर्जन करें, परन्तु यह तब जब कि वह उक्त भूमि का या उसमें के हित का या किसी अन्य स्थावर संपत्ति का विक्रय लोक नीलाम द्वारा किया जाना चाहा गया हो, और किसी भी व्यक्ति ने उसका क्रय उस कीमत पर करने की प्रस्थापना न की हो, जो कि सोसाइटी को उस धन का, जो कि उसे शोध्य हो, भुगतान करने के लिये पर्याप्त होः

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

परन्तु भूमि या संपत्ति के केवल ऐसे भाग का विक्रय किया जायेगा जो कि ऋण और उस पर का ब्याज चुकाने के लिये युक्तियुक्त रूप से पर्याप्त हो.

(2) कोई सोसाइटी, जो उपधारा (1) के अधीन उसमें निहित की गई शक्ति का प्रयोग करते हुए, भूमि या उसमें के हित का या किसी भी अन्य स्थावर संपत्ति का अर्जन करें, उसका व्ययन विक्रय द्वारा ऐसी कालावधि के भीतर कर सकेगी जो कि रजिस्ट्रार द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट की जायेगी.

(3) यदि सोसाइटी को उपधारा (1) के अधीन उसके द्वारा अर्जित की गई कोई भूमि, उपधारा (2) में उपदर्षित किये गये अनुसार उसका विक्रय होने तक के लिये पट्टे पर देनी है, तो पट्टे की कालावधि एक समय में एक वर्ष से अधिक नहीं होगी और पट्टेदार तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किन्हीं प्रतिकूल उपबन्धों के होते हुए भी, उस भूमि या संपत्ति में कोई हित अर्जित नहीं करेगा.

(4) इस धारा के शब्दों में, भूमि का या उसमें के हित का किसी सोसाइटी द्वारा कोई विक्रय तत्समय प्रवृत्त किसी भी अन्य विधि के उन उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए होगा जो कि अकृषकों द्वारा किये जाने वाले भूमि के क्रय पर या उच्चतम सीमा से अधिक भूमि के क्रय पर या भूमि के ऐसे क्रय पर, जिससे कि भूमि के खंड किसी विनिर्दिष्ट सीमा से कम के बनते हों, निर्बन्धन लगाते हों.

(5) इस धारा में की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायगा कि वह सोसाइटी को इस बात के लिये सषक्त करती है कि वह किसी ऐसी आदिवासी जनजाति के, जिसे कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ लैण्ड रेवेन्यू कोड, 1959 (क्र. 20 सन् 1959) की धारा 165 की उपधारा (6) के अधीन अधिसूचना द्वारा आदिवासी जनजाति होना घोषित किया हो, किसी व्यक्ति की किसी भूमि का या उसमें के उसके हित का विक्रय किसी ऐसे व्यक्ति को करे जो कि ऐसी जनजाति का न हो.

(6) छत्तीसगढ़ सीलिंग आन एग्रीकल्चरल होल्डिंग्ज एक्ट, 1960 (क्र. 20 सन् 1960) में की कोई भी बात किसी ऐसी सोसाइटी को लागू नहीं होगी जो उपधारा (1) के अधीन भूमि का अर्जन करती हो और ऐसी भूमि को उस समय तक धारण किये रहती हो जब तक कि वह सोसाइटी उस भूमि को इस धारा में उपबंधित की गई रीति में या अन्यथा ऐसी कीमत पर जो कि उसके शोध्यों के चुकारे के लिये पर्याप्त हो, बेचने की स्थिति में न हों.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

कतिपय दषाओं में सोसाइटी के दावे की पूर्ति करने के लिये वेतन में से कटौती.

42 (1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी किसी सोसाइटी का कोई भी सदस्य ऐसी सोसाइटी के पक्ष में एक ऐसा करार निष्पादित कर सकेगा जिसमें यह उपबंध होगा कि उसका नियोजक इस बात के लिये सक्षम होगा कि वह उस वेतन या मजदूरी में से जो कि ऐसे नियोजक द्वारा उसे देय हो, उतनी रकम की कटौती कर ले जो कि उस करार में विनिर्दिष्ट की जाय, और इस प्रकार काटी गई रकम का उस सोसाइटी को भुगतान किसी ऐसे ऋण या मांग की तुष्टि के रूप में कर दे जो कि उस सदस्य की ओर से उस सोसाइटी को देय हो.

(2) ऐसे करार का निष्पादन कर दिया जाने पर, यह आवष्यक नहीं होगा कि वह ऋण या दावा किसी प्राधिकारी द्वारा न्यायनिर्णित कराया जाय, तथा नियोजक, यदि सोसाइटी द्वारा लिखित अध्यपेक्षा द्वारा ऐसी अपेक्षा की गई हो और जब तक कि सोसाइटी यह प्रज्ञापित न करे कि ऐसे संपूर्ण ऋण या मांग का भुगतान कर दिया गया है, उस करार के अनुसार कटौती करेगा और इस प्रकार काटी गई रकम सोसाइटी को संदत्त करेगा मानों कि वह रकम मजदूरी संदाय अधिनियम, 1936 (क्र. 4 सन् 1936) के अधीन अपेक्षित किये गये अनुसार उस दिन देय वेतन या मजदूरी का भाग हो.

(3) यदि, उपधारा (2) के अधीन की गई अध्यपेक्षा के प्राप्त हो जाने के पश्चात् नियोजक, किसी भी समय अध्यपेक्षा में विनिर्दिष्ट रकम की, कटौती संबंधित सदस्यों को देय वेतन या मजदूरी में से नहीं करता है, या काटी गई रकम उस सोसाइटी को विप्रेषित करने में व्यतिक्रम करता है तो वह सोसाइटी ऐसी रकम नियोजक से भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूल करने की हकदार होगी और उस रकम को, जो कि नियोजक से इस प्रकार शोध्य है, नियोजक के दायित्व के संबंध में वही पूर्विकता प्राप्त होगी जो कि बकाया मजदूरी को प्राप्त होती है.

(4) इस धारा के उपबंध उपधारा (1) में निर्दिष्ट किये गये प्रकार के उन समस्त करारों को भी लागू होंगे जो कि इस अधिनियम के प्रारंभ होने की तारीख से प्रवृत्त थे.

(5) इस धारा में अन्तर्विष्ट कोई भी बात रेल्वे, खानों तथा तेल क्षेत्रों में नियोजित व्यक्तियों को लागू नहीं होगी.

(6) इस धारा के प्रयोजनों के लिये, आहरण तथा संवितरक अधिकारी को किसी सरकारी सेवक के संबंध में नियोजक समझा जायगा.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

निधियां तथा लाभ.

43 (1) किसी सोसाइटी की ऐसी निधियों का, जो शुद्व लाभों से भिन्न हो, कोई भी भाग उसके सदस्यों को बोनस या लाभांष के रूप में संदत्त नहीं किया जायगा और न उसके सदस्यों में उसका अन्यथा वितरण ही किया जायगाः

परन्तु किसी सदस्य को, किन्हीं ऐसी सेवाओं, जो कि उसके द्वारा सोसाइटी के लिये की गई हों, के लिये पारिश्रमिक का भुगतान ऐसे मापमान से किया जा सकेगा जो कि उपविधियों द्वारा अधिकथित किया जाय.

(2) कोई सोसाइटी किसी वर्ष के अपने शुद्व लाभों में से,–

(क) यदि रजिस्ट्रार ने, साधारण या विषेष आदेष द्वारा, सोसाइटी को इस निमित्त भागतः या पूर्णतः छूट न दे दी हो तो ऐसी रकम आरक्षित निधियों में अन्तरित करेगी जो ऐसे लाभों के पच्चीस प्रतिषत से कम न हो;

(ख) छत्तीसगढ़ सहकारी संघ मर्यादित को तथा ऐसी अन्य संस्थाओं या संघों को, जो कि रजिस्ट्रार द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट किये जायें, ऐसे अभिदाय का भुगतान करेगी जो कि विहित किया जाय; और

(ग) ऐसी सोसाइटी, जिसमें सरकार की साधारण अंषपूंजी की भागीदारी है साधारण अंषपूंजी मोचन निधि में कम से कम बीस प्रतिषत राषि अंतरित करेगी.

(3) कोई भी सोसाइटी रजिस्ट्रार के पूर्व अनुमोदन के बिना अपने सदस्यों को पच्चीस प्रतिषत से अधिक की दर से लाभांष नहीं देगी.

(4) कोई भी सोसाइटी, रजिस्ट्रार की मंजूरी से, किसी वर्ष के शुद्ध लाभ का एक–चौथाई भाग आरक्षित निधि में रख दिया जाने के पश्चात् अवषिष्ट शुद्ध लाभों के पांच प्रतिषत से अनधिक भाग का अभिदाय किसी भी ऐसे प्रयोजन के लिये कर सकेगी जो कि सहकारिता आन्दोलन के विकास से संबंधित हो या पूर्त विन्यास अधिनियम, 1890 (क्र. 6 सन् 1890) की धारा 2 में यथापरिभाषित, पूर्त प्रयोजन से संबंधित हो.

(5) कोई भी सोसाइटी किसी ऐसे संगठन में जिसका उद्देष्य किसी राजनैतिक दल या किसी धार्मिक आस्था को अग्रसर करना है न तो प्रत्यक्षतः और न अप्रत्यक्षतः धन के या वस्तु के रूप में अभिदाय करेगी.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

लाभों का विनियोजन.

43—क (1) लाभ अर्जित करने वाली कोई सोसाइटी वर्ष के सकल लाभों में से निम्नलिखित की कटौती करके शुद्व लाभ की संगणना करेगीः—

(क) उधार लेखाओं पर प्रोद्भूत समस्त अतिषोध्य ब्याज;
(ख) प्रबंध प्रभार;
(ग) उधारों (लोन्स) तथा निक्षेपों पर देय ब्याज;
(घ) संपरीक्षा (आडिट) फीस;
(ड) कामकाज संबंधी खर्चे जिसके अंतर्गत है मरम्मत, भाटक, कर;
(च) अवक्षयण;
(छ) बोनस संदाय अधिनियम, 1965 (क्र. 21 सन् 1965) के अधीन कर्मचारियों को देय बोनस;
(ज) आयकर के संदाय के लिये प्रावधान;
(झ) राज्य/जिला सहकारी संघ, जो कि अधिसूचित किया जाय, को अभिदाय के भुगतान के लिये प्रावधान;
(त्र) विकास निधि, डूबंत ऋण निधि, मूल्य उतार—चढ़ाव निधि, लाभांष समानीकरण निधि, विनिधान उतार—चढ़ाव निधि और ऐसी अन्य निधियों के लिये प्रावधान जो कि रजिस्ट्रार द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट की जाये;
(ट) कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति प्रसुविधाओं के लिये प्रावधान और उन सोसाइटियों की दषा में, जो उपभोक्ता माल का कारबार करती है, सदस्य को संदत्त किये जाने वाले क्रय रिबेट के लिये प्रावधान; और
(ठ) डूबत ऋण को और ऐसी हानियों को जो लाभों में से सृजित किसी भी निधि के प्रति समायोजित नहीं किये गये है, बट्टे खाते डाले जाने के लिये प्रावधान.

(2) तथापि, कोई भी सोसाइटी वर्ष के कुल लाभों से उस ब्याज को जोड़ सकेगी जो पूर्ववर्ती वर्षों में प्रोद्भूत हुआ है किन्तु वर्ष के दौरान वास्तव में वसूल किया गया है. इस प्रकार निकाले गये शुद्ध लाभ पूर्व वर्ष से आगे ले गये लाभों की रकम सहित धारा 43 के प्रयोजनों के लिये विनियोजित किये जाने हेतु उपलब्ध रहेंगे

घाटे के लिए दायित्व.

43—ख (1) जहां किसी सोसाइटी को किसी वर्ष में परिचालन घाटा होता है, वहां समिति उसके कारणों को साधारण निकाय के समक्ष प्रस्तुत करेगी.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(2) साधारण निकाय, जहां सोसाइटी के कारबार के सामान्य अनुक्रम में घाटा हुआ है वहां उसके कारणों का परीक्षण करेगा और साधारण निकाय अपने परीक्षण के आधार पर परिचालन घाटे को उसके सदस्यों से और या आरक्षितियों से पूर्णतः या भागतः पूरा करने हेतु संकल्प कर सकेगा.

निधियों का विनियोजन.

44 (1) उपधारा (2) तथा (3) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, कोई सोसाइटी अपनी निधियों को,–

(क) सरकारी, बचत बैंकों में; या

(क–क) किसी सहकारी बैंक में; या

(ख) भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 (क्र. 2 सन 1882) की धारा 20 में विनिर्दिष्ट की गई प्रतिभूतियों में से किसी प्रतिभूति में; या

(ग) उस संघीय सोसाइटी, जिसकी कि वह सदस्य हो, के पास या उसके अंषों के क्रय में; या

(घ) रजिस्ट्रार के अनुमोदन से, परिसीमित दायित्व वाली किसी अन्य सोसाइटी के पास या उसके अंषों या प्रतिभूतियों या डिबेन्चरों के क्रय में; या वाली किसी अन्य सोसाइटी के पास या उसके अंषों या प्रतिभूतियों या डिबेचरों के क्रय में; या

(ड) किसी ऐसे बैंक के पास, जो इस प्रयोजन के लिये रजिस्ट्रार के द्वारा अनुमोदित किया गया हो, और ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, यदि कोई हों, जो उसके द्वारा इस निमित्त अधिकथित की जाएं;

विनिहित या निक्षिप्त कर सकेगी;

परन्तु खण्ड (घ) के अधीन रजिस्ट्रार का अनुमोदन उस दषा में आवष्यक नहीं होगा जबकि ऐसी सोसाइटी का सदस्य होने के लिये ऐसी सोसाइटी की उपविधियों के अनुसार अंषों का क्रय किया जाना हो.

(2) सोसाइटी की आरक्षित निधि का विनिधान या उपयोग केवल ऐसी रीति में और ऐसे निबन्धनों तथा शर्तों पर किया जायगा जैसी कि रजिस्ट्रार द्वारा इस संबंध में अधिकथित की जायं.

(3) गृह निर्माण सोसाइटी से भिन्न किसी सोसाइटी द्वारा विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए सृजित निधियों से भिन्न अपनी निधियों में से किसी निधि का स्थावर संपत्ति में विनिधान, रजिस्ट्रार के अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा.

(4) निक्षेप प्रतिग्रहित करने वाली कोई सोसाइटी, ऐसे निक्षेपों की रक्षा राषि के रूप में संपरिवर्ती संसाधनों को ऐसी सीमा तक तथा ऐसी रीति में बनाये रखेगी जैसा कि रजिस्ट्रार द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट किया जायें.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

सोसाइटियों को राज्य सहायता का मंजूर किया जाना.

45 (1) कोई ऐसी सोसाइटी, जो अंषपूंजी के प्रति अभिदाय से भिन्न किसी रूप में राज्य सहायता प्राप्त करना चाहती हो, ऐसी राज्य सहायता चाहने के लिये कारण कथित करते हुए रजिस्ट्रार को आवेदन कर सकेगी.

(2) उपधारा (1) के अधीन कोई आवेदन प्राप्त होने पर या अन्यथा, रजिस्ट्रार, यदि उसका यह समाधान हो जाये कि ऐसी सहायता उस सोसाइटी के हित में आवष्यक है, ऐसी सहायता मंजूर की जाने के लिये राज्य सरकार को सिफारिष कर सकेगा. राज्य सरकार तदुपरि उस सोसाइटी को ऐसी सहायता, जैसी कि वह ठीक समझे, ऐसे निबन्धनों तथा शर्तों पर मंजूर कर सकेगी जैसी कि विहित की जाय.

कर्मचारियों की भविष्य निधि.

46 (1) कोई सोसाइटी अपने कर्मचारियों के फायदे के लिये एक अभिदायी भविष्य निधि की स्थापना कर सकेगी जिसमें ऐसे समस्त अभिदाय जमा किये जायेंगे जो कि उस सोसाइटी की उपविधियों के अनुसार कर्मचारियों तथा सोसाइटी द्वारा किये गये हों.

(2) किसी सोसाइटी द्वारा उपधारा (1) के अधीन स्थापित की गई अभिदायी भविष्य निधि,–

(क) उस सोसाइटी के कारबार के उपयोग में नहीं लाई जायेगी;

(ख) उस सोसाइटी की आस्तियों का भागरूप नही होंगी;

(ग) कुर्क किये जाने के दायित्वाधीन नहीं होगी या किसी न्यायालय या अन्य प्राधिकारी की किसी अन्य आदेषिका के अध्यधीन नहीं होगी; और

(घ) ऐसी रीति में प्रषासित की जायगी जैसी कि विहित की जाय.

संघीय सोसाइटी से संबद्ध किये जाने के निदेष देने की शक्ति.

47 राज्य सरकार, साधारण या विषेष आदेष द्वारा, यह निदेष दे सकेगी कि किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र के भीतर स्थित समस्त सोसाइटियां या उनमें से कोई सोसाइटी छत्तीसगढ़ सहकारी संघ से या किसी जिला सहकारी संघ से या किसी अन्य संघ से ऐसी रीति में तथा ऐसी शर्तों पर संबद्ध की जाय जैसी कि राज्य सरकार विनिर्दिष्ट करे.

शीर्ष सोसाइटी.

47–क (1) शीर्ष सोसाइटी अपने संघटकों की सेवा के लिए और अपनी उपविधियों के अनुसार निम्नलिखित कृत्यों का पालन कर सकेगी:–

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(क) सहकारी सिद्धान्तों का पालन हो, इसके सुरक्षा उपाय करना;

(ख) सहकारी सोसाइटियों को संप्रवर्तित करना और इस प्रयोजन के लिए आदर्ष उपविधियां विरचित करना और सोसाइटियों के विचारण हेतु विभिन्न विनियम और नितियां बनाने के लिए मार्गदर्षक सिद्धान्त बनाना;

(ग) सहकारिता के प्रषिक्षण, षिक्षण और जानकारी की व्यवस्था करना और सहकारी सिद्धान्तों का प्रचार करना;

(घ) अनुसंधान और मूल्यांकन करना तथा सदस्य सोसाइटियों के लिए भावी विकास योजनाओं को तैयार करने में सहायता करना;

(ड) सदस्य सोसाइटियों के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंध विकसित करना;

(च) सदस्य सोसाइटियों के बीच आपस में के तथा सोसाइटी और उसके सदस्यों के बीच के विवादों को निपटाने में सहायता करना;

(छ) सदस्य सोसाइटियों के हितों का प्रतिनिधित्व करना और सोसाइटियों के अनुकूल नीतियों और विधान के लिए अभिमत प्राप्त करने के प्रयास करना;

(ज) अपने सदस्यों की ओर से कारबारी सेवाएं हाथ में लेना;

(झ) बोर्ड के सम्मिलनों में, जिनमें सदस्य सोसाइटियां आमंत्रित की जाती हैं, में भाग लेने के साथ ही सदस्य सोसाइटियों को सहयोग एवं प्रबंधकीय विकास संबंधी सेवाएं प्रदान करना;

(त्र) सदस्य सोसाइटियों में यथासमय वार्षिक संपरीक्षा का संचालन सुनिष्चित करना;

(ट) सदस्य सोसाइटियों के यथासमय निर्वाचन का संचालन सुनिष्चित करना;

(ठ) सदस्य सोसाइटियों के साधारण सम्मिलनों के नियमित संचालन हेतु सहायता करना;

(ड) सदस्य सोसाइटियों के पालन हेतु आचार संहिता विकसित करना;

(ढ) सदस्य सोसाइटियों की सक्षमता के मापदण्ड विकसित करना;

(ण) सदस्य सोसाइटियों को विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान करना;

(त) सदस्य सोसाइटियों के हित में कोई भी अन्य सेवा प्रदान करना.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

पांचवा अध्याय
सोसाइटियों का प्रबन्ध

सोसाइटी में अंतिम प्राधिकार.

48. (1) किसी सोसाइटी में का अंतिम प्राधिकार सदस्यों के साधारण निकाय में निहित होगा

(परन्तु साधारण निकाय की शक्तियों का या उन शक्तियों का प्रयोग करने के लिए जो कि सोसाइटी की उपविधियों में विनिर्दिष्ट की जाए किसी सोसाइटी की उपविधियों में एक ऐसे छोटे निकाय के गठन के लिए उपबन्ध हो सकेगा जिसमें ऐसी उपविधियों के अनुसार निर्वाचित किए गए प्रत्यायुक्त होंगे)

(2) उपधारा (1) के अध्यधीन रहते हुए प्रत्येक सोयाइटी का प्रबंध इस अधिनियम के या उसके अधीन बनाये गये नियमों के या सोसाइटी की उपविधियों के अनुसार गठित की गई समिति में निहित होगा तथा वह समिति ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगी तथा ऐसे कर्त्तव्यों का पालन करेगी, जो कि इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों या सोसाइटी की उपविधियों द्वारा क्रमशः उसे प्रदत्त की जाए या उस पर अधिरोपित किये जाएं।

(3) **सहकारी सोसाइटी के बोर्ड में उनके सदस्यों में से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के स्थान का आरक्षण उनकी सदस्यता के अनुपात में किया जाएगाः**

परंतु यह कि ऐसा आरक्षण बोर्ड की कुल सदस्यता के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगाः

परंतु यह और कि एक स्थान (सीट) अनुसूचित जातियों या अनसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित रहेगी।''

(4) **---विलोपित--**

(5) संसाधन सोसाइटी में एक अध्यक्ष/ सभापति और दो उपाध्यक्ष/उपसभापति होगें। उपाध्यक्षों/उपसभापतियों के दो पदों में से --

(एक) एक पद स्त्री सदस्य द्वारा धारित किया जाएगा और

(दो) एक पद, यदि अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्ग से निर्वाचित न हो, तो इनमें से किसी वर्ग के व्यक्ति द्वारा और अन्यथा किसी भी वर्ग के व्यक्ति द्वारा

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

धारित किया जाएगाः

परन्तु अनुसूचित क्षेत्र में संचालित नागरिक सहकारी बैंक या नगरीय सहकारी साख सोसाइटी या बचत सोसाइटी से भिन्न ऐसी संसाधन सोसाइटी की दशा में अध्यक्ष या सभापति का निर्वाचन केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों में से किया जाएगा।

स्पष्टीकरण :– इस धारा के प्रयोजन के लिये –

(एक) ''अनुसूचित जाति'' से अभिप्रेत है, कोई जाति, मूलवंष या जनजाति या किसी जाति, मूलवंष या जनजाति का भाग या उसमें का यूथ, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में उस रूप में विनिर्दिष्ट हैः

(दो) ''अनुसूचित जनजाति'' से अभिप्रेत है, कोई जनजाति, जनजाति समुदाय या किसी जनजाति, जनजाति समुदाय या किसी जनजाति या जनजाति समुदाय का भाग या उसमें का यूथ जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में उस रूप में विनिर्दिष्ट है।

5–क उपभोक्ता सोसायटी में एक अध्यक्ष या सभापति और एक उपाध्यक्ष या उपसभापति होगा जिसमें से एक महिला होगी।

(6) कोई भी व्यक्ति जो किसी केन्द्रीय सहकारी बैंक में वैयक्तिक सदस्य है, केन्द्रीय या शीर्ष सोसाइटी में कोई भी विनिर्दिष्ट पद धारण नहीं करेगा।

(7) **(क) सदस्य जो बिना किसी उचित कारण के लगातार तीन सभाओं में जानबूझकर अपने आपको अनुपस्थित रखता है और जो उसको सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान के पश्चात् प्रमाणित हो गया है, बोर्ड के सदस्य के रूप में कार्य करने से परिविरत हो जायेगा और सभी पारिणामिक लाभों से वंचित हो जायेगा।''**

(ख) किसी सहकारी सोसाइटी में, कोई भी सदस्य, बोर्ड के सदस्य के रूप में, प्रत्यायुक्त या प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचन के लिए अर्हित नहीं होगा और न ही ऐसी सहकारी सोसाइटी के प्रत्यायुक्त या प्रतिनिधि को, बोर्ड के किसी

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

निर्वाचन में मत देने का अधिकार होगा, जब तक कि वह ऐसी सहकारी सोसाइटी द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के न्यूनतम् स्तर जैसा कि रजिस्ट्रार द्वारा सभी प्रकार की सोसाइटियों के लिए इस संबंध में समय–समय पर विहित किया जाए, का उपभोग नहीं कर लिया हो।''

(8) इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गये नियमों और सहकारी सोसाइटी की उपविधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी बोर्ड के सदस्यों की कुल संख्या, इक्कीस से अधिक नहीं होंगी, जिनमें से दो महिलायें होंगीः

परन्तु इस धारा की उप–धारा (9) के उपबंधों के अधीन नियुक्त सहयोजित विशेषज्ञ सदस्य एवं पदेन सदस्य और धारा 52 की उप–धारा (1) के उपबंधों के अधीन नियुक्त शासकीय नामिती और कार्यकारी संचालकों को बोर्ड के ऐसे इक्कीस सदस्यों की गणना के प्रयोजन के लिए अपवर्जित किया जाएगा।

(9) इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गये नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, बोर्ड उन व्यक्तियों को बोर्ड के सदस्य के रूप में सहयोजित करेगा जिन्हें ऐसी सहकारी सोसाइटी के सदस्य के रूप में बैंकिंग, प्रबंधन, वित्त के क्षेत्र में अनुभव हो अथवा ऐसे अन्य क्षेत्र में विशेषज्ञता हो जो ऐसी सहकारी सोसाइटी द्वारा किए जा रहे उद्देश्यों और क्रियाकलाप से संबंधित होः

परंतु ऐसे सहयोजित सदस्यों की संख्या इस धारा की उप–धारा (8) में विनिर्दिष्ट इक्कीस सदस्यों के अतिरिक्त दो से अधिक नहीं होगीः

परंतु यह और कि ऐसे

COURT BOOK

सहयोजित सदस्य सहकारी सोसाइटी के किसी निर्वाचन में ऐसे सदस्य की हैसियत से मतदान करने के हकदार नहीं होंगे और न ही बोर्ड के पदाधिकारियों के रूप में निर्वाचित होने के लिए पात्र होगें।''

विनिर्दिष्ट पद धारण करने के लिए निरर्हताएं.

48–क (1) कोई भी व्यक्ति एक ही समय में एक से अधिक शीर्ष सोसाइटियों का, एक से अधिक केन्द्रीय सोसायटियों का तथा एक से अधिक प्राथमिक सोसायटियों का विनिर्दिष्ट पद धारण नही करेगाः

परंतु इस उपधारा के उपबंध एक ही वर्गीकरण वाले सोसायटियों पर लागू होगें.

(2) यदि कोई व्यक्ति, जो एक शीर्ष सोसाइटी, एक केन्द्रीय सोसाइटी तथा एक प्राथमिक सोसाइटी में कोई विनिर्दिष्ट पद धारण कर रहा है, किसी अन्य शीर्ष सोसाइटी या केन्द्रीय सोसाइटी या प्राथमिक सोसाइटी के ऐसे विनिर्दिष्ट पद पर निर्वाचित या नियुक्त हो जाता है, तो वह लिखित पत्र द्वारा जो उसके द्वारा हस्ताक्षरित और रजिस्ट्रार को संबोधित होगा, किसी विनिर्दिष्ट पद पर, अपने निर्वाचित या नियुक्त हो जाने की तारीख से एक मास की कालावधि के भीतर, यथा स्थिति एक शीर्ष सोसाइटी तथा या एक केन्द्रीय सोसाइटी तथा या एक प्राथमिक सोसाइटी के सिवाय ऐसी अन्य सभी शीर्ष सोसाइटियों, केन्द्रीय सोसाइटियों तथा प्राथमिक सोसाइटियों के विनिर्दिष्ट पद से त्याग पत्र दे सकेगा.

(3) यदि उपधारा (2) के अधीन त्यागपत्र देने के लिये अपेक्षित कोई व्यक्ति, उस उपधारा में विनिर्दिष्ट की गई कालावधि के भीतर त्यागपत्र देने में असफल रहता है, तो ऐसी कालावधि का अवसान हो जाने पर उसके संबंध में यह समझा जाएगा कि उसने यथास्थिति एक शीर्ष या केन्द्रीय या प्राथमिक सोसाइटी, जिसमें वह ऐसे पश्चात्वर्ती निर्वाचन या नियुक्ति के पूर्व पहले से ही विनिर्दिष्ट पद धारण किए हुए था, के सिवाय अन्य सभी शीर्ष या केन्द्रीय सोसाइटियों या प्राथमिक सोसाइटियों के विनिर्दिष्ट पद से त्यागपत्र दे दिया है.

प्रतिनिधि एवं प्रत्यायुक्त.

48–ख (1) प्रत्येक सोसाइटी की समिति, सभापति या उपसभापति के निर्वाचन के समय ऐसे प्रतिनिधि को भी निर्वाचित करेगी जो उसका प्रतिनिधित्व अन्य सोसाइटियों में करेंगे और समिति द्वारा ऐसे निर्वाचित प्रतिनिधि को तब तक वापस नहीं बुलाया जाएगा, जब तक कि समिति का आगामी चुनाव नहीं हो जाता है;.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(2) (क) किसी सोसाइटी में जहां सदस्यों की कुल संख्या के कम से कम आधे सदस्य अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के हैं, वहां ऐसा प्रतिनिधि केवल ऐसी जातियों या जनजातियों के सदस्यों में से होगा; और

(ख) किसी सोसाइटी में जहां सदस्यों की कुल संख्या के कम से कम दो तिहाई सदस्य अन्य पिछड़े वर्गों के है, वहां ऐसा प्रतिनिधि ऐसे वर्गों के सदस्यों में से होगा.

(3) यदि किसी सोसाइटी की उपविधियों में उसके साधारण निकाय का गठन प्रत्यायुक्तों के निर्वाचन द्वारा किए जाने का उपबन्ध है, तो वह सोसाइटी साधारण निकाय में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्यों के लिए स्थानों का आरक्षण ऐसी रीति से करेगी कि प्रत्येक प्रवर्ग के लिए इस प्रकार आरक्षित स्थान, जहां तक संभव हो, उसी अनुपात में हो जो प्रत्येक प्रवर्ग के सदस्यों का, उस सोसाइटी की, कुल सदस्य संख्या के साथ है;

परन्तु प्रत्यायुक्त के तैंतीस प्रतिषत पद समस्तर और प्रभागवार महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे.

समिति की शक्तियां. 48—ग किसी सोसाइटी का बोर्ड या समिति को उसकी उपविधियों के अनुसार निम्नानुसार शक्ति होगी :—

(क) सदस्यता स्वीकृत एवं समाप्त करना;

(ख) सभापति एवं अन्य पदधारियों को निर्वाचित करना;

(ग) सभापति एवं पदधारियों को पद से हटाना;

(घ) रजिस्ट्रार के अनुमोदन से कर्मचारी वृन्द की संख्या नियत करना;

(ड.) निम्नलिखित के संबंध में नीतियां बनाना :—

(एक) सदस्यों को सेवाएं देने के लिए संगठन एवं उपबंध करना;

(दो) रजिस्ट्रार के अनुमोदन से कर्मचारी वृन्द की अर्हताएं, भर्ती, सेवा शर्तें और कर्मचारी वृन्द से संबंधित अन्य विषय;

(तीन) निधि की अभिरक्षा और विनिधान का ढंग;

(चार) लेखाओं के रखे जाने की रीति;

(पांच) निधियों का संचालन, उपयोग एवं विनिधान;

COURT BOOK
KNOWLEDGE, LEGAL CLARITY

(छह) फाइल की जाने वाली कानूनी विवरणियां के सहित सूचना प्रणाली की निगरानी और प्रबंध;

(च) साधारण निकाय के अनुमोदन हेतु वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक वित्तीय विवरण, योजना एवं बजट प्रस्तुत करना;

(छ) संपरीक्षा तथा अनुपालन रिपोर्ट पर विचार करना और उन्हें साधारण निकाय के समक्ष प्रस्तुत करना; और

(ज) ऐसे अन्य समस्त कृत्य करना जो उपविधियों में विनिर्दिष्ट है.

वार्षिक साधारण सम्मिलन

49 (1) प्रत्येक सोसाइटी वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व तीन मास के भीतर अपने सदस्यों का साधारण सम्मिलन निम्नलिखित प्रयोजन के लिए बुलाएगी :–

(क) सोसाइटी के क्रियाकलापों के कार्यक्रम का, जो कि समिति द्वारा आगामी वर्ष के लिए तैयार किया गया हो, अनुमोदन करने के लिए;

(ख) समिति के सदस्यों का निर्वाचन, यदि वो कराया जाना अपेक्षित हो गया है;

स्पष्टीकरण. :– समिति का निर्वाचन अपेक्षित हो गया है यह तब समझा जाएगा जबकि समिति की अवधि वार्षिक साधारण सम्मिलन की तारीख से तीन मास की कालावधि के भीतर समाप्त हो जाए.

(ग) संपरीक्षा रिपोर्ट, यदि प्राप्त हुई हो, तथा वार्षिक रिपोर्ट पर विचार करने के लिए;

(घ) शुद्व लाभ के व्ययन के लिए;

(ड.) किसी अन्य विषय पर, जो कि उपविधियों के अनुसार उपस्थापित किया जाय, विचार करने के लिए; और

(च) अगले वर्ष के लिए बजट पेष करने के लिएः

''परन्तु रजिस्ट्रार इस सम्मिलन के सिवाय, जिसमें कि निर्वाचन समिति के कार्यकाल का, जो कि उपधारा (7–क) में विनिर्दिष्ट किया गया है, अवसान होने पर किए जाने है, ऐसा सम्मिलन करने की कालावधि को तीन मास से अधिक और कालावधि के लिए बढ़ा सकेगा; ''

''परन्तु यह और भी कि जहां किसी सोसाइटी के संबंध में धारा 69 के अधीन समापन का आदेष जारी किया गया है तो वहां वार्षिक साधारण सम्मिलन बुलाया जाना आवष्यक नहीं होगा.''

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(1—क) समिति के सदस्यों, सभापति, उपसभापति, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और प्रतिनिधियों के यदि कोई हों, निर्वाचन का संचालन रिटर्निंग आफिसर द्वारा विहित रीति में किया जाएगा.

(2) ऐसे सम्मिलन की सूचना उस जिले के, जिसमें कि सोसाइटी स्थित हो, उप/सहायक रजिस्ट्रार को, सम्मिलन की तारीख से कम से कम पूरे चौदह दिन पूर्व भेजी जायगी.

(3) उप/सहायक रजिस्ट्रार ऐसे सम्मिलन में स्वयं हाजिर हो सकेगा या अपने अधीनस्थ किसी अधिकारी को उसमें हाजिर होने के लिए प्रतिनियुक्त कर सकेगा.

(4) उप/सहायक रजिस्ट्रार या उसके द्वारा प्रतिनियुक्त किए गए अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह उपधारा (1) के खन्ड (क), (ग), (घ) तथा (च) में विनिर्दिष्ट किए गए विषयों से संबंधित किसी भी मामले के बारे में सम्मिलन को सम्बोधित करे.

(5) यदि साधारण सम्मिलन, उपधारा (1) के अधीन उसके लिए विहित की गई कालावधि के भीतर बुलाने या उपधारा (1) की अपेक्षा का अनुपालन करने में व्यतिक्रम किया गया हो, तो रजिस्ट्रार, आदेष द्वारा, किसी ऐसे आफिसर को, जिसका कि ऐसा सम्मिलन बुलाने का या उपधारा (1) के उपबंधों का अनुपालन करने का कर्त्तव्य था और जिसने युक्तियुक्त प्रतिहेतु के बिना पूर्वोक्त उपधारा के उपबंधों में से किसी भी उपबंध का अनुपालन करने में चूक की हो, पद के लिए निर्वाचित होने या पद पर रहने के तीन वर्ष से अनधिक ऐसी कालावधि तक के लिए जिसे कि वह ऐसे आदेष में विनिर्दिष्ट करें, निरर्हित घोषित कर सकेगा और उस आफिसर पर, यदि वह आफिसर सोसाइटी का कर्मचारी हो, पांच हजार रूपये से अनधिक किसी भी रकम की शास्ति अधिरोपित कर सकेगाः

परन्तु इस उपधारा के अधीन कोई आदेष तब तक नही किया जाएगा जब तक संबंधित व्यक्ति को सहकारी सोसाइटियों के संयुक्त रजिस्ट्रार की पद श्रेणी से अनिम्न पद श्रेणी के किसी अधिकारी द्वारा सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर नहीं दे दिया जाता.

(6) यदि किसी सोसाइटी की उपविधियां समिति के समस्त या कुछ सदस्यों का निर्वाचन क्षेत्रीय (टेरीटोरियल) आधार पर किया जाने का उपबंध करती हो, तो समिति के ऐसे सदस्य क्षेत्र में से, साधारण सम्मिलन के पूर्व की किसी तारीख को उपविधियों को उपबंधों के अनुसार

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

उस क्षेत्र के सदस्यों के किसी सम्मिलन में, निर्वाचित किए जायेंगे, उसके परिणाम सोसाइटी के सूचना फलक पर तथा वार्षिक साधारण सम्मिलन की कार्यवाहियों के प्रारंभ होने के पूर्व साधारण सम्मिलन के स्थान पर भी लगाए जायेंगे.

(7) किसी भी सोसाइटी के प्रत्येक वार्षिक साधारण सम्मिलन में समिति, सोसाइटी के सामने एक विवरण रखेगी जिसमें समिति के सदस्यों के, उनके कुटुम्ब के सदस्यों के तथा निकट नातेदारों के नाम पूर्ववर्ती वर्षो के दौरान बकाया उधारों या अग्रिमों, यदि कोई हों, के ब्यौरे दर्षाये गये हों.

स्पष्टीकरणः— उपधारा (7) के प्रयोजन के लिये, कुटुम्ब के सदस्यों के अंतर्गत पत्नी, पति तथा आश्रित संतान होगी.

(7—क) (एक) समिति का कार्यकाल उस तारीख से, जिसको समिति का प्रथम सम्मिलन किया जाता है, पांच वर्ष हेागा :

परन्तु जहॉ किसी समिति को अतिष्ठित या निलंबित किया गया है , या अधिनियम के अधीन हठाया गया है किसी न्यायलय के या प्राधिकारी के आदेष के फलस्वरूप पुनः स्थापित हो जाती है, वहां वह कालावधि जिसके दौरान वह समिति यथास्थिति अतिष्ठित, निलंबित या पद पर नही रही है पूर्वोक्त कार्यकाल की गणना करने में अपवर्जित कर दी जाएगी.

(दो) सोसाइटी की समिति द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि का कार्यकाल उस सोसाइटी के, जिसके लिए ऐसा प्रतिनिधि निर्वाचित किया गया है, कार्यकाल की समाप्ति के साथ समाप्त होगा.

परन्तु यह कि, समिति का प्रतिनिधि उस समिति की जिसका कि वह सदस्य है अवधि समाप्त होने तक अपने पद पर बना रहेगा.

(7—कक) (केवल मध्यप्रदेश में लागू)
राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा उसमें कथित किये जाने वाले कारणों से किसी सोसायटी या किसी वर्ग की सोसाइटियों का कार्यकाल समय—समय पर बारह मास से अनधिक की कुल कालावधि तक के लिए बढा सकेगी।

(7—ककक) (केवल मध्यप्रदेश में लागू)
उपधारा (7—कक) में विनिदिष्टि अठारह माह की अधिकतम कालावधि का ऐसी समितियों की बाबत

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

अवसान 7 मई 1988 (जिसे इसमे इसके पश्चात उक्त तारीख के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है) से प्रारंभ होने वाली और राजपत्र में मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी(संशोधन) अध्यादेश, 1988 के प्रकाशित होने की तारिख को समाप्त होने वाली कालावधि के बीच हो जाने पर भी ऐसी समितियों की कालावधि की बाबत यह समझा जाएगा कि वह उक्त तारिख से छ माह की कालवधि के बढ़ा दी गई है, मानों कालावधि के बढ़ाये जाने के लिए उपधारा (7–कक) के अधीन अधिसूचना उक्त तारीख को जारी कर दी गई थी ।

(8) यदि उपधारा (7–क) में विनिर्दिष्ट कार्यकाल या एतद् पूर्व हटाई गयी उपधारा (7–कक) के अध्यधीन बढ़ाये गये कार्यकाल का अवसान का होने के पूर्व निर्वाचन नही होते है तो समिति के समस्त सदस्यों के संबंध में यह समझा जाएगा कि सभी सदस्यों ने अपने पद रिक्त कर दिये है और समिति की शक्तियां रजिस्ट्रार में निहित हो गई है और रजिस्ट्रार यथासंभव शीघ्र निर्वाचन करवायेगा।

परन्तु रजिस्ट्रार इस उपधारा के अधीन उसमें निहित समिति की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए किसी अधिकारी को प्राधिकृत कर सकेगा और इस प्रकार प्राधिकृत किया गया उक्त अधिकारी ऐसे प्राधिकृत किये जाने की तारीख से ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा।

(9) (क) प्रत्येक सोसाइटी प्रत्येक साधारण सम्मिलन और उसकी समिति के समस्त अन्य सम्मिलनों के समस्त कार्यवृत्त को, कार्यवृत्त पुस्तक में अभिलिखित करेगा;

(ख) ऐसा कार्यवृत्त सम्मिलन में आमंत्रित समस्त व्यक्तियों को सम्मिलन की समाप्ति के 30 दिन के भीतर परिचालित किया जाएगा.

(ग) इस प्रकार अभिलिखित किया गया कार्यवृत्त उक्त सम्मिलन की अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा.

समिति की कार्यवाहियों का उत्तराधिकारी समिति द्वारा बातिलीकरण.

49–ख इस अधिनियम में, उसके अधीन बनाये गये नियमों में या किसी सोसाइटी की उपविधियों में, अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किसी समिति द्वारा पारित किया गया कोई भी संकल्प, रजिस्ट्रार की लिखित पूर्व मंजूरी के बिना, उत्तराधिकारी समिति द्वारा उपान्तरित या बातिल नहीं किया जाएगा.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

लोकहित आदि में निदेष देने की सरकार की शक्ति.

49–ग (1) यदि राज्य सरकार का, रजिस्ट्रार से रिपोर्ट प्राप्त होने पर या अन्यथा यह समाधान हो जाता है कि लोकहित में या सरकार द्वारा अनुमोदित या हाथ में लिए गए सहकारी उत्पादन और अन्य विकास कार्यक्रमों का समुचित कार्यान्वयन सुनिष्चित करने के प्रयोजन के लिए, या साधारणतः सोसाइटी के कामकाज का समुचित प्रबंध सुनिष्चित करने के लिए, या सोसाइटी के कार्यकलापों का संचालन उसके सदस्यों या निक्षेपकर्ताओं या लेनदारों के हितों के लिए अपायकर रीति में किये जाने का निवारण करने के लिए यह आवष्यक है कि साधारणतः सोसाइटी के कामकाज का समुचित प्रबन्ध सुनिष्चित करने के लिए, या सोसाइटी के कार्यकलापों का संचालन उसके सदस्यों या निक्षेपकर्ताओं या लेनदारों के हितों के लिए अपायकर रीति में किये जाने का निवारण करने के लिए यह आवष्यक है कि साधारणतः किसी वर्ग की सोसाइटियों को या विषिष्टतः किसी सोसाइटी या किन्हीं सोसाइटियों को निर्देष जारी किये जाएं तो राज्य सरकार उन्हें समय–समय पर निर्देष जारी कर सकेगी और यथास्थिति सभी सोसाइटियां या संबंधित सोसाइटियां ऐसे निर्देषों का अनुपालन करने के लिए आबद्ध होगी.

(2) राज्य सरकार, उपधारा (1) के अधीन जारी किये गये किन्हीं निर्देषों को उपान्तरित या रद्द कर सकेगी, और ऐसे निर्देषों को उपान्तरित या रद्द करने में ऐसी शर्तें अधिरोपित कर सकेगी जो वह ठीक समझे.

(3) जहां रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति या समिति, उपधारा (1) या (2) के अधीन किसी सोसाइटी को जारी किये गये किन्हीं निर्देषों या उपान्तरित निर्देषों के अनुपालन के लिए उत्तरदायी थी ऐसे निर्देषों का अनुपालन करने में पर्याप्त कारण या औचित्य के बिना असफल रहती है या रहता है, वहां रजिस्ट्रार.–

(एक) किसी समिति के मामले में, ऐसी समिति के विरूद्ध कार्यवाही धारा 53 के उपबंधों के अनुसार कर सकेगा; और

(दो) किसी व्यक्ति के मामले में यदि वह व्यक्ति सोसाइटी की समिति का सदस्य है या सोसाइटी का कोई कर्मचारी है, ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही यथास्थिति धारा 53–ख के उपबंधों के अनुसार या धारा 55 की उपधारा (1) के अधीन विरचित नियमों के अनुसार कर सकेगा;

COURT BOOK

परन्तु ऐसे निर्देष जिनमें सोसाइटी की वित्तीय हानि अंतर्वलित है, ऐसी सोसाइटी की समिति की है, और जहां आवष्यक हो वहां राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं की पूर्व सहमति से ही, और साथ ही साथ ऐसी हानियों का पूरी तरह से प्रतिकार करने हेतु सम्यक् रूप से उपबंध और अग्रिम आबंटन करने के पश्चात् ही दिये जाएंगे.

विनियम बनाने के निदेष देने की रजिस्ट्रार की शक्ति.

49—घ (1) यदि रजिस्ट्रार की यह राय है कि सोसाइटी की वित्तीय स्थिति और उसमें सरकार के वित्तीय हित को ध्यान में रखते हुए, यह आवष्यक है कि उसके व्यापार या कामकाज करने की रीति का विनियमन किया जाए तो वह, इस निमित्त बनाए गए किन्हीं नियमों के अध्यधीन रहते हुए, ऐसी सोसाइटी को निर्देष दे सकेगा कि वह उस निमित्त विनियम बनाए और उन्हें अनुमोदन हेतु उसके पास भेजे.

(2) सोसाइटी द्वारा बनाये गये विनियमों के प्राप्त होने पर, रजिस्ट्रार उन्हें उपान्तरणों सहित या उपान्तरणों के बिना अनुमोदित कर सकेगा. ऐसे विनियमों के अनुमोदित हो जाने पर, वह सोसाइटी अपना कामकाज ऐसे विनियमों के अनुसार करेगी.

(3) यदि कोई सोसाइटी, रजिस्ट्रार द्वारा उपधारा (1) के अधीन निदेषित किये जाने पर, से विनियम उस तारीख से, जिसको ऐसा निदेष दिया गया है, तीन मास की कालावधि के भीतर रजिस्ट्रार को भेजने में असफल रहती है तो रजिस्ट्रार ऐसे विनियम स्वयं बनाएगा या बनवाएगा और उस सोसाइटी से यह अपेक्षा करेगा कि वह अपना कामकाज ऐसे विनियमों के अनुसार करे और तदुपरि वह सोसाइटी ऐसी अपेक्षा का अनुपालन करने के लिए आबद्ध होगी.

कतिपय परिस्थितियों में प्रबंध संचालक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति.

49—ड. (1) (क) इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों या उपविधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किसी ऐसी शीर्ष सोसाइटी के लिए, जहां राज्य सरकार ने उसकी अंषपूंजी में अभिदाय किया है या उधार या वित्तीय सहायता दी है या किसी अन्य रूप में दिए गए उधारों के प्रतिदाय की प्रत्याभूति दी है, प्रथम वर्ग के अधिकारी की श्रेणी से अनिम्न श्रेणी का एक प्रबंध संचालक होगा जिसका चयन राज्य स्तर पर गठित एक समिति द्वारा किया जाएगा जिसमें कृषि उत्पादन आयुक्त, शीर्ष सोसाइटी का अध्यक्ष, रजिस्ट्रार सहकारी सोसाइटी और शीर्ष सोसाइटी के बोर्ड द्वारा या नामनिर्दिष्ट एक

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

संचालक होगा;

परन्तु यदि समिति, प्रबंध संचालक का चयन सर्वसम्मति से करने में असफल रहती है तो मामला राज्य सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा जिसका विनिष्चय उस पर अंतिम होगा;

(ख) प्रबंध संचालक समिति का पदेन सदस्य होगा.

(2) (क) प्रत्येक केन्द्रीय सोसाइटी के लिए इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों या उपविधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां राज्य सरकार ने उसकी अंषपूंजी में अभिदाय किया है या उधार या वित्तीय सहायता दी है या उधारों डिबेंचरों या अग्रिमों के प्रतिदाय की प्रत्याभूति दी है या किसी अन्य रूप में अनुदान दिये हैं, वहां द्वितीय श्रेणी अधिकारी की पद श्रेणी से अनिम्न पद श्रेणी का एक प्रबंध संचालक या महाप्रबंधक होगा जो सोसाइटी का मुख्य कार्यपालक अधिकारी और समिति का पदेन सदस्य होगा;

(ख) मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति.–

(एक) धारा 54 के अधीन संधारित संवर्ग के अधिकारियों में से की जाएगी, यदि ऐसा संवर्ग सृजित किया गया है;

(दो) अन्य दषाओं में,रजिट्रार के पूर्व अनुमोदन से की जाएगीः

(ग) मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऐसे कर्त्तव्यों का पालन करेगा और ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो विहित की जाएं.

विषेष साधारण सम्मिलन. 50 (1) समिति, किसी भी समय, सोसाइटी का विषेष साधारण सम्मिलन बुला सकेगी और वह रजिस्ट्रार के या सदस्यों की कुल संख्या के 1/10 सदस्यों से लिखित अध्यपेक्षा प्राप्त होने के पश्चात् एक मास के भीतर ऐसा सम्मिलन बुलायेगी.

(2) यदि उपधारा (1) में निर्दिष्ट की गई अध्यपेक्षा के अनुसार किसी सोसाइटी का विषेष साधारण सम्मिलन नहीं बुलाया जाय तो रजिस्ट्रार या उसके द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत किये गये किसी व्यक्ति को यह शक्ति होगी कि वह ऐसा सम्मिलन बुलाये और उस सम्मिलन के संबंध में यह समझा जायगा कि वह समिति द्वारा

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

बुलाया गया सम्मिलन है.

(2–क) जहां कोई ऐसा आफिसर, जिसका कि इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों या उपविधियों के उपबंधों के अनुसार ऐसा सम्मिलन बुलाने का कर्त्तव्य था, युक्तियुक्त प्रतिहेतु के बिना ऐसा सम्मिलन बुलाने में चूक करे, वहां रजिस्ट्रार, आदेष द्वारा, ऐसे आफिसर को समिति का सदस्य होने के लिए सात वर्ष से अनधिक ऐसी कालावधि तक के लिये, जिसे कि वह ऐसे आदेष में विनिर्दिष्ट करे, निरर्हित घोषित कर सकेगा और उस आफिसर पर, यदि वह आफिसर सोसाइटी का कर्मचारी हो, ऐसी शास्ति अधिरोपित कर सकेगा, पांच हजार रूपये से अधिक न हों:

परन्तु इस उपधारा के अधीन कोई आदेष तब तक नहीं दिया जायगा जब तक कि संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो.

(3) किसी विषेष साधारण सम्मिलन के समक्ष के विषयों में, धारा 49 में विनिर्दिष्ट किये गये समस्त विषय या उनमें से कोई विषय सम्मिलित हो सकेगा.

सोसाइटी की समिति या प्रतिनिधि या प्रत्यायुक्त के निर्वाचन में अभ्यर्थी या मतदाता होने के लिए निरर्हता.

50–क (1) कोई भी व्यक्ति समिति के सदस्य, प्रतिनिधि या प्रत्यायुक्त के सदस्य के रूप में निर्वाचन हेतु अभ्यर्थी होने के लिए अर्हित नहीं होगा, यदि वह उस सोसाइटी या किसी अन्य सोसाइटी के प्रति, किसी ऐसे उधार या अग्रिम के लिए जो उसने ऐसी सोसाइटी के सदस्य के रूप में लिया है, बारह माह से अधिक कालावधि के लिए व्यतिक्रमी रहता है.

(1–क) कोई भी व्यक्ति, प्रतिनिधि, प्रत्यायुक्त या समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन हेतु अभ्यर्थी होने के लिये अर्हित नहीं होगा, यदि उसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो.

(1–ख) उपधारा (1–क) में उल्लेखित पद पर निर्वाचित कोई व्यक्ति ऐसा पद धारण करने से निरर्हित हो जाएगा यदि 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् एक संतान का जन्म हो जाता है जिससे उसकी संतान की संख्या दो से अधिक हो जाती है.

COURT BOOK
KNOWLEDGE LEGAL CLARITY

(2) कोई भी व्यक्ति समिति, सोसाइटी के प्रतिनिधियों या प्रत्यायुक्तों के किसी निर्वाचन में मत देने के लिए हकदार नहीं होगा यदि वह उस सोसाइटी या किसी अन्य सोसाइटी के प्रति, किसी ऐसे उधार या अग्रिम के लिए जो उसने ऐसी सोसाइटी के सदस्य के रूप में लिया है, बारह मास से अधिक कालावधि के लिए व्यतिक्रमी रहता है.

कार्यों का विधिमान्यकरण.

51 किसी सोसाइटी या किसी समिति या किसी अधिकारी का कोई कार्य केवल इस कारण से कि उस सोसाइटी या समिति की प्रक्रिया में या उसके गठन में या ऐसे अधिकारी की नियुक्ति या निर्वाचन में कोई त्रुटि विद्यमान हैं, अथवा इस आधार पर कि ऐसा अधिकारी अपनी नियुक्ति के लिये निरर्हित था, अविधिमान्य नहीं समझा जाएगा.

सरकारी नामनिर्देषितियों को नियुक्त करने की शक्ति.

52 (1) जहां राज्य सरकार ने.–

(क) किसी सोसाइटी की अंषपूंजी के प्रति अभिदाय किया हो; या

(ख) किसी सोसाइटी को अंषपूंजी का गठन करने में या उसकी अंषपूंजी में वृद्वि करने में धारा 45 में उपबंधित किये गये अनुसार परतः सहायता की हो; या

(ग) मूलधन के प्रतिसंदाय को तथा किसी सोसाइटी द्वारा जारी किये गये डिबेंचरों पर ब्याज के संदाय को प्रत्याभूत किया हो; या

(घ) मूलधन के प्रतिसंदाय को तथा किसी सोसाइटी को दिये गये ऋणों तथा अग्रिमों पर ब्याज के सदाय को प्रत्याभूत किया हो;

वहां राज्य सरकार को या राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट किये गये किसी प्राधिकारी को ऐसी सोसाइटी की समस्त समितियों में या उनमें से किसी समिति में चार से अनधिक उतने व्यक्तियों को, जितने कि वह ठीक समझे, नाम निर्दिष्ट करने का अधिकार होगा;

(2) उपधारा (1) के अधीन किसी सोसाइटी की समिति में नामनिर्दिष्ट किया गया कोई व्यक्ति ऐसी कालावधि के लिए तथा ऐसी शर्तों पर, जैसी की विहित की जाय/जायें पद धारण करेगा.

(3) इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को, जिसे किसी सोसाइटी की समिति में उपधारा (1) के अधीन नामनिर्दिष्ट किया गया हो,

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

ऐसी समिति में एक मत देने का अधिकार होगाः

परन्तु नामनिर्दिष्ट व्यक्ति सोसाइटी की समिति के पदाधिकारियों के किसी निर्वाचन में मत देने का हकदार नहीं होगा.

(4) जब सरकार ने किसी सोसाइटी की अंषपूंजी में अभिदाय किया हो या उस सोसाइटी को तीन लाख रूपये या उससे अधिक के दिये गये उधारों तथा अग्रिमों के मूलधन के प्रतिसंदाय तथा उस पर के ब्याज के संदाय को प्रत्याभूत किया हो और सोसाइटी ने अपने स्वामित्व की पूंजी के पच्चीस प्रतिषत या उससे अधिक की हानि उठाई हो, तो राज्य सरकार इस अधिनियम, उसके अधीन बनाये गये नियमों या सोसाइटी की उपविधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उपधारा (1) के अधीन उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट किये गये सदस्यों में से एक सदस्य को सोसाइटी की समिति के सभापति के रूप में नामनिर्दिष्ट कर सकेगी तथा नामनिर्दिष्ट किए गये सदस्यों में से एक को सोसाइटी के प्रबंध निदेषक/महाप्रबंधक/प्रबंधक के रूप में भी नियुक्त कर सकेगी.

समिति में स्त्री सदस्यों का प्रतिनिधित्व.

52–ख यदि राज्य सरकार की राय मे यह आवष्यक हो कि ऐसी सोसाइटी की या ऐसे वर्ग की सोसाइटीयों की, जिन्हें/जिसे कि वह (राज्य सरकार) साधारण या विषेष आदेष द्वारा विनिर्दिष्ट करें, समिति मे स्त्री सदस्यों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाए तो वह (राज्य सरकार) ऐसी सोसाइटी को यह निर्देष दे सकेगी कि वह अपनी समिति में स्त्रियों के लिए स्थान के आरक्षण की व्यवस्था करें:

परन्तु इस प्रकार आरक्षित रखे गये स्थानों की संख्या ऐसे समिति में चार से अधिक नहीं होगी।

परन्तु यह और भी कि सोसाइटी के अपने समिति में अपेक्षित संख्या में स्त्री सदस्य निर्वाचित करने में असफल रहने से या ऐसी संख्या से कम संख्या में स्त्री सदस्यों को निर्वाचित करने की दषा में, समिति के शेष सदस्य, ऐसी सोसाइटी के उन स्त्री सदस्यों में से, जो ऐसे प्रतिनिधित्व के हकदार हैं, अपेक्षित संख्या में स्त्री सदस्यों को सहयोजित करेंगे और अपेक्षित संख्या में स्त्री सदस्यों को सहयोजित करने में समिति के असफल रहने की दषा में रजिस्ट्रार ऐसी सोसाइटी के स्त्री सदस्यों मे से, जो ऐसे प्रतिनिधित्व के हकदार हैं, अपेक्षित संख्या में स्त्री सदस्यों को नाम–निर्देषित करेगा।

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

समिति का अतिष्ठान.

53 (1) यदि, रजिस्ट्रार की राय में, किसी सोसाइटी की समिति,–

(क) इस अधिनियम या उस सोसाइटी की उपविधियों द्वारा या उनके अधीन या रजिस्ट्रार द्वारा पारित किये गये किसी विधिपूर्ण आदेश द्वारा उस पर अधिरोपित किए गए कर्त्तव्यों का पालन करने में उपेक्षावान है या ऐसे कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए रजामन्द नहीं है; या

(ख) ऐसे कार्य करती है जो उस सोसाइटी या उसके सदस्यों के हित के प्रतिकूल हैं; या

(ग) इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों या सोसाइटी की उपविधियों के उपबंधों का या रजिस्ट्रार द्वारा पारित किसी आदेष का अतिक्रमण करती है;

तो रजिस्ट्रार, लिखित आदेष द्वारा, उस समिति को हटा सकेगा और ऐसी विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए, जो प्रथमतः दो वर्ष से अधिक नही होगी किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों को इस हेतु से नियुक्त कर सकेगा कि वे उस सोसाइटी के कार्यकलापों का प्रबंध करें:

परन्तु सहकारी बैंक के मामले में, अतिष्ठान का आदेष रिजर्व बैंक से पूर्व परामर्ष किये बिना नहीं दिया जायेगाः

परन्तु यह और भी कि यदि कोई ऐसी संसूचना, जिसमें कि प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के विचार अन्तर्विष्ट हों, उस निवेदन के, जिसमें कि परामर्ष चाहा गया हो, उस बैंक को प्राप्त होने के पैंतालिस दिन के भीतर प्राप्त न हो, तो यह उपधारणा की जाएगी कि भारतीय रिजर्व बैंक प्रस्तावित कार्यवाही से सहमत है तथा रजिस्ट्रार ऐसा आदेष, जैसा कि उचित समझा जाय, पारित करने के लिए स्वतंत्र होगा.

परन्तु यह और भी कि सहकारी बैंक के मामले में, यदि रिजर्व बैंक लोकहित में ऐसा अपेक्षित करे या सहकारी बैंक के क्रियाकलापों का ऐसी रीति में संचालित किया जाना निवारित करने के लिए जो निक्षेपकर्त्ताओं के हितों के लिए अपायकर हो, या किसी सहकारी बैंक

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

का प्रबंध उचित रीति में किया जाना सुनिष्चित करने के लिए रजिस्ट्रार, उसकी समिति या प्रबंध निकाय के, चाहे वह किसी भी नाम से जाना जाता हो, अतिष्ठान के लिए तथा उसके लिए कुल मिलाकर पांच वर्ष से अनधिक ऐसी कालावधि या कालावधियों के लिए, जो समय–समय पर रिजर्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट की जाय, प्रषासक की नियुक्ति के लिए आदेष पारित करेगा और ऐसी नियुक्ति होने पर उपधारा (4), (5), (6) तथा (8) के उपबंधों इस प्रकार लागू होंगे मानों कि आदेष उपधारा (1) के अधीन पारित किये गये हों.

परन्तु यह भी कि यदि किसी प्राथमिक सोसाइटी की समिति में किसी अषासकीय व्यक्ति को नियुक्त किया जाता है तो वह उस सोसाइटी के उन सदस्यों में से होगा जो ऐसे प्रतिनिधित्व के हकदार हैं और केन्द्रीय या शीर्ष सोसाइटी की दषा में, यदि कोई व्यक्ति ऐसी सोसाइटी की समिति में नियुक्त किया जाता है तो वह उसकी संबद्ध सोसाइटियों में से किसी सोसाइटी का ऐसा सदस्य होगा जो ऐसे प्रतिनिधित्व के लिए हकदार हो.

(2) उपधारा (1) के अधीन कोई भी आदेष तब तक पारित नही किया जायेगा जब तक कि उस समिति को अभिकथनों, दस्तावेजों तथा उसके विरूद्ध लगाए गए आरोपों के समर्थन में साक्षियों की एक सूची तथा प्रस्थापित आदेष के विरूद्व कारण दर्षाने का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो और उसके द्वारा किए गए अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो.

(3) उपधारा (1) के अधीन आदेष में विनिर्दिष्ट की गई कालावधि, रजिस्ट्रार के विवेकानुसार, समय–समय पर बढ़ाई जा सकेगी.

परन्तु कोई भी ऐसा आदेष कुल मिलाकर तीन वर्ष से अधिक के लिए प्रवृत्त नहीं रहेगा.

(4) इस प्रकार नियुक्त किए गए व्यक्ति या व्यक्तियों को, रजिस्ट्रार के नियंत्रण के तथा ऐसे अनुदेषों के, जो वह समय–समय पर दे, अध्यधीन रहते हुए, समिति की या सोसाइटी के किसी अधिकारी को समस्त शक्तियों का या उनमें से किसी शक्ति का प्रयोग करने तथा उसके समस्त कृत्यों या उनमें से किसी कृत्य का निर्वहन करने और समस्त ऐसी कार्यवाहियां, जो सोसाइटी के हित में अपेक्षित हैं, करने की शक्ति होगी.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(5) रजिस्ट्रार वह पारिश्रमिक नियत कर सकेगा जो इस प्रकार नियुक्त किये गये व्यक्ति या व्यक्तियों को देय हों, ऐसे पारिश्रमिक की रकम तथा उस सोसाइटी के प्रबन्ध में किये गये अन्य खर्चे यदि कोई हो, उसकी निधियों में से देय होंगे.

(6) इस प्रकार नियुक्त किया गया/किये गये व्यक्ति, अपनी नियुक्ति की कालावधि का अवसान हो जाने के पूर्व उस सोसाइटी की उपविधियों के अनुसार नवीन समिति के गठन के लिए व्यवस्था करेगा/करेंगे.

(7) किसी वित्तदायी बैंक के संबंध में या किसी ऐसी सोसाइटी, जो किसी वित्तदायी बैंक की ऋणी हो, के संबंध में उपधारा (1) के अधीन कार्रवाई करने के पूर्व, रजिस्ट्रार, पूर्वकथित मामले में, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित से और, पश्चात् कथित मामले में, संबंधित वित्तदायी बैंक से ऐसी कार्यवाही के संबंध में परामर्ष करेगा. यदि यथास्थिति, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित या वित्तदायी बैंक अपने विचार उस निवेदन के, जिसमें कि परामर्ष चाहा गया हो, ऐसे बैंक को प्राप्त होने के पैंतालिस दिन के भीतर संसूचित न करे, तो यह उपधारणा की जायगी कि यथास्थिति छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित या संबंधित वित्तदायी बैंक प्रस्तावित कार्रवाई से सहमत है.

(8) धारा 48, 49 तथा 50 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी मामले में सोसाइटी के साधारण निकाय तथा उपधारा (1) के अधीन नियुक्त किये गये व्यक्ति या व्यक्तियों के बीच कोई मतभेद हो तो वह मामला विनिष्चय के लिए रजिस्ट्रार को निर्देषित किया जायगा और उस पर उसका विनिष्चय अन्तिम होगाः

परन्तु यदि रजिस्ट्रार, साधारण निकाय के सम्मिलन के तीन मास के भीतर कोई विनिष्चय करने में असफल रहता है तो सोसाइटी के साधारण निकाय का विनिष्चय अन्तिम होगा.

(9) इस धारा में की किसी बात के संबंध में यह नहीं समझा जायगा कि वह सोसाइटी के परिसमापन का निदेष देने की रजिस्ट्रार की शक्ति पर प्रभाव डालती है.

(10) सूचना के जारी किये जाने तथा समिति को हटाये जाने के आदेष पारित किये जाने के बीच की कालावधि के दौरान, रजिस्ट्रार द्वारा समिति से यह अपेक्षा की जा सकेगी कि वह ऐसे प्राधिकारी के, जिसे कि रजिस्ट्रार इस निमित्त विनिर्दिष्ट करें, पर्यवेक्षण के अधीन तथा उसके अनुमोदन से कृत्य करे और समिति द्वारा किया गया कोई भी आदेष या पारित किया गया संकल्प या किया गया कोई अन्य कार्य तब तक प्रभावी नहीं होगा

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

जब तक कि वह ऐसे विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित न कर दिया जाय;

परन्तु जहां उपधारा (2) के अधीन कार्रवाई करने के लिए अग्रसर होते हुए रजिस्ट्रार की यह राय हो कि कार्यवाही की कालावधि के दौरान समिति का निलंबन सोसाइटी के हित में आवष्यक है, तो वह समिति को निलंबित कर सकेगा, जो (समिति) तदुपरांत कार्य करने से परिविरत हो जायगी, और ऐसा इन्तजाम कर सकेगा जैसा कि उपधारा (1) के अधीन कार्यवाही पूरी होने तथा आदेष जारी होने तक सोसाइटी के कामकाज के प्रबंध के लिए वह उचित समझेः

परन्तु यह और भी कि निलम्बन की कालावधि छह मास से अधिक नहीं होगी और उक्त कालावधि का अवसान हो जाने पर समिति का निलम्बन प्रतिसंहृत हो जायगा;

परन्तु यह भी कि यदि इस प्रकार निलम्बित समिति का अतिष्ठान ऊपर वर्णित कार्यवाहियों के किए जाने के पश्चात् नहीं किया जाता तो उसे पुनः स्थापित किया जाएगा और उस कालावधि की, जिसके दौरान वह निलम्बित रही है, गणना उसके कार्यकाल के प्रति नहीं की जाएगी.

परन्तु यह भी कि कोई निलम्बन आदेष तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि सोसाइटी की समिति को सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो.

(11) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, रजिस्ट्रार, केन्द्रीय सहकारी बैंकों, नगरीय सहकारी बैंकों तथा जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के मामले में, यदि निरन्तर तीन वित्तीय वर्षों में वसूली मांग के 60 प्रतिषत से कम है या अतिषोध्य (ओवरड्यूज) 40 प्रतिषत से अधिक है, उस बैंक की समिति या प्रबन्ध समिति के, चाहे वह किसी भी नाम से पुकारी जाती हो, हटाये जाने के लिए तथा कुल मिलाकर पांच वर्ष के अनधिक ऐसी कालावधि या कालावधियों के लिए, जैसी कि रजिस्ट्रार द्वारा विनिर्दिष्ट की जाय, उसके हेतु किसी प्रषासक की नियुक्ति के लिए आदेष देगा तथा ऐसी नियुक्ति होने पर उपधारा (4), (5) तथा (6) के उपबंध इस प्रकार लागू होंगे मानों कि आदेष उपधारा (1) के अधीन दिया गया थाः

परन्तु कोई भी ऐसा आदेष तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि समिति को प्रस्थापित आदेष के

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

विरूद्ध कारण दर्षाने का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो और उसके द्वारा किये गये अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो.

(12) जब किसी सोसाइटी की समिति को उपधारा (1) के अधीन अतिष्ठित कर दिया गया है तो उस समिति का कोई सदस्य, इस अधिनियम, उसके अधीन बनाए गए नियमों या उस सोसाइटी की उपविधियों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी सात वर्ष की कालावधि तक उस सोसाइटी की समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन लड़ने के लिए पात्र नहीं होगा और न ही उसमें सहयोजन या नामनिर्देषन के लिए पात्र होगा;

परन्तु इस उपधारा की कोई भी बात किसी सोसाइटी की समिति के सदस्य को लागू नहीं होगी जो कि समिति के ऐसे विनिष्चय का जिससे उसका अधिक्रमण हुआ हो पक्षकार नहीं था.

(13) इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों या किसी सोसाइटी की, उपविधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी सोसाइटी की समिति किसी न्यायालय के आदेष के कारण या अन्यथा कार्य करने से परिविरत हो जाय, तो रजिस्ट्रार उस समय तक के लिये किसी व्यक्ति को या व्यक्तियों की समिति को अस्थायी रूप से नियुक्त कर सकेगा जब तक कि न्यायालय का आदेष बातिल न कर दिया जाय या नवीन निर्वाचन न हो जाय तथा समिति कार्यभार ग्रहण न कर लें.

कार्य भार ग्रहण किया जाना. 53—क (1) यदि,—

(एक) किसी सोसाइटी की समिति, धारा 49 के अधीन सोसाइटी के साधारण सम्मिलन में पुनर्गठित की जाती है; या

(दो) किसी सोसाइटी की समिति के कार्यकाल का धारा 49 की उपधारा (7—क) के अधीन अवसान हो जाती है; या

(तीन) किसी सोसाइटी की समिति, धारा 53 के अधीन हटा दी जाती है या निलंबित कर दी जाती है या कृत्य करने से परिविरत हो जाती है; या

(चार) सोसाइटी की धारा 69 के अधीन परिसमापन किये जाने का आदेष किया जाता है,

तो यथास्थिति समिति सोसाइटी का कार्यभार प्राप्त करने का हकदार व्यक्ति या व्यक्तिगण द्वारा कार्यभार.—

(क) ऊपर (एक) की दषा में, साधारण सम्मिलन में समिति के निर्वाचन की तारीख से;

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(ख) ऊपर (दो) की दषा में, धारा 49 की उपधारा (7–क) के अधीन राज्य सरकार द्वारा जारी आदेष की तारीख सेः

(ग) ऊपर (तीन) की दषा में, रजिस्ट्रार के उस आदेष की तारीख से जिसके द्वारा उसे/उन्हें सोसाइटी के कार्यकलापों का प्रबंध करने के लिए नियुक्त किया गया है; और

(घ) ऊपर (चार) की दषा में, रजिस्ट्रार के उस आदेष की तारीख से जिसके द्वारा परिसमापक नियुक्त किया गया हैः

ग्रहण करेगा/करेंगे और समिति के बहिर्गामी सदस्यों के लिये यह आबद्धकर होगा कि वे सोसाइटी के अभिलेखों और सम्पत्ति का प्रभार, ऐसे कार्यभार ग्रहण करने वाले व्यक्तियों को इसमें उपबंधित तारीख को सौंप दें.

(2) उपधारा (1) के अधीन यथास्थिति समिति या सोसाइटी का कार्यभार प्राप्त करने के लिए हकदार व्यक्ति के संबंध में यह समझा जायगा कि उसने अपने पद का कार्यभार उपधारा (1) में वर्णित तारीख से ग्रहण कर लिया है, चाहे ऐसा कार्यभार वस्तुतः सौंपा गया हो या न सौंपा गया हो.

कतिपय परिस्थितियों में किसी सोसाइटी के किसी अधिकारी को हटाने की रजिस्ट्रार की शक्ति.

53–ख (1) यदि रजिस्ट्रार की राय में, सहकारी सोसाइटी के किसी अधिकारी ने इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों या किसी सोसाइटी की उपविधियों द्वारा उनके/उसके अधीन अधिरोपित किये गये अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में घोर उपेक्षा की है या अपने कपटपूर्ण कार्य द्वारा सोसाइटी को वित्तीय हानि पहुंचाई है, तो रजिस्ट्रार, किसी भी ऐसी अन्य कार्यवाई पर, जो कि उसके विरूद्ध की जाय या की जा सकती हो, प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, सोसायटी से अपेक्षा कर सकेगा कि वह ऐसे अधिकारी को उसके द्वारा धारित पद से किसी विनिर्दिट कालावधि से हटा दे और जहां आवष्यक हो ष्वहां से उस सोसायटी के अधीन कोई पद धारण करने के लिये तीन वर्ष से अनाधिक कालावधि के लिये निहर्रित कर दे, तदन्तर सोसायटी संबंधी अधिकारी को सोसायटी संबंधित अधिकारी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् ऐसे आदेष पारित करेगी जैसे कि वह उचित समझे.

(2) सेसायटी द्वारा उपधारा (1) के अधीन कार्यवाही न कि जाने पर, रजिस्ट्रार उस अधिकारी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात तथा ऐसे कारणों से, जो कि अभिलिखित किये जायेगे एवं संबंधित अधिकारी एवं सोसायटी को संसूचित किये जायेगे, उस अधिकारी को हटा सकेगा या हटाने के साथ ही साथ उस आदेष में

COURT BOOK
UNCOVERING LEGAL CLARITY

विनिर्दिष्ट की गयी कालावधि तक के लिये उस सोसायटी के अधीन कोई पर धारण करने के लिये तीन वर्ष से अनधित कालावधि तक के लिये निरर्हित कर सकेगा.

(3) उपधारा (1) या उपधारा (2) के अधीन हटाया गया अधिकारी उस आदेश के संसूचित किए जाने की तारीख से उस पद का धारणकर्त्ता नहीं रह जाएगा और यदि वह निरर्हित कर दिया गया हो तो वह इस बात के लिए पात्र नहीं होगा कि वह उस आदेश में विनिर्दिष्ट की काई कालावधि के दौरान उस सोसाइटी के अधीन कोई पद धारण करें।

प्रबंधकों, सचिवों तथा अन्य अधिकारियों की नियुक्ति.

54. (1) कोई भी सोसाइटी किसी प्रबंधक, सचिव, लेखापाल या किसी भी अन्य वैधानिक अधिकारी को तब तक नियुक्त नहीं करेगी जब तक कि वह ऐसी अर्हताएं न धारण करता हो जैसी कि विहित की जायं.

(2) शीर्ष सोसाइटियां तथा केन्द्रीय सोसाइटियां आफिसरों तथा अन्य सेवकों के ऐसे संवर्ग (काडर) बनाये रखेंगी जिसका कि राज्य सरकार, आदेष द्वारा, निदेष दे और ऐसे संवर्ग के सदस्यों की सेवा की शर्तें ऐसी होंगी जैसी कि रजिस्ट्रार, आदेष द्वारा अवधारित करे.

(3) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, उन सोसाइटियों के वर्ग को विनिर्दिष्ट कर सकेगी जो कि उपधारा (2) के अधीन शीर्ष सोसाइटियों या केन्द्रीय सोसाइटियों द्वारा बनाये गये ऐसे संवर्गों में से, जैसे कि उसमें (अधिसूचना में) विनिर्दिष्ट किये जायं, आफिसरों को नियोजित करेंगी और उन सोसाइटियों के वर्ग के लिए यह बाध्यताकारी होगा कि वह ऐसे संवर्ग के अधिकारियों को जब कभी शीर्ष या केन्द्रीय सोसाइटियों द्वारा उन्हें प्रतिनियुक्त किया जाय, स्वीकार करे तथा उन्हें उन संवर्ग पदों पर नियुक्त करें.

सोसाइटियों में के नियोजनों की शर्तों का अवधारण करने की रजिस्ट्रार की शक्ति.

55 (1) रजिस्ट्रार किसी सोसाइटी में के या किसी वर्ग की सोसाइटियों में के नियोजन के निबन्धनों तथा शर्तों को शासित करने वाले नियम समय–समय पर बना सकेगा और वह सोसाइटी या उस वर्ग की सोसाइटियां जिनको/ जिसको कि नियोजन के ऐसे निबंधन तथा शर्तें लागू होती हों, उस आदेष का पालन करेंगी/करेगी जो कि उस संबंध में रजिस्ट्रार द्वारा जारी किया जाय.

(2) जहां कोई ऐसा विवाद, जिसमें नियोजन, के निबंधनों, कामकाज की शर्तें तथा किसी सोसाइटी द्वारा की गई अनुषासनिक कार्यवाही से संबंधित विवाद है, किसी सोसाइटी तथा उसके कर्मचारियों के बीच उठे, वहां उस विवाद का विनिष्चय रजिस्ट्रार या ऐसे किसी अन्य अधिकारी द्वारा, जो सहायक रजिस्ट्रार से निम्न पद श्रेणी का न हो, किया जायगा और उसका विनिष्चय उस

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

सोसाइटी तथा उसके कर्मचारियों को आबद्धकर होगा.

परन्तु रजिस्ट्रार या ऊपर निर्दिष्ट किया गया अधिकारी उस विवाद को तब तक ग्रहण नहीं करेगा जब तक कि वह (विवाद) उस आदेष को, जिसका कि आक्षेप किया जाना चाहा गया है, तारीख से तीस दिन के भीतर उसके समक्ष पेष न किया जायः

परन्तु यह और कि पूर्ववर्ती परन्तुक के अधीन परिसीमा काल की संगणना करने में, आदेष की प्रतिलिपि अभिप्राप्त करने के लिये अपेक्षित समय अपवर्जित कर दिया जायेगा.

बाध्यता का पालन कराने की रजिस्ट्रार की शक्ति.

56 (1) प्रत्येक सोसाइटी ऐसे अभिलेख, रजिस्टर तथा लेखा–पुस्तकें बनाये रखेगी तथा रजिस्ट्रार को ऐसी जानकारी तथा ऐसी विवरणियां देगी जिनकी कि उसके द्वारा समय–समय पर अपेक्षा की जाय.

(2) प्रत्येक सोसाइटी किसी अधिकारी या कर्मचारी पर इस बात का विनिर्दिष्ट उत्तरदायित्व निरोपित करेगी कि वह ऐसे अभिलेख, रजिस्टर तथा लेखा–पुस्तकें बनाये रखे और रजिस्ट्रार को ऐसी जानकारी तथा ऐसी विवरणियां, जैसी कि रजिस्ट्रार आदेष द्वारा समय–समय पर अपेक्षित करे, ऐसे आदेष में विनिर्दिष्ट की गई कालावधि के भीतर दें.

(3) यदि सोसाइटी का कोई ऐसा अधिकारी या कर्मचारी, जिस पर कि विनिर्दिष्ट उत्तरदायित्व उपधारा (2) के अधीन निरोपित किया गया हो, अभिलेख, रजिस्टर तथा लेखा–पुस्तकें नहीं बनाये रखता है और रजिस्ट्रार को ऐसी जानकारी तथा ऐसी विवरणियां, जैसी कि रजिस्ट्रार अपेक्षा करे, विनिर्दिष्ट समय के भीतर नहीं देता है, तो रजिस्ट्रार आदेष द्वारा, ऐसे अधिकारी के बारे में यह घोषित कर सकेगा कि वह तीन वर्ष से अनधिक ऐसी कालावधि के दौरान जैसी कि वह ऐसे आदेष में विनिर्दिष्ट करें, समिति का सदस्य होने के लिए निरर्हित रहेगा और यदि वह अधिकारी सोसाइटी का कर्मचारी है तो उस पर ऐसी शास्ति जो पांच हजार रूपये से अधिक न हो, अधिरोपित कर सकेगाः

परन्तु इस उपधारा के अधीन कोई भी आदेष तब तक नहीं किया जायगा जब तक कि संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया जाय.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

अभिलेखों आदि के अभिग्रहण करने की रजिस्ट्रार की शक्ति.

57 (1) जहां रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाय कि.–

(क) किसी सोसाइटी के अभिलेखों, रजिस्टरों या लेखा–पुस्तकों का बिगाड़ा जाना या नष्ट किया जाना संभाव्य है तथा किसी सोसाइटी की निधियों एवं संपत्ति का दुर्विनियोग या दुरूपयोजन किया जाना संभाव्य है; या

(ख) उस दषा में, जब कि किसी सोसाइटी की समिति उस सोसाइटी के साधारण अधिवेषन में पुनर्गठित की गई हो अथवा सोसाइटी की समिति रजिस्ट्रार द्वारा धारा 53 के अधीन हटा दी गई हो अथवा धारा 69 के अधीन सोसाइटी का समापन कर दिया जाने का आदेष दिया गया हो, समिति के बहिर्गामी सदस्य सोसाइटी के अभिलेख तथा उसकी संपत्ति का भार उन व्यक्तियों को, जिन्हें कि ऐसा भार लेना हो या जो ऐसा भार प्राप्त करने के लिए हकदार है, सौंपने से इन्कार करते हैं;

वहां रजिस्ट्रार उस व्यक्ति को, जो कि उसके द्वारा लिखित में सम्यकरूपेण प्राधिकृत किया गया हो उस सोसाइटी की ऐसी पुस्तकों तथा अभिलेखों, निधियों एवं सम्पत्ति को अभिग्रहित करने तथा कब्जे में लेने का निदेष देते हुए, आदेष जारी कर सकेगा और उस सोसाइटी का वह अधिकारी या जो ऐसी पुस्तकों, अभिलेखों, निधियों तथा संपत्ति की अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी हों, उनका परिदान उस व्यक्ति को, जो इस प्रकार प्राधिकृत किया गया हो, कर देगा/देंगे.

(2) उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन आदेषों का अनुपालन सुनिष्चित करने के लिए, रजिस्ट्रार ऐसी कार्यवाही कर सकेगा या करवा सकेगा और पुलिस बल को सम्मिलित करते हुए, ऐसे न्यूनतम बल का उपयोग कर सकेगा या करवा सकेगा जैसा कि आवष्यक समझा जाय.

अभिलेख तथा संपत्ति का कब्जा लेना.

57–क (1) जहां रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाय कि किसी सोसाइटी की पुस्तकों तथा अभिलेखों का दबा दिया जाना, बिगाड़ा जाना या नष्ट किया जाना, या किसी सोसाइटी की निधियों तथा संपत्ति का दुर्विनियोग या दुरूपयोजन किया जाना संभाव्य है, वहां रजिस्ट्रार या उसके द्वारा प्राधिकृत किया गया व्यक्ति उस कार्यपालक मजिस्ट्रेट को, जिसकी कि अधिकारिता के भीतर सोसाइटी कार्य कर रही हो, सोसाइटी के अभिलेखों तथा संपत्ति का अभिग्रहण करने तथा कब्जा लेने के लिए आवेदन कर सकेगा.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(2) उपधारा (1) के अधीन आवेदन–पत्र प्राप्त होने पर, वह मजिस्ट्रेट उप–निरीक्षक की पद श्रेणी से अनिम्न पद श्रेणी के किसी पुलिस अधिकारी को इस बात के लिए प्राधिकृत कर सकेगा कि वह किसी ऐसे स्थान में, जहां कि वे अभिलेख तथा सम्पत्ति रखी हुई हो या जहां कि उन अभिलेखों तथा सम्पत्ति का रखा जाना संभाव्य हो, प्रवेष करे, और उसकी तलाषी ले तथा उनका अभिग्रहण करके उनका कब्जा यथास्थिति रजिस्ट्रार या उसके द्वारा प्राधिकृत किये गये व्यक्ति को सौंप दे.

छठवां अध्याय – संपरीक्षा, जांच, निरीक्षण तथा पर्यवेक्षण

संपरीक्षा तथा संपरीक्षा फीस.

58 (1) रजिस्ट्रार प्रत्येक वर्ष कम से कम एक बार प्रत्येक सोसाइटी के लेखाओं की संपरीक्षा करेगा या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा, जिसे उसने, साधारणतया विषेष आदेष द्वारा, लिखित में इस निमित्त प्राधिकृत किया हो,

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

करवायेगा और ऐसी सोसाइटी से ऐसी फीस वसूल करेगा जो कि विहित की जाय ;
परन्तु.–

(एक) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, उसमें विनिर्दिष्ट किये जाने वाले कारणों से, सोसाइटियों के किसी वर्ग को छूट दे सकेगी;

(दो) रजिस्ट्रार, लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से, किसी सोसाइटी को इस उपधारा के अधीन फीस या उसके भाग के भुगतान से छूट दे सकेगा.

परन्तु यह और भी कि कोई केन्द्रीय सोसाइटी या कोई शीर्ष सोसाइटी या कोई नगरीय सहकारी बैंक अपने लेखाओं की संपरीक्षा, रजिस्ट्रार द्वारा अनुमोदित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से करवा सकेगी.

परन्तु यह भी कि यदि वहां संपरीक्षा रिपोर्ट पूर्ण होने या जारी होने के पश्चात्, कोई वित्तीय अनियमितता या गबन की षिकायत होती है तो रजिस्ट्रार, इस प्रयोजन के लिए विषेष संपरीक्षा हेतु आदेष दे सकेगा.

(2) उपधारा (1) के अधीन की संपरीक्षा में लेखाओं की तथा अतिषोध्य ऋणों की, यदि कोई हो, परीक्षा, रजिस्ट्रार द्वारा इस अधिनियम, उसके अधीन बनाए गए नियमों और सोसाइटी की उपविधियों के अधीन दिए गए अनुदेषों तथा आदेषों का अनुपालन की परीक्षा रोकड़ बाकी तथा प्रतिभूतियों का सत्यापन तथा सोसाइटियों की आस्तियों तथा दायित्वों का मूल्यांकन एवं ऐसी अन्य मदें जो कि रजिस्ट्रार द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं, सम्मिलित हैं.

(3) रजिस्ट्रार या प्राधिकृत व्यक्ति की समस्त समयों पर सोसाइटी की या उसकी अभिरक्षा में की समस्त पुस्तकों, लेखाओं, दस्तावेजों, कागज–पत्रों, प्रतिभूतियों, रोकड़ तथा अन्य सम्पत्तियों तक पहुंच होगी और किसी भी ऐसे व्यक्ति को, जिसके कि कब्जे में कोई ऐसे पुस्तक, लेखे, दस्तावेजें, कागज–पत्र, प्रतिभूतियां, रोकड़ या अन्य सम्पत्तियां हो, या जो उनकी अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी हो, उन्हें उस सोसाइटी के मुख्यालय के या उसकी किसी शाखा पर के किसी स्थान पर पेष करने के लिए समन कर सकेगा.

COURT BOOK

(4) प्रत्येक ऐसा व्यक्ति, जो किसी सोसाइटी का अधिकारी या कर्मचारी हो अथवा किसी समय रह चुका हो, तथा किसी सोसाइटी का प्रत्येक सदस्य तथा भूतपूर्व सदस्य उस सोसाइटी के संव्यवहारों एवं कार्यकरण के बारे में ऐसी जानकारी देगा जैसी की रजिस्ट्रार या उसके द्वारा प्राधिकृत किया गया व्यक्ति किया अपेक्षित करे.

संपरीक्षा बोर्ड. 58—क किसी सोसाइटी या सोसाइटियों के वर्ग की संपरीक्षा तथा उसके पर्यवेक्षण का संचालन करने के प्रयोजन से, राज्य सरकार एक संपरीक्षा बोर्ड का गठन कर सकेगी जो रजिस्ट्रार की ऐसी शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा जिसे राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे और इन शक्तियों का प्रयोग संपरीक्षा बोर्ड, रजिस्ट्रार को अपवर्जित करते हुए करेगा.

किसी सोसाइटी को हुए नुकसान को पूरा करने के लिए प्रक्रिया. 58—ख (1) इस अधिनियम या नियमों में या किसी सोसाइटी की उप विधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां उसकी अंषपूंजी में राज्य सरकार ने अभिदाय किया है या उधार या वित्तीय सहायता दी है या किसी अन्य रूप में दिए गए उधारों, डिबेंचरों या अग्रिमों के प्रतिदाय की प्रत्याभूति दी है या किसी अन्य रूप में अनुदान दिया है और यदि किसी सोसाइटी की संपरीक्षा, जांच, निरीक्षण या परिसमापन के दौरान या अन्यथा यह पाया जाए कि किसी ऐसे व्यक्ति ने, जिसे ऐसी सोसाइटी के संगठन या प्रबंध का कार्य सौंपा गया है, या सौंपा गया था, या समिति के किसी मृत, भूतपूर्व या वर्तमान सभापति, सचिव, सदस्य, सोसाइटी के अधिकारी या कर्मचारी ने इस अधिनियम के या उसके अधीन बनाये गये नियमों के या किसी सोसाइटी की उपविधियों के उपबंधों के प्रतिकूल कोई भुगतान किया है या घोर उपेक्षा या अवचार द्वारा कोई कमी घटित की है या कोई हानि पहुंचाई है या ऐसी सोसाइटी के किसी धन या अन्य संपत्ति का दुर्विनियोग किया है या उस धन या अन्य सम्पत्ति को कपटपूर्वक रख छोड़ा है, तो रजिस्ट्रार स्वप्रेरणा से या समिति, समापक या किसी लेनदार का आवेदन पत्र प्राप्त होने पर ऐसे व्यक्ति के आचरण की जांच यथास्थिति, संपरीक्षा, जांच या निरीक्षण की रिपोर्ट की तारीख के दो वर्ष के भीतर स्वयं कर सकेगा या अपने द्वारा प्राधिकृत किये गये किसी व्यक्ति को इस संबंध में लिखित आदेष द्वारा यह निदेष दे सकेगा कि वह ऐसे व्यक्ति के आचरण की जांच, यथास्थिति संपरीक्षा, जांच या निरीक्षण या परिसमापन की रिपोर्ट की तारीख के दो वर्ष के भीतर करेः

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

परन्तु किसी व्यक्ति के विरूद्ध ऐसी जांच तब तक संस्थित नही की जाएगी जब तक कि संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो.

(2) यदि उपधारा (1) के अधीन की गई जांच पर, रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाए कि इस उपधारा के अधीन आदेष देने के लिए पर्याप्त आधार है तो वह, ऐसे व्यक्ति से या, किसी मृत व्यक्ति की दषा में, उसके विधिक प्रतिनिधि से जो कि उसकी सम्पदा विरासत में प्राप्त करे, यह अपेक्षा करते हुए आदेष कर सकेगा कि वह ऐसी दर से, जैसी कि रजिस्ट्रार न्यायसंगत तथा सम्यक् समझें, संगणित किये गये ब्याज सहित उस धन या संपत्ति या उसके किसी भाग का प्रतिसंदाय या प्रत्यावर्तन करे या अभिदाय खर्चो का प्रतिकर या भुगतान ऐसी सीमा तक करे जैसी कि रजिस्ट्रार न्यायसंगत तथा साम्यिक् समझेंः

परन्तु इस धारा के अधीन कोई भी आदेष तब तक नही दिया जाएगा जब तक कि संबंधित व्यक्ति को उस मामले में सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया जायः

परन्तु यह और भी कि मृतक के किसी विधिक प्रतिनिधि का दायित्व मृतक की उस सम्पत्ति, जो कि ऐसे विधिक प्रतिनिधि के हाथ में आई हो, की सीमा तक ही होगा.

(3) उपधारा (2) के अधीन किए गए किसी आदेष से व्यथित कोई भी व्यक्ति उसे आदेष संसूचित किए जाने की तारीख से तीस दिन के भीतर अधिकरण को राज्य सरकार को अपील कर सकेगाः

परन्तु परिसीमाकाल की संगणना करने में, उस आदेष की, जिसके विरूद्ध अपील की गई है, प्रतिलिपि अभिप्राप्त करने के लिए अपेक्षित समय अपवर्जित कर दिया जाएगा.

(4) उपधारा (2) या उपधारा (3) के अधीन किया गया कोई आदेष धारा 85 के उपबंधों के अनुसार प्रवर्तित किया जाएगा.

(5) यदि शपथ पत्र या जांच के आधार पर या अन्यथा रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति किसी ऐसे आदेष के, जो इस धारा के अधीन उसके विरूद्ध किया जा सकता है, प्रवर्तन में विलम्ब करने या बाधा पहुंचाने के आषय से.–

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(क) अपनी सम्पूर्ण संपत्ति या उसके किसी भाग को व्ययनित करने वाला है; या

(ख) अपनी संपूर्ण संपत्ति या उसके किसी भाग को रजिस्ट्रार की अधिकारिता से हटाने वाला है.

तो वह, जब तक कि पर्याप्त प्रतिभूति न दे दी गई हो, उक्त संपत्ति की या उसके ऐसे भाग की, जिसे वह आवष्यक समझे, सषर्त कुर्की का निर्देष दे सकेगा.

जांच. 59 (1) रजिस्ट्रार.–

(एक) किसी ऐसी सोसाइटी, जिससे कि सोसाइटी संबद्ध है; या

(दो) किसी ऐसे लेनदार, जिसकी सोसाइटी ऋणी है; या

(तीन) समिति के कम से कम एक–तिहाई सदस्यों; या

(चार) सोसाइटी के सदस्यों की कुल संख्या के कम से कम एक–दषमांष सदस्यों;

के आवेदन पर या आवेदन पत्र में उठाए गए सोसाइटी के गठन, कार्यकरण और वित्तीय स्थिति के संबंध में विनिर्दिष्ट विषयों के बारे में जांच कर सकेगा या जांच करवा सकेगा.

(2) रजिस्ट्रार, आवेदक या आवेदकों से केवल ऐसी फीस, जो विहित की जाए और जो जांच को संचालित करने के खर्च की पूर्ति के लिए पर्याप्त समझी जाए, प्राप्त होने के पश्चात् ही किसी जांच के आदेष करेगा.

(3) ऐसी जांच, जांच के आदेष होने की तारीख से चार मास की कालावधि के भीतर पूरी की जाएगी.

(4) रजिस्ट्रार, जांच पूरी होने की तारीख से एक मास की कालावधि के भीतर, जांच की रिपोर्ट.–

(एक) संबंधित सोसाइटी को;

(दो) आवेदकों या ऐसे व्यक्ति को, जो ऐसी रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए आवेदकों द्वारा नामनिर्दिष्ट किया गया है;

(तीन) सोसाइटी के किसी सदस्य को;

(चार) ऐसे परिसंघ को, जिसकी कि सोसाइटी सदस्य है;

(पांच) लेनदार को;

उसके द्वारा विहित फीस का संदाय किये जाने पर, संसूचित करेगा.

जांच में सहायता करने का कतिपय व्यक्तियों का कर्त्तव्य. 59–क (1) सोसाइटी के समस्त अधिकारी, सदस्य तथा भूतपूर्व सदस्य, जिनके कि संबंध में जांच की जा रही हो, तथा कोई अन्य व्यक्ति जो जांच करने वाले अधिकारी की राय में, सोसाइटी से संबंधित जानकारी, पुस्तकों तथा कागज–पत्रों का कब्जा रखे हुए हों, जांच करने वाले अधिकारी को ऐसी जानकारी, जो कि उनके कब्जे में हो, देंगे तथा सोसाइटी से संबंधित समस्त पुस्तकें एवं कागज–पत्र, जो उनकी अभिरक्षा में हों तथा उनकी शक्ति

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

के अधीन हों, पेष करेंगे तथा जांच के संबंध में अन्य प्रकार से वह समस्त सहायता देंगे जो कि वे युक्तियुक्त रूप से दे सकते हों.

(2) यदि ऐसा व्यक्ति रजिस्ट्रार के समक्ष या किसी ऐसे व्यक्ति के समक्ष जो कि रजिस्ट्रार द्वारा धारा 59 की उपधारा (1) के अधीन प्राधिकृत किया गया हो, कोई ऐसी पुस्तक या कोई ऐसे कागज–पत्र, जिन्हें पेष करना उपधारा (1) के अधीन उस व्यक्ति का कर्त्तव्य है, पेष करने से इन्कार करे या किसी ऐसे प्रष्न का जो कि उससे रजिस्ट्रार या उसके द्वारा प्राधिकृत किये गये व्यक्ति द्वारा किया जाय, उत्तर देने से इन्कार करे, तो रजिस्ट्रार या रजिस्ट्रार द्वारा प्राधिकृत किया गया व्यक्ति उस इन्कार को प्रमाणित कर सकेगा और रजिस्ट्रार कोई ऐसा कथन, जो कि प्रतिवाद में दिया जाय, सुनने के पश्चात् व्यतिक्रमी को शास्ति से, जो एक हजार रूपये से अधिक नहीं होगी, दण्डित कर सकेगा. इस धारा के अधीन शास्ति के रूप में अधिरोपित की गई कोई राषि, अधिकारिता रखने वाले मजिस्ट्रेट को रजिस्ट्रार द्वारा या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा आवेदन किया जाने पर, मजिस्ट्रेट द्वारा उसी प्रकार वसूली होगी मानों कि वह स्वयं उस मजिस्ट्रेट द्वारा अधिरोपित किया गया जुर्माना हो.

सोसाइटी की पुस्तकों का निरीक्षण.

60 (1) रजिस्ट्रार स्वप्रेरणा से या किसी सोसाइटी के लेनदार का आवेदन–पत्र प्राप्त होने पर, सोसाइटी की पुस्तकों का निरीक्षण कर सकेगा या किसी ऐसे व्यक्ति को, जो लिखित साधारण या विषेष आदेष द्वारा इस संबंध में उसके द्वारा प्राधिकृत किया गया हो, सोसाइटी की पुस्तकों का निरीक्षण करने के लिए निर्देष दे सकेगाः

परन्तु कोई भी ऐसा निरीक्षण, लेनदार के आवेदन–पत्र पर से तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि आवेदक.–

(क) रजिस्ट्रार का यह समाधान न कर दे कि ऋण वह राषि है जो तभी शोध्य है और यह कि उसने उसके भुगतान की मांग की है तथा युक्तियुक्त समय के भीतर चुकारा (सेटिस्फेक्षन) प्राप्त नहीं किया है; और

(ख) प्रस्थापित निरीक्षण के खर्चे के लिए प्रतिभूति के रूप में ऐसी राषि, जैसी कि रजिस्ट्रार अपेक्षित

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

करे रजिस्ट्रार के पास निक्षिप्त न कर दे.

(2) रजिस्ट्रार किसी ऐसे निरीक्षण के परिणाम.–

(क) जहां वह निरीक्षण उसकी स्वप्रेरणा से किया गया हो, वहां सोसाइटी को; और

(ख) जहां निरीक्षण किसी लेनदार के आवेदन पर किया गया हो, वहां उस लेनदार को तथा सोसाइटी को संसूचित करेगा.

त्रुटियों की परिषुद्धि.

61 (1) यदि धारा 58 के अधीन की गई संपरीक्षा या धारा 59 के अधीन की गई किसी जांच या धारा 60 के अधीन किये गये किसी निरीक्षण के परिणामस्वरूप किसी सोसाइटी के गठन, कार्यकरण या उसकी वित्तीय स्थिति या उसकी लेखा पुस्तकों में कोई त्रुटियां प्रकट हों तो रजिस्ट्रार ऐसी त्रुटियां उस सोसाइटी की जानकारी में ला सकेगा और यदि वह सोसाइटी किसी अन्य सोसाइटी से सम्बद्ध हो तो उस अन्य सोसाइटी की जानकारी में भी ला सकेगा.

(2) रजिस्ट्रार ऐसी सोसाइटी या उसके अधिकारियों को या उस सोसाइटी को, जिससे कि वह सम्बद्ध हो, यह निदेष देते हुए आदेष कर सकेगा कि वह उन त्रुटियों का, जो कि संपरीक्षा, जांच या निरीक्षण में प्रकट हुई हो, उपचार करने के लिए ऐसी कार्यवाही, जो कि आदेष में विनिर्दिष्ट की जाय, ऐसे समय के भीतर करे, जो कि उस आदेष में उल्लिखित हो.

जांच के खर्चे.

62 जहां धारा 59 के अधीन कोई जांच की जाय या लेनदार के आवेदन पर से धारा 60 के अधीन कोई निरीक्षण किया जाय, वहां रजिस्ट्रार खर्चे या खर्चों का ऐसा भाग, जैसा कि वह उचित समझे, उस सोसाइटी के, जिससे कि संबंधित सोसाइटी सम्बद्ध हो, संबंधित सोसाइटी के जांच या निरीक्षण की, मांग करने वाले सदस्यों या लेनदारों के, तथा सोसाइटी के अधिकारियों या भूतपूर्व अधिकारियों के बीच प्रभाजित कर सकेगाः

परन्तु.–

(क) खर्चों के प्रभाजन का कोई आदेष इस धारा के अधीन तब तक नहीं किया जायगा जब तक कि उस सोसाइटी या उस व्यक्ति को, जिसे कि उसके (आदेष के) अधीन खर्चों का संदाय करने के लिए दायी बनाना चाहा गया है, सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर न मिल चुका हो;

(ख) रजिस्ट्रार उन आधारों को, जिन पर कि खर्चों का

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

प्रभाजन किया गया हो, लिखित में कथित करेगा.

कार्यवाहियों आदि पर व्यय.

63—क सोसाइटी की निधियों में से कोई व्यय, रजिस्ट्रार द्वारा धारा 19—कक, अध्याय 5 या अध्याय 6 के अधीन किये गये या किये जाने के लिए तात्पर्यित किसी आदेष के विरूद्ध सोसाइटी के किसी अधिकारी या समिति द्वारा किसी न्यायालय में फाइल या संस्थित की गई किसी कार्यवाही के खर्चों का चुकारा करने के प्रयोजन के लिए उपगत नहीं किया जायगाः

परन्तु जहां मामला यथास्थिति अधिकारी या समिति के पक्ष में अंतिम रूप से विनिष्चित किया जाता है वहां ऐसे खर्च की, जो रजिस्ट्रार द्वारा अनुमोदित किये जाए, सोसाइटी द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी.

सातवां अध्याय— विवाद तथा माध्यस्थम

विवाद.

64 (1) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किसी सोसाइटी के गठन, प्रबन्ध या कारबार से, किसी सोसाइटी के नियोजन के निबंधन और शर्तो से या किसी सोसायटी के समापन से संबंधित

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

कोई विवाद, विवाद के पक्षकारों में से किसी भी पक्षकार द्वारा रजिस्ट्रार को निर्देषित किया जायगा यदि उसके पक्षकार निम्नलिखित में से हों :–

(क) कोई सोसाइटी, उसकी समिति, कोई भूतपूर्व समिति, कोई भूतपूर्व या वर्तमान अधिकारी, कोई भूतपूर्व या वर्तमान अभिकर्ता, कोई भूतर्पव या वर्तमान सेवक या नाम निर्देषिती, , सोसायटी के किसी मृत अधिकारी, मृत अभिकर्ता या मृत सेवक, का कोई नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, वारिस या विधिक प्रतिनिधि या सोसाइटी का समापक;

(ख) कोई सदस्य, भूतपूर्व सदस्य या किसी सोसाइटी के या किसी ऐसी सोसाइटी के, जो उस सोसाइटी की सदस्य हो, किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य की मार्फत् दावा करने वाला कोई व्यक्ति;

(ग) किसी सोसाइटी के सदस्य से भिन्न कोई ऐसा व्यक्ति जिसे सोसाइटी द्वारा उधार मंजूर किया गया हो या जिसके साथ सोसाइटी के कारोबारी संव्यवहार हों या थे तथा ऐसे व्यक्ति के मार्फत् दावा करने वाला कोई व्यक्ति;

(घ) किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य, मृत सदस्य का या किसी सदस्य से भिन्न किसी ऐसे व्यक्ति का, जिसे सोसाइटी द्वारा उधार मंजूर किया गया हो, प्रतिभू चाहे ऐसा प्रतिभू सोसाइटी का सदस्य हो या न हो;

(ड.) कोई अन्य सोसाइटी या ऐसी किसी सोसाइटी का समापक; और

(च) किसी सोसाइटी का लेनदार;

(2) उपधारा (1) के प्रयोजनों के लिए, विवाद के अन्तर्गत निम्नलिखित आयेगे :–

(एक) किसी सोसाइटी द्वारा किसी ऐसे ऋण या ऐसी मांग के लिए, जो किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य के नाम निर्दिष्ट व्यक्ति, वारिस या विधिक प्रतिनिधि द्वारा उस सोसाइटी को शोध्य हो, कोई दावा, चाहे ऐसे ऋण या मांग को स्वीकार किया जाय या नहीं;

COURT BOOK
ENHANCING LEGAL CLARITY

(दो) किसी प्रतिभू द्वारा मूल ऋणी के विरूद्ध उस दषा में कोई दावा जबकि सोसाइटी ने किसी ऐसे ऋण या मांग की बाबत, जो की मूल ऋणी के व्यतिक्रम के परिणाम–स्वरूप मूल ऋणी द्वारा सोसाइटी को शोध्य हो, कोई रकम प्रतिभू से वसूल कर ली हो, चाहे ऐसे ऋण या मांग को स्वीकार किया जाय या नहीं;

(तीन) किसी ऐसी हानि के लिए, जो कि किसी सोसाइटी के किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य, किसी अधिकारी, भूतपूर्व अधिकारी या मृत अधिकारी, किसी अभिकर्ता, भूतपूर्व अभिकर्ता या मृत अभिकर्ता, या किसी सेवक, भूतपूर्व सेवक या मृत सेवक, या उसकी भूतपूर्व या वर्तमान समिति द्वारा पहुंचाई गई हो, उस सोसाइटी द्वारा कोई दावा, चाहे ऐसी हानि को स्वीकार किया जाय या नहीं;

(चार) अधिकारों आदि के बारे में कोई प्रष्न जिसमें किसी गृह निर्माण सोसाइटी तथा उसके अभिधारियों या ऐसी सोसाइटी और उसके सदस्यों के बीच अभिघृति अधिकार सम्मिलित है; और

(पांच) सोसाइटी के किसी अधिकारी के निर्वाचन के संबंध में या सोसाइटी के या संयुक्त सोसाइटी के प्रतिनिधि के निर्वाचन के संबंध में उठने वाला कोई विवादः

परन्तु रजिस्ट्रार उस कालावधि के, जो कि निर्वाचन कार्यक्रम के आख्यापन से प्रारम्भ होकर परिणामों की घोषणा तक की हो, दौरान इस खण्ड के अधीन कोई भी विवाद ग्रहण नहीं करेगा.

(3) यदि कोई ऐसा प्रष्न उद्भूत हो कि क्या रजिस्ट्रार को निर्देषित किया गया कोई विवाद, विवाद है तो उस पर रजिस्ट्रार का विनिष्चय अन्तिम होगा तथा उसे किसी न्यायालय में प्रष्नगत नहीं किया जाएगा.

परिसीमा. 65 (1) इण्डियन लिमिटेषन एक्ट, 1908 (1908 का अधिनियम संख्यांक 9) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए इस अधिनियम में किये गये विनिर्दिष्ट उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए, उन विवादों को, जो कि नीचे वर्णित है, धारा 64 के अधीन रजिस्ट्रार को निर्देषित करने के लिए

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

परिसीमा कालावधिः

(क) जब विवाद किसी सोसाइटी को उसके किसी सदस्य द्वारा शोध्य किसी राषि, जिसके कि अन्तर्गत उस पर का ब्याज भी आता है, की वसूली के संबंध में हो, तब उस तारीख से, जिसको जिसके कि ऐसे सदस्य की मृत्यु हो जाय या जिसको कि वह उस सोसाइटी का सदस्य न रह जाय, छह वर्ष होगी;

(ख) जब विवाद किसी सोसाइटी या उसकी समिति के तथा किसी भूतपूर्व समिति, किसी भूतपूर्व या वर्तमान अधिकारी, या भूतपूर्व या वर्तमान अभिकर्ता, या भूतपूर्व या वर्तमान सेवक या सोसाइटी के किसी मृत अधिकारी, मृत अभिकर्ता या मृत सेवक के नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, वारिस या विधिक प्रतिनिधि, या किसी सदस्य या भूतपूर्व सदस्य, या किसी मृत सदस्य के नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, वारिस या विधिक प्रतिनिधि के बीच हो और जब विवाद, विवाद के किसी भी पक्षकार की ओर से किये गये किसी कार्य या कार्यलोप के संबंध में हो, तब उस तारीख से छः वर्ष होगी जिसको कि वह कार्य या कार्यलोप, जिसके कि संबंध में विवाद उद्‌भूत हुआ है, हुआ हो;

(ग) जब विवाद किसी ऐसी सोसाइटी , जिसका कि धारा 69 के अधीन परिसमापन किया जाने का आदेष किया जा चुका हो या जिसके कि संबंध में किसी नामनिर्दिष्ट समिति या व्यक्ति या व्यक्तियों की नियुक्ति धारा 53 के अधीन कर दी गई हो, के गठन, प्रबंध या कारबार से संबंधित किसी मामले के बारे में हो, तब यथास्थिति धारा 69 तथा धारा 53 के अधीन जारी किए गए आदेष की तारीख से छह वर्ष होगी;

(घ) जब विवाद किसी सोसाइटी के किसी आफिसर के निर्वाचन के संबंध में हो, तब ऐसे निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख से पैंतालिस दिन होगी.

(2) उपधारा (1) में वर्णित विवादों को छोड़कर जिनका रजिस्ट्रार को निर्देषित किया जाना धारा 64 के अधीन अपेक्षित है, किसी भी अन्य वाद की दषा में परिसीमा काल इण्डियन लिमिटेशन एक्ट, 1908 के उपबंधों द्वारा

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

इस प्रकार विनियमित होगा मानो वह विवाद एक वाद है और रजिस्ट्रार सिविल न्यायालय है.

(3) उपधारा (1) तथा (2) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, रजिस्ट्रार किसी विवाद को परिसीमा कालावधि का अवसान हो जाने के पश्चात् भी ग्रहण कर सकेगा यदि आवेदक रजिस्ट्रार का यह समाधान कर देता है कि उस विवाद को ऐसी कालावधि के भीतर निर्देषित न करने के लिए उसके पास पर्याप्त कारण था.

विवाद का निपटारा.

66 (1) रजिस्ट्रार, धारा 64 के अधीन विवाद का निर्देष प्राप्त होने पर, उस विवाद को स्वयं विनिष्चित कर सकेगा अथवा निपटाये जाने के हेतु उसे किसी नामनिर्दिष्ट व्यक्ति या नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों के बोर्ड को, जो कि रजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त किया जाएगा, अन्तरित कर सकेगा.

(2) जहां कोई विवाद किसी नामनिर्दिष्ट व्यक्ति या नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों के किसी बोर्ड द्वारा निपटाये जाने के लिए उपधारा (1) के अधीन अन्तरित कर दिया गया हो, वहां रजिस्ट्रार, लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से, उस विवाद को ऐसे नामनिर्दिष्ट व्यक्ति या नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों के बोर्ड से किसी भी समय प्रत्याहृत कर सकेगा और उस विवाद को स्वयं विनिष्चित कर सकेगा अथवा विनिष्चय के हेतु उसे अपने द्वारा नियुक्त किये गये किसी अन्य नामनिर्दिष्ट व्यक्ति या नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों के बोर्ड को पुनः अन्तरित कर सकेगा.

(3) किसी नामनिर्दिष्ट व्यक्ति या नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों के बोर्ड का, जिसको कि कोई विवाद विनिष्चय के हेतु इस धारा के अधीन अन्तरित किया गया हो विनिष्चय इस धारा के प्रयोजनों के लिए, रजिस्ट्रार का विनिष्चय समझा जाएगा.

विवादों के निपटारे के लिए प्रक्रिया तथा रजिस्ट्रार, उसके नामनिर्दिष्ट व्यक्ति या नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों के बोर्ड की शक्ति.

67 (1) रजिस्ट्रार या उसके नामनिर्दिष्ट व्यक्ति या व्यक्तियों के बोर्ड को अन्तर्वर्ती आदेष करने, जिसके कि अन्तर्गत अस्थायी व्यादेष का दिया जाना आता है, की शक्ति होगी. इस शक्ति का प्रयोग करने में, यथास्थिति रजिस्ट्रार या उसका नाम निर्दिष्ट व्यक्तियों का बोर्ड उस प्रक्रिया का अनुसरण करेगा जो कि ऐसे आदेष करने तथा व्यादेष देने के प्रयोजन के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का अधिनियम संख्यांक 5) में अधिकथित की गई है.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(2) विवाद की सुनवाई में किसी विधि व्यवसायी द्वारा किसी पक्षकार का प्रतिनिधित्व यथास्थिति रजिस्ट्रार या उसके नाम निर्दिष्ट व्यक्ति या नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों के बोर्ड की अनुज्ञा से ही किया जाएगा अन्यथा नहीं :

परन्तु जहां इस प्रकार अनुज्ञा दे दी जाती है, वहां विवाद का दूसरा पक्षकार इस बात का हकदार होगा कि उसका प्रतिनिधित्व विधि व्यवसायी द्वारा किया जाय.

(3) यथास्थिति, रजिस्ट्रार या उसका नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, उन पक्षकारों और साक्षियों के, जो हाजिर होते हैं, साक्ष्य का टिप्पण हिन्दी में अभिलिखित करेगा और इस प्रकार अभिलिखित किए गए साक्ष्य पर दोनों में से किसी भी पक्षकार द्वारा पेष किए गये किसी दस्तावेजी साक्ष्य पर विचार करने के पश्चात, यथास्थिति विनिष्चय या अधिनिर्णय देगा जो लेखबद्ध किया जाएगा. यदि सम्यक्रूप से समन किया गया आवेदक अनुपस्थित रहता है तो मामला व्यतिक्रम के कारण खारिज किया जा सकेगा. यदि अनावेदक अनुपस्थित रहता है तो मामला एक पक्षीय रूप से विनिष्चित किया जा सकेगा. उन मामलों में जहां तीन नामनिर्दिष्ट व्यक्ति नियुक्त किये जाते हैं, बहुसंख्या की राय अभिभावी होगीः

परन्तु जहां कोई विवाद, व्यतिक्रम के कारण किसी पक्षकार के विरूद्ध विनिष्चत किया गया है और ऐसा पक्षकार ऐसे व्यतिक्रम की तारीख से तीस दिन के भीतर रजिस्ट्रार का यह समाधान कर देता है कि उसके उपसंजात न होने के लिए पर्याप्त हेतुक था, वहां रजिस्ट्रार, विनिष्चय को अपास्त करते हुए आदेष करेगा और मामले में कार्यवाही हेतु एक तारीख नियत करेगा.

अधिनिर्णय के पूर्व कुर्की.

68 जहां यथास्थिति रजिस्ट्रार, किसी नामनिर्दिष्ट व्यक्ति या नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों के किसी बोर्ड का, जो धारा 66 के अधीन कार्य कर रहा है, शपथपत्र या जांच के आधार पर या अन्यथा यह समाधान हो जाता है कि किसी निर्देष का कोई पक्षकार किसी ऐसे अधिनिर्णय के, जो कि किया जा सकता है, निष्पादन में विलम्ब करने या बाधा पहुंचाये के आषय से,–

(क) अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति या उसके किसी भाग को व्ययनित करने वाला है; या

(ख) अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति या उसके किसी भाग को

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

रजिस्ट्रार की अधिकारिता से हटाने वाला है,

तो रजिस्ट्रार, कोई विनिर्दिष्ट व्यक्ति या नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों का बोर्ड, जब तक कि पर्याप्त प्रतिभूति न दे दी गई हो उक्त संपत्ति की या उसके ऐसे भाग की, जिसे वह आवष्यक समझे, सषर्त कुर्की अपने द्वारा प्राधिकृत किए गये ऐसे अभिकरण, जिसे वह उचित समझे द्वारा की जाने का निर्देष दे सकेगा और ऐसी कुर्की का इसी प्रकार प्रभाव होगा मानो वह सक्षम सिविल न्यायालय द्वारा की गई हो,

आठवां अध्याय– समापन

सोसाइटियों का परिसमापन.

69 (1) यदि, धारा 59 के अधीन जांच की जा चुकने या धारा 60 के अधीन निरीक्षण किया जा चुकने के पश्चात् या किसी सोसाइटी के कम से कम तीन–चौथाई सदस्यों द्वारा किये गये आवेदन के प्राप्त होने पर, रजिस्ट्रार की यह राय हो कि सोसाइटी का परिसमापन कर दिया जाना चाहिये, तो वह उसका परिसमापन कर दिया जाने का निदेष देते हुए आदेष जारी कर सकेगा.

(2) रजिस्ट्रार, स्वप्रेरणा से, किसी सोसाइटी का परिसमापन किये जाने का निदेष देते हुए आदेष कर सकेगा.–

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(क) जहां उस सोसाइटी ने अपने रजिस्ट्रीकरण के युक्तियुक्त समय के भीतर कार्य करना प्रारंभ नहीं किया हो अथवा जहां उस सोसाइटी ने कार्य करना बन्द कर दिया हो; या

(ख) जहां रजिस्ट्रार की राय में वह सोसाइटी मुख्यतः किसी व्यक्ति के या व्यक्तियों के या समूह के हित को न कि साधारणतः सदस्यों के हित को संप्रवर्तित करने के लिए कार्य करती रही हो; या

(ग) जहां उस सोसाइटी ने इस अधिनियम, नियमों या उपविधियों के अधीन की किन्हीं ऐसी शर्तों का, जो रजिस्ट्रीकरण या प्रबंध के बारे में हों, अनुपालन करना बन्द कर दिया हो या

(घ) जहां कोई प्राथमिक उधार सोसाइटी सदस्यों से अपनी पूरी अतिषोध्य मांग लगातार तीन सहकारी वर्षों तक वसूल न करके व्यतिक्रम करती रहे तथा अतिष्ठान के पश्चात् भी वह सोसाइटी पूरी अतिषोध्य मांग वसूल करने में असफल रहे.

(3) उपधारा (1) या उपधारा (2) के अधीन कोई आदेष तब तक पारित नहीं किया जायगा जब तक कि प्रस्थापित आदेष के विरूद्ध कारण दर्षाने का युक्तियुक्त अवसर संबंधित सोसाइटी को न दे दिया गया हो और उसके द्वारा किये गये अभ्यावेदन, यदि कोई हो, पर विचार न कर लिया गया हो.

(4) रजिस्ट्रार, किसी सोसाइटी के परिसमापन संबंधी किसी आदेष को, उस सोसाइटी का रजिस्ट्रीकरण रद्द होने के पूर्व किसी भी समय, उस दषा में रद्द कर सकेगा जबकि, उसकी राय में, उस सोसाइटी का अस्तित्व में बना रहना आवष्यक है.

(5) इस धारा में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किसी भी सहकारी बैंक का परिसमापन रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की लिखित पूर्व मंजूरी से ही किया जायगा अन्यथा नहीं.

सहकारी बैंक का परिसमापन.

69—क इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी, रजिस्ट्रार किसी सहकारी बैंक के परिसमापन के लिए आदेष करेगा, यदि डिपाजिट इन्ष्योरेन्स एण्ड क्रेडिट गारंटी कारपोरेषन एक्ट, 1961 (क्रमांक 47 सन् 1961) की धारा 13 डी में वर्णित परिस्थितियों में रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाय.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

बीमाकृत बैंक एक मामले में डिपाजिट इन्षोरेन्स कारपोरेषन की प्रतिपूर्ति.

69—ख जहां किसी ऐसे सहकारी बैंक का, जो कि डिपाजिट इन्ष्योरेन्स कारपोरेषन एक्ट, 1961 (क्रमांक 47 सन् 1961) के अर्थ के अन्तर्गत बीमाकृत बैंक हो, परिसमापन कर दिया गया हो या जो समापनाधीन कर दिया गया हो और डिपाजिट इन्ष्योरेन्स कारपोरेषन बीमाकृत बैंक के निक्षेपकर्ताओं के प्रति, उस एक्ट की धारा 16 की उपधारा (1) के अधीन दायित्वाधीन हो गया हो, वहां डिपाजिट इन्ष्यारेन्स कारपोरेषन को उन परिस्थितियों में प्रतिपूर्ति उस सीमा तक तथा उस रीति में की जायेगी जो कि डिपाजिट इन्ष्योरेन्स कारपोरेषन एक्ट, 1961 (क्रमांक 47 सन् 1961) की धारा 21 में उपबंधित है.

समापक की नियुक्ति.

70 (1) जहां रजिस्ट्रार ने किसी सोसाइटी के परिसमापन के लिए धारा 69 के अधीन कोई आदेष किया हो, वहां वह उस प्रयोजन के लिए एक समापक नियुक्त कर सकेगा तथा उसका पारिश्रमिक नियत कर सकेगा और किसी भी ऐसे व्यक्ति को, जो समापक के रूप में नियुक्त किया गया हो, किसी भी समय हटा भी सकेगा और उसके स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति को नियुक्त कर सकेगाः

परन्तु किसी ऐसे सहकारी बैंक के संबंध में, जिसका कि रिजर्व बैंक की अध्यपेक्षा प्राप्त होने पर परिसमापन किया जाने के लिए आदेष दिया गया हो, समापक को रिजर्व बैंक की पूर्व मंजूरी के बिना न तो नियुक्त किया जाएगा और न हटाया जाएगा.

(2) कोई समापक, नियुक्त हो जाने पर, ऐसी समस्त सम्पत्ति, चीजबस्त तथा उन अनुयोज्य दावों को, जिनके लिए कि सोसाइटी हकदार हो या हकदार प्रतीत होती हो, अपनी अभिरक्षा में या अपने नियंत्रण में ले लेगा और ऐसी सम्पत्ति, चीजबस्त तथा दावों की हानि या उनके क्षय या उनको होने वाले नुकसान को रोकने के लिए ऐसे उपाय करेगा जैसे कि वह आवष्यक या समीचीन समझे.

(3) जहां कोई अपील धारा 78 के अधीन की जाय, वहां किसी सोसाइटी के परिसमापन का धारा 69 के अधीन किया गया आदेष तत्पष्चात तब तक प्रवर्तित नहीं किया जायगा जब तक कि आदेष की पुष्टि अपील में न कर दी जायः

परन्तु समापक उपधारा (2) में वर्णित सम्पत्ति, चीजबस्त तथा अनुयोज्य दावों के अभिरक्षा में रखे रहेगा या उन पर नियंत्रण बनाये रखेगा और उसे वे उपाय करने का प्राधिकार होगा जो कि उस उपधारा में विनिर्दिष्ट किये गये हैं.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(4) जहां किसी सोसाइटी के परिसमापन का कोई आदेष अपील में अपास्त कर दिया जाय, वहां उस सोसाइटी की सम्पत्ति, चीजबस्त तथा अनुयोज्य दावे उस सोसाइटी में पुनर्निहित हो जायेंगे.

समापक का नियंत्रण. 70—क समापक की नियुक्ति के पश्चात्, किसी सोसाइटी की समिति की समस्त शक्तियां चाहे वह निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट हो, समाप्त हो जाएंगी और इसके पश्चात्, सोसाइटी के कर्मचारी, समापक के नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करेंगे.

समापक की शक्तियां. 71 (1) इस निमित्त में बनाये गये किन्हीं नियमों के अध्यधीन रहते हुए, किसी ऐसी सोसाइटी की, जिसकी कि बाबत परिसमापन का आदेष कर दिया गया है, समस्त आस्तियां धारा 70 की अधीन नियुक्त किये गये समापक में उस तारीख से निहित हो जायगी जिसको कि वह आदेष प्रभावषील हो और समापक को यह शक्ति होगी कि वह ऐसी आस्तियां विक्रय द्वारा या अन्यथा वसूल करें.

(2) ऐसे समापक को, रजिस्ट्रार के नियंत्रण के अध्यधीन रहते हुए निम्नलिखित शक्तियां भी होंगी.—

(क) सोसाइटी की ओर से वाद एवं अन्य विधिक कार्यवाहियां अपने पदनाम से संस्थित करना तथा वादों एवं अन्य विधिक कार्यवाहियों में सोसाइटी की ओर से प्रतिरक्षा अपने पदनाम से करना;

(ख) सदस्यों या भूतपूर्व सदस्यों द्वारा या मृत सदस्यों की सम्पदाओं या उनके नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों, वारिसों या विधिक प्रतिनिधियों द्वारा या किन्हीं अधिकारियों या भूतपूर्व अधिकारियों द्वारा सोसाइटी की आस्तियों के प्रति किये जाने वाले या किये जाने के लिए शेष रहे अभिदाय (जिसके अन्तर्गत शोध्य ऋण आते हैं) का समय—समय पर अवधारण करनाः

(ग) उन समस्त दावों का, जो सोसाइटी के विरूद्ध हों, अन्वेषण करना तथा इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, पूर्विकता के उन प्रष्नों को, जो दावेदारों के बीच उद्भूत हो, विनिष्चित करना;

(घ) सोसाइटी के विरूद्ध दावों का, जिनमें समापन की तारीख तक का ब्याज सम्मिलित है, उनकी पूर्विकता, यदि कोई हो, के अनुसार पूर्णतः या अनुपाततः जैसी किसी सोसायटी की आस्तियों में गुंजाइष हो भुगतान करना

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

दावों का भुगतान करने के पश्चात् बचा हुआ अधिषेष, यदि कोई हो, समापक के आदेष की तारीख से ब्याज के भुगतान में उपयोजित किया जायगा जो ऐसी दर से होगा जो रजिस्ट्रार द्वारा नियत की जाए किन्तु जो किसी भी दषा में संविदा दर से अधिक न होगाः

(ड.) यह अवधारित करना कि समापन के खर्चों का वहन किन व्यक्तियों द्वारा तथा किस अनुपात में किया जाना है;

(च) यह अवधारित करना कि क्या कोई व्यक्ति सदस्य, भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य का नामनिर्दिष्ट व्यक्ति है;

(छ) सोसाइटी की आस्तियों के संग्रहण तथा वितरण के बारे में ऐसे निर्देष देगा जो कि सोसाइटी के कामकाज का परिसमापन करने के लिए उसे आवष्यक प्रतीत हों;

(ज) सोसाइटी का कारबार उस सीमा तक चलाना जहां तक कि वह उसके फायदाप्रद परिसमापन के लिए आवष्यक है;

(झ) लेनदारों के साथ या उन व्यक्तियों के, जो लेनदार होने का दावा करते हों या जो कोई ऐसा वर्तमान या भावी दावा, जिसके कि द्वारा सोसाइटी को दायी बनाया जा सकता हो, रखते हों या वह अभिकथित करते हों कि वे ऐसा दावा रखते हैं, साथ कोई समझौता या ठहराव करना; और

(ञ) समस्त मांगों या मांगों तथा ऋणों के दायित्वों का और ऋणों में परिणित होने योग्य दायित्वों का, तथा वर्तमान या भावी, निष्चित या समाश्रित समस्त ऐसे दावों का, जो सोसाइटी तथा किसी अभिदायी या अभिकथित अभिदायी या अन्य ऋणी या ऐसे व्यक्ति, जो सोसाइटी के प्रति अपना दायित्व समझता है के बीच अस्तित्व में है या जिनका अस्तित्व में होना माना जाता है और ऐसे समस्त प्रष्नों का, जो सोसाइटी की आस्तियों या उसके परिसमापन से किसी भी रूप में संबंधित है या जो उन पर प्रभाव डालने वाले हैं, समझौता ऐसे निबंधनों पर करना जैसे कि तय पाये जाएं, तथा किसी ऐसी मांग, दायित्व ऋण या दावे के उन्मोचन के लिए कोई प्रतिभूति लेना और उसकी बाबत पूर्ण उन्मोचन करना :

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

परन्तु कोई समापक किसी सदस्य या किसी भूतपूर्व सदस्य से या किसी मृत सदस्य के नाम निर्दिष्ट व्यक्ति, वारिस या विधिक प्रतिनिधि से वसूल किये जाने वाले अभिदाय, ऋण या शोध्यों का तब तक अवधारण नहीं करेगा जब तक कि ऐसे सदस्य या भूतपूर्व सदस्य को या ऐसे नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, वारिस या विधिक प्रतिनिधि को अपनी स्थिति स्पष्ट करने का अवसर न दे दिया गया हो.

(3) जब किसी सोसाइटी के कामकाज का परिसमान कर दिया गया हो तब समापक रजिस्ट्रार को रिपोर्ट करेगा और सोसाइटी के अभिलेख ऐसे स्थान पर जमा करेगा जैसा कि रजिस्ट्रार निर्देषित करे.

समापित सोसाइटियों की अधिषेष आस्तियों का व्ययन.

72 किसी परिसमापित सोसाइटी के समस्त दायित्वों की, जिनके कि अन्तर्गत समादत्त अंषपूंजी है, पूर्ति हो जाने के पश्चात् अधिषेष रही आस्तियां उसके सदस्यों में विभाजित नहीं की जायेंगी अपितु वे किसी ऐसे उद्देष्य, जो कि सोसाइटी की उपविधियों में वर्णित हो, के लिए उपयोजित की जायेंगी और कोई उद्देष्य इस प्रकार वर्णित न हो तब किसी ऐसे लोकोपयोगी उद्देष्य, जो कि सोसाइटी के साधारण सम्मिलन द्वारा अवधारित किया जाय तथा रजिस्ट्रार द्वारा अनुमोदित किया जाय, के लिए उपयोजित की जायगी या वे उनके परामर्ष से रजिस्ट्रार द्वारा निम्नलिखित समस्त या उनमें से किसी के भी लिए या तो सम्पूर्णतः या भागतः समनुदेषित की जा सकेंगी.—

(क) कोई लोकोपयोगी उद्देष्य या स्थानीय या नागरिक हित का कोई उद्देष्य; या

(ख) छत्तीसगढ़ सहकारी संघ मर्यादित या कोई अन्य संस्था या संघ; या

(ग) किसी केन्द्रीय सहकारी बैंक में उतने समय तक के लिए निक्षिप्त रखी जा सकेंगी जब तक कि वैसी ही शर्तों सहित कोई नवीन सोसाइटी रजिस्ट्रीकृत न हो जाय और तब ऐसा अधिषेष, रजिस्ट्रार की सम्मति से, ऐसी नवीन सोसाइटी की रक्षित निधि में निक्षिप्त किया जा सकेगा;

(घ) पूर्त विन्यास अधिनियम, 1890 (1890 का अधिनियम सं. 6) की धारा 2 में यथा परिभाषित कोई पूर्त प्रयोजन; या

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(ड.) प्रत्येक विद्यमान सदस्य को उसकी समादत्त अंषपूंजी के अनुपात में.

नवां अध्याय – अपराध तथा शास्तियां

शब्द "सहकारी" के प्रयोग का प्रतिषेध.

73 (1) कोई भी व्यक्ति, जो इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत की गई किसी सोसाइटी से तथा किसी ऐसे व्यक्ति या उसके हित उत्तराधिकारी से, जिसका कि नाम या अभिधान वह है जिसके कि अधीन वह इस अधिनियम के प्रवृत्त होने की तारीख को व्यापार या कारबार करता रहा हो, राज्य सरकार की मंजूरी के बिना, किसी ऐसे नाम या अभिधान से, जिसका भागरूप शब्द "सहकारी" या किसी भारतीय भाषा में उसका

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

पर्यायवाची शब्द हो, कृत्य नहीं करेगा, व्यापार नहीं करेगा या कारबार नहीं करेगा.

(2) प्रत्येक ऐसा व्यक्ति, जो धारा 14 की उपधारा (2) के उल्लंघन में बनाई गई किसी सोसाइटी का सदस्य है तथा प्रत्येक ऐसा व्यक्ति जो उपधारा (1) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, जुर्माने से, जो दो सौ रूपये तक का हो सकेगा, और चालू रहने वाले अपराध की दषा में, ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसको कि ऐसे अपराध के लिए दोषसिद्धि के पश्चात् ऐसे अपराध चालू रहता है, पांच रूपये अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा.

अपराध. 74 इस अधिनियम के अधीन अपराध होगा यदि.–

(क) कोई समिति या उसका कोई अधिकारी या सदस्य जानबूझकर कोई मिथ्या रिपोर्ट करता है या मिथ्या जानकारी देता है या लेखे रखने में बेईमानी से चूक करता है या मिथ्या लेखे बेईमानी से रखता है; या

(ख) किसी निर्माणाधीन सोसाइटी के लिए अंषदान संग्रह करने वाला कोई व्यक्ति उस अंषदान को, उसकी प्राप्ति से चौदह दिन के भीतर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, केन्द्रीय सहकारी बैंक, किसी नगरीय सहकारी बैंक या किसी डाकघर बचत बैंक में जमा नहीं करता है; या

(ग) किसी निर्माणाधीन सोसाइटी के लिए अंषदान संग्रह करने वाला कोई व्यक्ति इस प्रकार एकत्रित की गई निधियों का उपयोग, रजिस्ट्रीकृत की जाने वाली किसी सोसाइटी के नाम से करता है या अन्यथा कोई कारोबार करने में या व्यापार करने में करता है; या

(घ) किसी सोसाइटी का कोई अधिकारी अपने स्वयं के उपयोग या फायदे के लिए या किसी ऐसे व्यक्ति के, जिसमें कि वह हितबद्ध है, उपयोग या फायदे के लिए, किसी अन्य व्यक्ति के नाम उधार की जानबूझकर सिफारिष करता है या उसे उधार मंजूर करता है; या

(ड.) कोई अधिकारी या समिति का सदस्य, कोई सदस्य किन्हीं पुस्तकों, कागजपत्रों या प्रतिभूतियों को नष्ट करता है, विकृत करता है, परिवर्तित करता है, उनका मिथ्याकरण करता है या उनको

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

गुप्त रखता है या उनको नष्ट किये जाने, विकृत किये जाने, परिवर्तित किये जाने, उनका मिथ्याकरण किया जाने या उनके गुप्त रखे जाने, में संसर्गी है या सोसाइटी के किसी रजिस्टर, लेखा पुस्तक या दस्तावेज में कोई मिथ्या या कपटपूर्ण प्रविष्टि करता है या ऐसा किया जाने में संसर्गी है; या

(च) कोई अधिकारी या कोई सदस्य, जिसके पास जानकारी, पुस्तकें तथा अभिलेख हों, ऐसी जानकारी जानबूझ कर नहीं देता या ऐसी पुस्तकें तथा कागजपत्र पेष नहीं करता है या रजिस्ट्रार द्वारा धारा 53, 58, 59, 60, 67 तथा 70 के अधीन नियुक्त या प्राधिकृत किये गये किसी व्यक्ति की सहायता नही करता है; या

(छ) कोई अधिकारी उस सोसाइटी की, जिसका कि वह अधिकारी है, पुस्तकों अभिलेखों, नगदी, प्रतिभूति तथा अन्य सम्पत्ति का अभिरक्षण धारा 53 या 70 के अधीन नियुक्त किये गये किसी व्यक्ति को जानबूझकर नहीं सौंपता है; या

(ज) कोई सदस्य ऐसी सम्पत्ति का, जिस पर कि सोसाइटी का पूर्विक दावा है, कपटपूर्ण व्ययन करता है या कोई सदस्य या अधिकारी या कर्मचारी या कोई व्यक्ति विक्रय, अन्तरण, बंधक, दान द्वारा या अन्यथा अपनी सम्पत्ति का व्ययन सोसाइटी के शोध्यों का अपवंचन करने के कपटपूर्ण आषय से करता है; या

(झ) कोई नियोजक तथा ऐसे नियोजक की ओर से कार्य करने वाला अन्य निदेषक, प्रबंधक, सचिव या अन्य अधिकारी या अभिकर्ता धारा 42 की उपधारा (2) के उपबंधों का अनुपालन करने में पर्याप्त कारण के बिना चूक करता है; या

(ञ) कोई व्यक्ति किसी ऐसी सम्पत्ति का, जो धारा 40 की उपधारा (1) के अधीन भार के अध्यधीन है, अर्जन करता है या उसके अर्जन में दुष्प्रेरण करता है; या

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(ट) किसी सोसाइटी का कोई अधिकारी या सदस्य या कोई व्यक्ति कोई ऐसा कार्य करता है जो नियमों द्वारा अपराध घोषित किया गया है या ऐसे कार्य लोप का दोषी है जो नियमों द्वारा अपराध घोषित किया गया है.

स्पष्टीकरण.– इस धारा के प्रयोजन के लिए, ऐसे अधिकारी या सदस्य के, जो कि इस धारा में निर्दिष्ट किया गया है, अंतर्गत यथास्थिति भूतपूर्व अधिकारी या भूतपूर्व सदस्य भी आवेगा.

अपराधों के लिए शास्तियां. 75 किसी सोसायटी की प्रत्येक समिति, उसका प्रत्येक अधिकारी या भूतपूर्व अधिकारी या सदस्य या भूतपूर्व सदस्य या कोई कर्मचारी या भूतपूर्व कर्मचारी या कोई अन्य व्यक्ति, किसी ऐसी कार्यवाही पर जो कि तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन उसके विरूद्ध की जा सकती हो, प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना –

(क) जुर्माने से, जो 2,000/– रूपये से अधिक नहीं होगा, दण्डनीय होगा यदि उसे धारा 74 (क) में निर्दिष्ट किये गये किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो; या

(ख) जुर्माने से, जो 1,000/– रूपये से अधिक नहीं होगा, दण्डनीय होगा यदि उसे धारा 74 (ख) में निर्दिष्ट किये गये किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो; या

(ग) जुर्माने से, जो 1,000/– रूपये से अधिक नहीं होगा, दण्डनीय होगा यदि उसे धारा 74 (ग) में निर्दिष्ट किये गये किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो; या

(घ) जुर्माने से, जो 2,000/– रूपये से अधिक नहीं होगा, दण्डनीय होगा यदि उसे धारा 74 (घ) में निर्दिष्ट किये गये किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो; या

(ड़) जुर्माने से, जो 2,000/– रूपये से अधिक नहीं होगा, दण्डनीय होगा यदि उसे धारा 74 (ड़) में निर्दिष्ट किये गये किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो; या

(च) जुर्माने से, जो 250/– रूपये से अधिक नहीं होगा, दण्डनीय होगा यदि उसे धारा 74 (च) में निर्दिष्ट किये गये किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो; या

(छ) जुर्माने से, जो 250 /– रूपये से अधिक नहीं होगा, दण्डनीय होगा यदि उसे धारा 74 (छ) में निर्दिष्ट किये गये किसी अपराध का सिद्धदोष

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

ठहराया गया हो; या

(ज) जुर्माने से, जो 2,000/– से अधिक नहीं होगा, दण्डनीय होगा यदि उसे धारा 74 (ज) में निर्दिष्ट किये गये किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो;या

(झ) जुर्माने से, जो 500/– रूपये से अधिक नहीं होगा, दण्डनीय होगा यदि उसे धारा 74(झ) में निर्दिष्ट किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो; या

(ञ) जुर्माने से जो 1,000/– रूपये से अधिक नहीं होगा, दण्डनीय होगा यदि उसे धारा 74 (ञ) में निर्दिष्ट किये गये किसी अपराध सिद्धदोष ठहराया गया हो; या

(ट) जुर्माने से जो 250/– रूपये से अधिक नहीं होगा, दण्डनीय होगा यदि उसे धारा 74 (ट) में निर्दिष्ट किये गये किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो ।

अपराधों का संज्ञान. 76 (1) प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट के न्यायालय से अवर कोई भी न्यायालय इस अधिनियम के अधीन के किसी अपराध का विचारण नहीं करेगा.

(2) इस अधिनियम के अधीन कोई भी अभियोजन रजिस्ट्रार की लिखित पूर्व मंजूरी के बिना संस्थित नहीं किया जायगा और ऐसी मंजूरी संबंधित व्यक्ति को अपना मामला अभ्यावेदित करने का अवसर दिये बिना नहीं दी जायगी.

दसवां अध्याय– अपीलें, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन

अपील 77 (1) जहां इसके संबंध में अन्यथा उपबंधित है उसे छोडकर, इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों के अधीन पारित किये गये प्रत्येक मूल आदेष की अपीलः–

(एक) उस दषा में जबकि ऐसा आदेष रजिस्ट्रार, अपर रजिस्ट्रार या संयुक्त रजिस्ट्रार से भिन्न किसी अधिकारी के द्वारा पारित किया गया है, चाहे आदेष पारित करने वाला अधिकारी रजिस्ट्रार की शक्तियों से विनिहित हो या न हो, संयुक्त रजिस्ट्रार को होगीः

(दो) उस दषा में जबकि ऐसा आदेष रजिस्ट्रार अथवा

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

अपर रजिस्ट्रार के द्वारा पारित किया गया हो, राज्य सरकार को होगीः

(2) जहां इसके संबंध में अन्यथा उपबंधित है, उसके सिवाय इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों के अधीन प्रथम अपील के प्रत्येक आदेष की द्वितीय अपीलः–

(एक) संयुक्त रजिस्ट्रार के विरूद्ध रजिस्ट्रार अथवा रजिस्ट्रार द्वारा प्राधिकृत अपर रजिस्ट्रार को होगी

(दो) रजिस्ट्रार या अपर रजिस्ट्रार के विरूद्ध राज्य सरकार को होगी।

(3) द्वितीय अपील निम्नलिखित आधारों में से किसी आधार पर होगी, न कि अन्य आधारों पर, अर्थातः–

(एक) यह कि आदेष विधि के प्रतिकूल हैःया

(दो) यह कि आदेष में विधि के कतिपय तात्विक विवादक का अवधारण नहीं हो पाया हैः या

(तीन) यह कि इस अधिनियम द्वारा का पालन करने में ऐसी सारवान गलती या त्रुटि हुई है जिससे कि गुणावगुण पर मामले का विनिष्चय करने में गलती या त्रुटि को गयी हो.

(4) प्रत्येक अपील विहित रीति में संबंधित अपील प्राधिकारी को उस तारीख के जिसको कि वह आदेष, जिससे कि विरूद्ध अपील की गयी है, उस आदेष से प्रभावित हुए पक्षकार को संसूचित किया गया था, तीन दिन के भीतर पेष की जायेगी.

परंतु इस धारा के अधीन परिसीमाकाल की संगणना करने में उस आदेष की, जिससे कि विरूद्ध अपील की गयी है, प्रतिलिपि अभिप्राप्त करने के लिये अपेक्षित समय अपवर्जित कर दिया जायेगा.

पुनरीक्षण 78 (1) राज्य सरकार या रजिस्ट्रार स्वप्रेरणा से या किसी पक्षकार द्वारा किये गये किसी आवेदन पर किसी भी समय निम्नलिखित की वैधता या औचित्य के संबंध में या उसकी कार्यवाहियों की नियमितता के संबधं में अपना समाधान करने के प्रयोजन के लिए, उसकी वैधता या औचित्य के संबंध में ऐसा आदेष पारित कर सकेगा, जैसा कि वह उचित समझे–

(एक) किसी अधीनस्थ अधिकारी द्वारा की गई जॉच या कार्यवाही या पारित किया गया कोई आदेष;

(दो) किसी सोसाईटी या किसी सोसाईटी की समिति या उपसमिति के द्वारा की गई कोई कार्यवाही या विनिष्चय या संकल्प या पारित किया गया कोई आदेष;

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(तीन) किसी सोसाईटी के किसी अधिकारी द्वारा की गई जांच या कार्यवाही या विनिष्चय या पारित किया गया कोई आदेषः

परन्तु, किसी भी आदेष या विनिष्चय या कार्यवाही आदि को पुनरीक्षण में तब तक फेरफारित या उलटा नहीं जाएगा, तब तक कि हितबद्ध पक्षकारों पर सूचना की तामील न कर दी गई हो, और उन्हें सुनवाई का अवसर न दे दिया गया हो।

(2) कोई भी आवेदन ग्रहण नहीं किया जाएगा, जब तक कि वह आदेष की तारीख से तीस दिन के भीतर प्रस्तुत न किया गया हो, और पूर्वोक्त कालावधि की संगणना करने में उक्त आदेष की प्रतिलिपि अभिप्राप्त करने के लिए अपेक्षित समय छोड़ दिया जाएगा.

कतिपय मामलों में कोई अपील या पुनरीक्षण नहीं होगा 79 इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, जहॉ भारतीय रिजर्व बैंक की लिखित पूर्व मंजूरी से या उसकी अध्यप्रेक्षा प्राप्त होने पर –

(एक) किसी सहकारी बैंक के परिसमापन के लिए आदेष किया गया हो;या

(दो) समझौता या ठहराव की अथवा पुननिर्माण या पुनर्गठन या संविलियन की कोई स्कीम बनाई गई हो या प्रभावषील की गई हो;या

(तीन) किसी सहकारी बैंक की समिति के, चाहे वह किसी भी नाम से पुकारी जाती हो, अतिष्ठान या निलम्बन के लिए आदेष दिया गया हो तथा उसके प्रबंध के लिए प्रभारी अधिकारी आदि की नियुक्ति की गई हो, वहां उसके विरुद्ध कोई अपील, पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन नहीं होगा या अनुज्ञेय नहीं होगा और भारतीय रिजर्व बैंक का ऐसा आदेष या मंजूरी या अध्यपेक्षा प्रष्नगत किये जाने के दायित्वाधीन नहीं होगी.

पुननिर्वलोकन 80 राज्य सरकार अथवा रजिस्ट्रार स्वप्रेरणा से या किसी हितबद्ध पक्षकार का आवेदन पत्र प्राप्त होने पर किसी भी मामलें में अपने स्वयं के आदेष का पुनर्विलोकन कर सकेंगे और उसके संबंध में ऐसा आदेष पारित कर सकेंगे, जैसा कि वह न्याय संगत समझेः

परन्तु हितबद्ध पक्षकार द्वारा किया गया कोई भी आवेदन पत्र तब तक ग्रहण नहीं किया जाएगा और न ही किसी मामले को स्वप्रेरणा से लिया जाएगा, जब तक यथास्थिति राज्य सरकार या रजिस्ट्रार का यह समाधार हो जाए कि साक्ष्य की नई तथा महत्वपूर्ण ऐसी बात का पता लगा लिया गया है, जो कि सम्यक् तत्परता का प्रयोग करने के पश्चात् भी उनकी या आवेदक की

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

जानकारी में नहीं थी, वह उसके द्वारा उस समय प्रस्तुत नहीं की जा सकी थी जबकि उसका आदेष किया गया था या यह कि कोई ऐसी भूल या गलती हुई है, जो अभिलेख के देखने से ही प्रकट हो जाती है, या कि कोई अन्य पर्याप्त कारण रहा हैः

परन्तु यह कि, किसी ऐसे आदेष मे जब तक कोई परिवर्तन, संषोधन या उपान्तरण नहीं किया जाएगा या उसका तब तक पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा, जब तक कि हितबद्ध पक्षकारों को उपसंजात होने के लिए तथा सुने जाने के लिए सूचना न दे दी गई होः

परन्तु यह और कि, किसी हितबद्ध पक्षकार के आवेदन पत्र पर किसी आदेष का पुनर्विलोकन तब तक ग्रहण नहीं किया जाएगा, जब तक कि वह आवेदन उस आदेष के पारित किए जाने के नब्बे दिवस के भीतर न किया गया हो।

कतिपय मामलों में अपील प्राधिकारी द्वारा परिसीमाकाल का बढ़ाया जाना

80—क

उन समस्त मामलों में, जिनमें इस अधिनियम के अधीन यह उपबंध किया गया है कि किसी भी विनिष्चय या आदेष के विरुद्ध अपील किसी विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर फाईल की जा सकेगी, अपील प्राधिकारी ऐसी कालावधि का अवसान होने के पश्चात् अपील ग्रहण कर सकेगा। यदि अपीलरार्थी अपील प्राधिकारी का यह समाधान कर दे कि ऐसी कालावधि के भीतर अपील न करने के जिए उसके पास पर्याप्त कारण था।

ममलों का अन्तरण या प्रत्याहरण

80—ख

धारा 77 एवं 78 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए रजिस्ट्रार, अपर रजिस्ट्रार, संयुक्त रजिस्ट्रार या उप—रजिस्ट्रार इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन उद्भूत होने वाले किसी मामले या किसी वर्ग के मामलों को विनिष्चय के लिए अपने अधीनस्थ किसी ऐसे अधिकारी को, जो ऐसे मामले या ऐसे वर्ग के मामलों को विनिष्चय करने के लिए सक्षम हो, अपनी स्वयं की फाइल में से अन्तरित कर सकेगा या वह किसी भी ऐसे अधिकारी से किसी मामले या किसी वर्ग के मामलों को प्रत्याहृत कर सकेगा तथा ऐसे मामलो या ऐसे वर्ग के मामलों के संबंध में स्वयं कार्यवाही कर सकेगा या उन्हें अपने अधीनस्थ किसी अन्य ऐसे अधिकारी को, जो ऐसे मामले या ऐसे वर्ग के मामलों को विनिष्चय करने के लिए सक्षम हो, निर्दिष्ट कर सकेगा।

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

अन्तर्वर्ती आदेश करने की शक्ति

80—ग

जहां कोई अपील या पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन या कोई अन्य आवेदन इस अधिनियम के अधीन राज्य सरकार या रजिस्ट्रार को किया गया हो, वहां यथास्थिति राज्य सरकार या रजिस्ट्रार, न्याय के उद्धेष्यों को विफल होने से रोकने के लिए यथास्थिति अपील या पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन के आवेदन—पत्र पर विनिष्चय लंबित रहने की अवधि में ऐसे अन्तर्वर्ती आदेष कर सकेगा, जो कि उसे न्यायसंगत एवं सुविधापूर्ण प्रतीत हो या ऐसे आदेष कर सकेगा, जो न्याय के उद्धेष्यों के लिए या उसकी प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवष्यक हों।

आदेशों के निष्पादन का रोका जाना

80—घ

(1) अधिकारी या प्राधिकारी जिसने कोई आदेष पारित किया हो या उसका पद उत्तरवर्ती, अपील या पुनरीक्षण के लिए विहित की गई कालावधि का अवसान होने के पूर्व, किसी भी समय, यह निर्देष दे सकेगा कि ऐसे आदेष का निष्पादन उतने समय तक के लिए रोक दिया जाये जो अपील या पुनरीक्षण फाईल करने तथा अपील या पुनरीक्षण प्राधिकारी से रोक आदेष (स्टे आर्डर) अभिप्राप्त करने के लिए अपेक्षित हो।

(2) वह प्राधिकारी, जो धारा 77 या धारा 78 या धारा 80 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर रहा हो, यह निर्देष दे सकेगा कि उस आदेष का, जो अपील या पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन के अधीन है, निष्पादन उतने समय तक के लिए रोक दिया जाए, जैसा कि वह उचित समझे।

(3) किसी आदेष का निष्पादन रोक दिए जाने का निर्देष देने वाला अधिकारी या प्राधिकारी ऐसी शर्ते अधिरोपित कर सकेगा या ऐसी प्रतिभूति दिये जाने का आदेष दे सकेगा, जैसा कि वह उचित समझे ।

लंबित मामलों का अंतरण

80—ड.

मूल अधिनियम के अधीन मध्यप्रदेष राज्य सहकारी अधिकरण के समक्ष छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाईटी (संसोधन) अधिनियम, 2003 के प्रभावषील होने की तारीख पर लंबित प्रत्येक अपील या पुनरीक्षण या कोई अन्य कार्यवाही राज्य सरकार को अंतरित हो जाएगी।

80—च

कोई अधिकारी या कोई प्राधिकारी इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन राज्य सरकार को प्रदत्त की गई ऐसी शक्तियों का जैसा कि राज्य सरकार विषेष या साधारण आदेष से प्रत्यायोजित होकर ऐसे क्षेत्रों के भीतर तथा ऐसे प्रकरणों में प्रयुक्त करेंगे, जैसा कि राज्य सरकार विनिर्दिष्ट करें।

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

ग्यारहवां अध्याय– प्रकीर्ण

सरकार को शोध्य राषियों की वसूली.

81 (1) वे समस्त राषियां, जो किसी सोसाइटी या किसी सोसाइटी के किसी अधिकारी, सदस्य या भूतपूर्व सदस्य या किसी मृत सदस्य द्वारा उस हैसियत में राज्य सरकार को शोध्य हों, जिनके अन्तर्गत कोई ऐसे खर्चे भी आते हैं जो इस अधिनियम के किन्हीं उपबंधों के अधीन सरकार को दिलवाये गये हों, रजिस्ट्रार द्वारा इस संबंध में जारी किये गये प्रमाण पत्र पर, उसी रीति में वसूल किये जा सकेंगे जिस रीति में कि भू–राजस्व के बकाया वसूल किये जाते हैं.

(2) वे राषियां, जो किसी सोसाइटी द्वारा राज्य सरकार को शोध्य हों तथा उपधारा (1) के अधीन वसूली योग्य हों,–

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(क) प्रथमतः, सोसाइटी की सम्पत्ति से;

(ख) द्वितीयतः, किसी ऐसी सोसाइटी की दषा में, जिसके कि सदस्यों का दायित्व सीमित हो, सदस्यों या भूतपूर्व सदस्यों से, या मृत सदस्यों की सम्पदाओं से, उनके दायित्व की सीमा के अध्यधीन रहते हुए,

वसूल की जा सकेगी:

परन्तु मृतक के किसी विधिक प्रतिनिधि का दायित्व मृतक की उस सम्पत्ति की सीमा तक ही होगा जो कि ऐसे विधिक प्रतिनिधि के हाथ में आई हो; और

(ग) तृतीयतः, अन्य सोसाइटियों की दषा में, सदस्यों या भूतपूर्व सदस्यों से या मृत सदस्यों की संपदाओं से वसूल की जा सकेंगी :

परन्तु भूतपूर्व सदस्यों का या मृत सदस्यों की संपदा का दायित्व समस्त मामलों में धारा 29 के उपबंधों के अध्यधीन होगा.

सहकारी सोसाइटी के व्यतिक्रमी सदस्यों के विरूद्ध कार्यवाही करने की किसी वित्तदायी बैंक की शक्ति.

81—क (1) यदि कोई सहकारी सोसाइटी अपने ऋण उस वित्तदायी बैंक को, जिससे कि उसने वे ऋण लिए है, चुकाने में इस कारण असमर्थ हो कि उसके सदस्यों ने उनके द्वारा शोध्य धन का भुगतान करने में व्यतिक्रम किया है, तो वह वित्तदायी बैंक ऐसी सोसाइटी की समिति को निदेष दे सकेगा कि वह ऐसे सदस्यों के विरूद्ध धारा 64 के अधीन कार्यवाही करके अग्रसर हो.

(2) यदि सहकारी सोसाइटी की समिति वित्तदायी बैंक से ऐसा निदेष प्राप्त होने की तारीख से नब्बे दिन की कालावधि के भीतर अपने व्यतिक्रमी सदस्यों के विरूद्ध कार्यवाही न करे, तो वित्तदायी बैंक स्वयं ऐसे व्यतिक्रमी सदस्यों के विरूद्ध कार्यवाही कर सकेगा और उस दषा में इस अधिनियम के उपबंध और उसके अधीन बनाये गये नियम तथा उपविधियां उसी प्रकार लागू होंगी/होंगे मानों कि उक्त उपबंधों, नियमों तथा उपविधियों में सोसाइटी या उसकी समिति के प्रति किये गये समस्त निर्देष वित्तदायी बैंक के प्रति निर्देष हों.

(3) जहां किसी वित्तदायी बैंक ने अपनी ऋणी किसी सोसाइटी के विरूद्ध कोई डिक्री या अधिनिर्णय अभिप्राप्त किया हो, वहां बैंक ऐसे धनों को उस सोसाइटी की

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

आस्तियों से उन ऋणों की सीमा तक जो कि सोसाइटी द्वारा शोध्य हों, वसूल करने की कार्यवाही कर सकेगा.

न्यायालयों की अधिकारिता का वर्जन.

82 (1) इस अधिनियम में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी सिविल या राजस्व न्यायालय को निम्नलिखित के संबंध में कोई अधिकारिता नहीं होगी.–

(क) किसी सोसाइटी का या उपविधियों का या किसी उपविधि के किसी संषोधन का रजिस्ट्रीकरण;

(ख) किसी समिति का हटाया जाना तथा इस प्रकार हटाये जाने के पश्चात् सोसाइटी का प्रबंध;

(ग) कोई ऐसा विवाद जिसका कि रजिस्ट्रार को या उसके नाम निर्दिष्ट व्यक्ति को या नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों के बोर्ड को निर्देषित किया जाना अपेक्षित हो;

(घ) किसी सोसाइटी के परिसमापन तथा उसके विघटन से संबंधित कोई मामला.

(2) जब किसी सोसाइटी का परिसमापन किया जा रहा है, तो ऐसी सोसाइटी के कारबार के संबंध में समापक के विरूद्ध उस हैसियत में, या उस सोसाइटी के या उसके किसी सदस्य के विरूद्ध कोई वाद या अन्य विधिक कार्यवाहियां रजिस्ट्रार की अनुमति से तथा ऐसे निबन्धनों के, जैसे कि वह अधिरोपित करे, अध्यधीन रहते हुए ही अग्रसर की जायगी या संस्थित की जायेगी अन्यथा नहीं.

(3) इस अधिनियम में यथा उपबंधित के सिवाय, इस अधिनियम के अधीन किया गया कोई आदेष, विनिष्चय या अधिनिर्णय किसी भी न्यायालय में किसी भी आधार पर प्रष्नगत नहीं किया जायगा.

खर्चे की वसूली.

83. कोई राषि, जो धारा 63 के अधीन खर्च के रूप में अधिनिर्णित की गई हो, रजिस्ट्रार द्वारा, किसी ऐसे मजिस्ट्रेट को आवेदन किया जाने पर जो उस स्थानीय क्षेत्र पर अधिकारिता रखता है जहां कि वह व्यक्ति, जिससे कि वह रकम दावा की जाने योग्य है, निवास करता है या कारबार करता है, ऐसे व्यक्ति की किसी ऐसी सम्पत्ति को, जो कि ऐसे मजिस्ट्रेट की अधिकारिता की सीमाओं के भीतर हो, बेचकर वसूल की जा सकेगी और ऐसा मजिस्ट्रेट उसे वसूल करने के लिए उसी रीति में कार्यवाही करेगा मानो कि यह राषि स्वयं उसके द्वारा अधिरोपित किया गया जुर्माना हो.

भार का प्रवर्तन.

84 सातवें अध्याय में या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किन्तु वसूली की किसी अन्य रीति पर, जो कि इस अधिनियम में उपबंधित

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

है, प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, रजिस्ट्रार या रजिस्ट्रार द्वारा इस संबंध में सषक्त किया गया कोई भी व्यक्ति, सोसाइटी का आवेदन प्राप्त होने पर तथा ऐसे नियमों के अध्यधीन रहते हुए जैसे कि राज्य सरकार इस संबंध में बनाए, किसी सदस्य या भूतपूर्व या मृत सदस्य द्वारा सोसाइटी को शोध्य किसी ऋण या परादेय मांग का, उस संपत्ति या उसमें के किसी हित की, जो धारा 40 की उपधारा (1), धारा 41 की उपधारा (1) तथा धारा 42 की उपधारा (1), (2) तथा (3) के अधीन किसी भार के अध्यधीन हो, कुर्की तथा विक्रय द्वारा या ऐसी कालावधि के लिए तथा ऐसे निबंधनों एवं शर्तों के अध्यधीन रहते हुए जैसी कि रजिस्ट्रार या ऐसा अन्य व्यक्ति विनिर्दिष्ट करे, किसी अन्य रीति में उसके अन्तरण द्वारा भुगतान किये जाने का निर्देष देते हुए आदेष कर सकेगा :

परन्तु इस धारा के अधीन कोई भी आदेष तब तक नहीं किया जायगा जब तक कि सदस्य पर, भूतपूर्व सदस्य पर या मृत सदस्य के नाम निर्देषित व्यक्ति, वारिस या विधिक प्रतिनिधि पर आवेदन की सूचना की तामील न कर दी गई हो और उसने ऐसे तामील की तारीख से तीस दिन के भीतर ऋण या परादेय मांग का भुगतान करने में चूक न की हो.

कतिपय सोसाइटियों को शोध्य राषियों की वसूली.

84—क (1) धारा 64, 69 और 78 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी किसी सहकारी गृह निर्माण सोसाईटी अथवा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी आवास संघ या प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक द्वारा अपनी बकाया शोध्य राषि की वसूली के लिए आवेदन किया जाने पर रजिस्ट्रार ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसी कि वह उचित समझे, उसमें कथित रकम की वसूली के लिए उसके बकाया के रुप मे शोध्य होने का प्रमाण पत्र प्रदान कर सकेगा।

(2) रजिस्ट्रार द्वारा प्रदत्त प्रमाण—पत्र उसमें कथित बकाया का अंतिम एवं निष्चायक सबूत होगा और वह भू—राजस्व के बकाया के रूप में वसूली योग्य होगा.

आदेषों आदि का निष्पादन.

85 इस अधिनियम के किन्हीं भी उपबंधों के अधीन रजिस्ट्रार द्वारा पारित किया गया प्रत्येक आदेष या किया गया प्रत्येक अधिनिर्णय या किया गया प्रत्येक विनिष्चय, अपीली या पुनरीक्षण प्राधिकारियों द्वारा पारित किया गया प्रत्येक आदेष और समापक द्वारा किया गया प्रत्येक आदेष या विनिष्चय, यदि कार्यान्वित न किया गया हो,—

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(क) रजिस्ट्रार द्वारा या उसके द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत किये गये किसी व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र के दे दिये जाने पर, सिविल न्यायालय की डिक्री समझा जायगा और उसी रीति में निष्पादित किया जायगा जिस रीति में कि ऐसे न्यायालय की डिक्री निष्पादित की जाती है; या

(ख) उस विधि के अनुसार तथा उन नियमों के अधीन, जो कि भू–राजस्व के बकाया की वसूली के लिए तत्समय प्रवृत्त हों, निष्पादित किया जायगा; या

(ग) रजिस्ट्रार द्वारा या इस संबंध में रजिस्ट्रार द्वारा सषक्त किये गये किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, उस व्यक्ति या सोसाइटी की, जिसके कि विरूद्ध आदेष, विनिष्चय या पंचाट अभिप्राप्त किया गया हो या पारित किया गया हो, किसी संपत्ति को ऐसी रीति में, जैसी कि विहित की जाय, कुर्क करके तथा अन्तरित करके या बेच कर या कुर्क किये बिना बेच कर निष्पादित किया जायगा :

परन्तु खण्ड (ख) के अधीन वसूली के लिए कोई भी आवेदन–

(एक) कलेक्टर को किया जायगा और उसके साथ रजिस्ट्रार द्वारा या उसके द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत किये गये किसी व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र संलग्न होगाः और

(दो) आदेष, विनिष्चय या पंचाट में नियत की गई तारीख से पांच वर्ष के भीतर और यदि ऐसी कोई तारीख नियत न की गई हो, तो यथास्थिति आदेष, विनिष्चय या पंचाट की तारीख से पांच वर्ष के भीतर किया जायगा.

स्थावर संपत्ति का कब्जा देने के आदेष को निष्पादित करने की रीति.

85–क जब किसी व्यक्ति के विरूद्ध स्थावर संपत्ति का कब्जा देने का आदेष इस अधिनियम के अधीन पारित कर दिया गया हो, तो ऐसा आदेष निम्नलिखित रीति में निष्पादित किया जायगा, अर्थात् :–

(क) कब्जा रखने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों पर एक सूचना की तामील करके जिससे उससे / उनसे यह अपेक्षा की जायगी कि वह / वे

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

उक्त सूचना की प्राप्ति के पश्चात् ऐसे समय के भीतर, जैसा कि युक्तियुक्त प्रतीत हो, उसे रिक्त कर दे / दें; और

(ख) यदि ऐसी सूचना का पालन न किया जाय तो किसी ऐसे व्यक्ति को, जो उसे रिक्त करने से इन्कार करे, हटाकर या हटाने के लिए किसी अधीनस्थ को प्रतिनियुक्त करके, और

(ग) यदि कोई व्यक्ति किसी ऐसे व्यक्ति को हटाने वाले अधिकारी का प्रतिरोध करे या उसे बाधा पहुंचाये, तो धारा 3 में विनिर्दिष्ट किये गये अधिकारियों में से किसी भी अधिकारी को नियुक्त करके जो मामले के तथ्यों की संक्षिप्त जांच करेगा और यदि उसका यह समाधान हो जाय कि प्रतिरोध या बाधा का कोई न्यायसंगत कारण नहीं था और यह कि ऐसा प्रतिरोध या बाधा अभी भी चालू है, तो वह किन्हीं भी ऐसी कार्यवाहियों पर, जिनके कि लिए ऐसा व्यक्ति ऐसे प्रतिरोध या बाधा संबंधी दंड से संबंधित तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन दायी हो, प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसी कार्यवाही कर सकेगा या करवा सकेगा और ऐसा बल प्रयोग कर सकेगा या करवा सकेगा, जो ऐसे अधिकारी की राय में, उस आदेष के अनुपालन को सुनिष्चित करने के लिए युक्तियुक्त रूप से आवष्यक हो.

सूचना की तामील.

86 (1) ऐसी प्रत्येक सूचना या आदेष को, जो इस अधिनियम, नियमों या उपविधियों के अधीन जारी की गई या किया गया है, किसी व्यक्ति पर तामील, उसे रसीदी रजिस्ट्रीकृत डाकपत्र द्वारा, जिसमें वह सूचना या आदेष अन्तर्विष्ट होगा, ऐसे व्यक्ति के निवास या कारबार के अन्तिम ज्ञात स्थान पर उचित रूप से संबोधित करके की जा सकेगीः

परन्तु किसी सहकारी समिति द्वारा बुलाये गये किसी सम्मिलन से संबंधित सूचना डाक प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट ऑफ पोस्टिंग) के अधीन और या उसकी प्राप्ति की अभिस्वीकृति अभिप्राप्त करने के पश्चात् व्यक्तिषः परिदत्त करके जारी की जायगी.

(2) कोई अभिस्वीकृति, जिसका कि ऐसे व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित होना तात्पर्यित हो, या किसी डाक कर्मचारी द्वारा किया गया इस आषय का पृष्ठांकन कि उस व्यक्ति ने परिदान लेने से इन्कार कर दिया है, तामील का प्रथम

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

दृष्टया साक्ष्य समझा जा सकेगा :

परन्तु यदि सूचना की तामील इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों, या सोसाइटी की उपविधियों के अधीन उपबंधित किसी रीति में नहीं की जा सकती हो तो उसकी एक प्रति उस व्यक्ति, के जिसे सूचना दी जानी है, अंतिम ज्ञात निवास स्थान पर या ऐसे स्थान पर या ऐसे स्थान में लोक समागम के किसी स्थान पर लगाई जाएगी.

रजिस्ट्रार तथा अन्य अधिकारी आदि, लोकसेवक होंगे. 87 ऐसा प्रत्येक अधिकारी या व्यक्ति तथा साथ ही किसी सहकारी बैंक या किसी सहकारी सोसाइटी का प्रत्येक कर्मचारी या प्रत्येक प्राधिकारी जो इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों, उपविधियों के अधीन की शक्तियों का प्रयोग कर रहा हो या उन शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत हो, भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का सं. 45) की धारा 21 के अर्थ के अन्तर्गत लोक सेवक समझा जायगा.

सद्भावपूर्वक किये गये कार्यों के लिए परित्राण. 88 रजिस्ट्रार या किसी ऐसे व्यक्ति के, जो उसका अधीनस्थ हो या उसके प्राधिकार के अधीन कार्य कर रहा हो, विरूद्ध किसी भी ऐसी बात के संबंध में, जो कि उसके द्वारा इस अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक की गई हो या जिसका कि उसके द्वारा इस अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक किया जाना तात्पर्यित रहा हो, कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही नहीं होगी.

सिविल न्यायालयों की शक्तियां. 89 (1) रजिस्ट्रार, उसके नाम निर्दिष्ट व्यक्ति या नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों के बोर्ड या किसी ऐसे अन्य व्यक्ति को, जो किसी विवाद का विनिष्चय कर रहा हो, तथा किसी सोसाइटी के समापक को, इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन उसे प्रदत्त की गई शक्तियों का प्रयोग करते समय, निम्नलिखित बातों के संबंध में वे समस्त शक्तियां प्राप्त होंगी जो कि सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का अधिनियम सं. 5) के अधीन किसी वाद का विचारण करते समय किसी सिविल न्यायालय को होती है, अर्थात् :—

(क) किसी व्यक्ति को समन करना तथा उसको हाजिर कराना तथा शपथ पर उसकी परीक्षा करना;

(ख) किसी दस्तावेज के प्रकटीकरण तथा उसे पेष किये जाने की अपेक्षा करना;

(ग) शपथपत्रों द्वारा तथ्यों का सबूत; और

(घ) साक्षियों की परीक्षा के लिए कमीषन निकालना.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

		(2)	किसी शपथ पत्र की दषा में, यथास्थिति रजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त किया गया कोई अधिकारी, उसका नाम निर्देषित व्यक्ति या नामनिर्देषित व्यक्तियों का बोर्ड या समापक अभिसाक्षी को शपथ दिला सकेगा.
रजिस्ट्रार या उसके द्वारा सषक्त किया गया व्यक्ति कतिपय प्रयोजनों के लिए सिविल न्यायालय होगा.	90		रजिस्ट्रार या उसके द्वारा इस संबंध में सषक्त किये गये किसी व्यक्ति को जबकि वह किसी सम्पत्ति को कुर्क करके तथा बेचकर या कुर्क किये बिना बेचकर कोई रकम वसूल करने के लिए इस अधिनियम के अधीन की किन्हीं शक्तियों का प्रयोग कर रहा हो या जबकि वह किसी ऐसे आवेदन पर, जो कि ऐसी वसूली करने के लिए या ऐसी वसूली करने के हेतु सहायक कदम उठाने के लिए उसको किया गया हो, कोई आदेष पारित कर रहा हो, इंडियन लिमिटेषन एक्ट 1908, (1908 का संख्यांक 9) की अनुसूची 1 के अनुच्छेद 182 के प्रयोजनों के लिए सिविल न्यायालय समझा जायगा.
कंपनी अधिनियम लागू नहीं होगा.	92		कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम सं.1) के उपबंध इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत की गई सोसाइटियों को लागू नहीं होंगे.
कतिपय अन्य अधिनियम सहकारी सोसाइटियों को लागू नहीं होंगे.	93		छत्तीसगढ़ दुकान तथा स्थापना अधिनियम, 1958 (क्र. 25 सन् 1958), छत्तीसगढ़ इण्डस्ट्रियल वर्कमेन (स्टेण्डिग आर्डर्स) एक्ट, 1959 (क्र. 19 सन् 1959) तथा छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम, 1960 (क्र. 27 सन् 1960) में अन्तर्विष्ट कोई भी बात इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत की गई किसी सोसाइटी को लागू नहीं होगी.
वादों में सूचना देना आवष्यक होगा.	94		किसी सोसाइटी या उसके अधिकारियों में से किसी भी अधिकारी के विरूद्ध किसी भी ऐसे कार्य के संबंध में, जो उस सोसाइटी के गठन, प्रबंध या कारबार से संबंधित हो, कोई भी वाद तब तक संस्थित नहीं किया जायगा जब तक कि ऐसी लिखित सूचना, जिसमें कि वाद–हेतुक, वादी का नाम, विवरण तथा उसका निवास स्थान एवं वह अनुतोष, जिसका कि वह दावा करता हो, कथित किया गया हो, रजिस्ट्रार को परिदत्त कर दी जाने या उसके कार्यालय में छोड़ दी जाने के पश्चात् से आगामी दो मास का अवसान न हो गया हो, और वाद पत्र में यह कथन अंतर्विष्ट होगा कि ऐसी सूचना इस प्रकार परिदत्त की जा चुकी है या छोड़ी जा चुकी है.
नियम बनाने की शक्ति.	95	(1)	सरकार, संपूर्ण राज्य के लिए या उसके किसी भाग के लिए तथा किसी सोसाइटी या किसी वर्ग की सोसाइटियों के लिए, नियम ऐसी सोसाइटी के या ऐसे वर्ग की सोसाइटियों के कामकाज के संचालन या विनियमन के हेतु तथा इस अधिनियम के समस्त प्रयोजनों या उनमें से किसी भी प्रयोजन को कार्यान्वित

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

करने के लिए बना सकेगी.

(2) विषिष्टतया तथा पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियम .–

(क) धारा 3 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उन शक्तियों का जो कि रजिस्ट्रार में निहित है, रजिस्ट्रार की सहायता करने के लिए नियुक्त किये गये व्यक्तियों को प्रत्यायोजन विहित कर सकेंगे तथा रजिस्ट्रार को उपविधियों के प्रस्थापित संषोधन की प्रतिलिपियां भेजने की रीति विहित कर सकेंगे;

(ख) किसी सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करने में प्रयोग में लाये जाने वाले प्रारूप तथा अनुपालन की जाने वाली शर्तें एवं ऐसे आवेदनों के विषय में अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया विहित कर सकेंगे;

(ग) वे विषय, जिनके संबंध में कोई सोसाइटी उपविधियां बना सकेगी अथवा जिनके संबंध में उपविधियां बनाने के लिए रजिस्ट्रार किसी सोसाइटी को निदेष दे सकेगा, तथा वह प्रक्रिया, जिसका कि अनुसरण उपविधियां बनाने, उनमें परिवर्तन करने तथा उन्हें निराकृत करने में किया जायेगा एवं वे शर्तें जिनको कि उपविधियों के इस प्रकार बनाये जाने, परिवर्तित किये जाने या निराकृत किये जाने के पूर्व पूरा किया जायगा, विहित कर सकेंगे;

(ग–1) किसी सोसाइटी के किसी सदस्य के प्रषिक्षण के लिए कालावधि विहित कर सकेंगे तथा प्रषिक्षण पाठ्यक्रम में हाजिर होने के लिए किसी सोसाइटी के किसी सदस्य से अपेक्षा करने की रीति विहित कर सकेंगे;

(ग–2) किसी संघीय सोसायटी के वैयक्तिक सदस्य के मतदान संबंधी अधिकार का विनियमन करने की रीति विहित कर सकेंगे;

(घ) सोसाइटी का नाम या उसका दायित्व तब्दील करने के लिए तथा उसके पुनर्संगठन या पुनर्गठन के लिए अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया तथा अनुपालन की जाने वाली शर्तें विहित कर सकेंगे;

(ड.) वे शर्तें, जिनका अनुपालन सदस्य के रूप में प्रवेष के लिए आवेदन करने वाले या सदस्य के रूप में प्रविष्ट किये गये व्यक्ति द्वारा किया

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

जायगा, विहित कर सकेंगे तथा सदस्यों के निर्वाचन एवं प्रवेष के लिए तथा सदस्यता के अधिकार का प्रयोग करने के पूर्व किये जाने वाले भुगतान एवं अर्जित किये जाने वाले हित के लिए उपबन्ध कर सकेंगे;

(च) धारा 24 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, किसी सोसाइटी के अंषों की वह अधिकतम संख्या या उसकी पूंजी का वह भाग, जो कि किसी सदस्य द्वारा धारण किया जा सकेगा, विहित कर सकेंगे;

(छ) सदस्यों के वापिस लिये जाने या हटाये जाने तथा उनको संदाय करने के लिए उपबन्ध कर सकेंगे;

(ज) उस व्यक्ति के, जिसे कि किसी मृत सदस्य का अंष या हित संदत्त या अन्तरित किया जा सकेगा, नाम–निर्देषन के लिए उपबंध कर सकेंगे;

(झ) किसी भूतपूर्व सदस्य या मृत सदस्य के अंष या हित का मूल्य अभिनिष्चित करने के लिए उपबन्ध कर सकेंगे;

(त्र) उधार के लिए आवेदन करने वाले सदस्यों को किये जाने वाले भुगतान तथा उनके द्वारा अनुपालन की जाने वाली शर्तें, वह कालावधि, जिसके लिए उधार दिये जा सकेंगे तथा वह रकम, जो किसी एक सदस्य को उधार दी जा सकेगी, विहित कर सकेंगे;

(त्र–1) किसी संसाधन सोसाइटी में अनुसूचित जातियों/ अनुसूचित जनजातियों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सदस्यों के लिए स्थानों के आरक्षण के लिए अनुपात विहित कर सकेंगे तथा यह उपबन्ध कर सकेंगे कि उपर्युक्त जातियों, जनजातियों या वर्गों का कोई सदस्य किसी संसाधन सोसाइटी के अध्यक्ष/ सभापति या उपाध्यक्ष/उप–सभापति का पद धारण करेगा;

(ट) रजिस्ट्रार के या किसी अन्य अधिकारी या प्राधिकारी के कार्यालय में दस्तावेजों के निरीक्षण के लिए तथा उन दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपियां दी जाने के लिए फीस के उद्ग्रहण के लिए उपबन्ध कर सकेंगे;

(ठ) सदस्यों का रजिस्टर और जहां सदस्यों का दायित्व अंषों द्वारा परिसीमित हो, वहां अंषों का

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

रजिस्टर तथा सदस्यों की सूची बनाई जाने तथा रखी जाने के लिए उपबंध कर सकेंगे;

(ड) यह सुनिष्चित करने के लिए उपबंध कर सकेंगे कि किसी सोसाइटी की अंषपूंजी यह सुनिष्चित करने के लिए कि अंष के मूल्य में वृद्धि नहीं होगी और आवष्यकतानुसार सोसाइटी के लिए आवष्यक पूंजी उपलब्ध रहेगी, आवष्यकतानुसार परिवर्तित की जा सकेगी;

(ढ) वे निबन्धन तथा शर्तें जिन पर कि सरकार सोसाइटियों को अंषपूंजी अभिदाय कर सकेगी या उन्हें वित्तीय या अन्य सहायता दे सकेगी, और वे निबंधन तथा शर्तें, जिन पर कि सरकार सोसाइटी द्वारा जारी किये गये डिबेंचरों या लिये गये उधारों के मूलधन या उन पर के ब्याज के भुगतान के लिए प्रतिभूति दे सकेगी, विहित कर सकेंगे;

(ण) वह रीति, जिसमें किसी सोसाइटी या सोसाइटियों के किसी वर्ग द्वारा अंषों के या डिबेंचरों के आधार पर या अन्यथा निधियां इकट्ठी की जा सकेंगी और इस प्रकार इकट्ठी की गई निधियों की मात्रा विनियमित कर सकेंगे;

(त) किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य, या मृत सदस्य द्वारा सोसाइटी को देय ऋण या बकाया मांग के ब्यौरे के बारे में तहसीलदार को संसूचना देने की रीति विहित कर सकेंगे;

(थ) वह प्रक्रिया, जिसके द्वारा कोई सोसाइटी डूबन्त ऋणों की संगणना करेगी तथा उन्हें बट्टे खाते डालेगी, विहित कर सकेंगे;

(द) आरक्षित निधियां बनाई जाने तथा रखी जाने एवं उद्देष्यों, जिनके कि लिए ऐसी निधियां उपयोजित की जा सकेंगी, के लिए तथा सोसाइटी के नियंत्रणाधीन किसी निधि, जिसके अन्तर्गत आरक्षित निधि आती है, के विनियोजन तथा उपयोग के लिए उपबंध कर सकेंगे;

(ध) वह दर, जिस पर कि कोई सोसाइटी छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के लेखे अभिदाय करेगी, विहित कर सकेंगे;

(न) धारा 44 के अधीन किसी सोसाइटी की निधियों के विनिहित किये जाने का प्रकार तथा किसी प्रतिभूति या प्रतिभूतियों के किसी वर्ग में विनिधान का अनुपात विहित कर सकेंगे;

(प) किसी ऐसे भविष्य निधि के प्रति, जो कि किसी सोसाइटी द्वारा उन अधिकारियों या कर्मचारियों के, जो कि उनके द्वारा नियोजित किये गये हों,

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

फायदे के लिए स्थापित की गई हो, अभिदाय के संदाय के लिए तथा ऐसी भविष्य निधि के प्रषासन के लिए उपबंध कर सकेंगे;

(फ) सदस्यों के साधारण सम्मिलनों के लिए तथा ऐसे सम्मिलनों में की प्रक्रिया तथा ऐसे सम्मिलनों द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के लिए उपबंध कर सकेंगे;

(ब) समिति के सदस्यों तथा अन्य अधिकारियों की नियुक्ति, उनके निलंबन एवं उनके हटाये जाने के लिए तथा धारा 53 के अधीन किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए उपबंध कर सकेंगे और समिति के सम्मिलनों में की प्रक्रिया विहित कर सकेंगे तथा समिति, व्यक्ति या व्यक्तियों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों तथा पालन किये जाने वाले कर्त्तव्यों के लिए उपबंध कर सकेंगे;

(भ) किसी सोसाइटी या किसी वर्ग की सोसाइटियों की समिति के सदस्यों तथा किसी सोसाइटी या किसी वर्ग की सोसाइटियों के कर्मचारियों के लिए अर्हताएं और निरर्हताएं तथा सेवा की वे शर्तें, जिनके कि अध्यधीन व्यक्तियों की सोसाइटियों द्वारा नियुक्ति की जा सकेगी, विहित कर सकेंगे;

(म) सोसाइटी द्वारा रजिस्ट्रार को प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियां विहित कर सकेंगे तथा ऐसे व्यक्ति जिसके द्वारा तथा ऐसे प्ररूप जिसमें ऐसी विवरणियां प्रस्तुत की जायंगी, के संबंध में उपबंध कर सकेंगे;

(य) ऐसे व्यक्ति, जिसके द्वारा तथा ऐसे प्ररूप जिसमें दस्तावेजों तथा सोसाइटी की पुस्तकों में की प्रविष्टियों की प्रतिलिपियां प्रमाणित की जा सकेंगी, के संबंध में तथा उनकी प्रतिलिपियों का प्रदाय किया जाने के लिए उद्ग्रहित किये जाने वाले प्रभारों के लिए उपबंध कर सकेंगे;

(कक) वे लेखे तथा पुस्तकें, जो सोसाइटी द्वारा रखी जानी हों, विहित कर सकेंगे तथा ऐसे लेखाओं की संपरीक्षा एवं ऐसी संपरीक्षा के लिए किये जाने वाले प्रभारों, यदि कोई हों, के लिए तथा किसी सोसाइटी की आस्तियां तथा उसका दायित्व दर्षाने वाले तुलनपत्र के नियतकालिक प्रकाषन के लिए उपबंध कर सकेंगे;

(खख) रजिस्ट्रार के नामनिर्देषित व्यक्ति या नामनिर्देषित व्यक्तियों के बोर्ड की नियुक्ति के लिए, उन कार्यवाहियों में, जो रजिस्ट्रार, उसके नामनिर्देषित

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

व्यक्ति या नामनिर्देषित व्यक्तियों के बोर्ड के समक्ष हों, अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया के लिए तथा विवाद के अवधारण के लिए व्ययों के नियत तथा उद्ग्रहित किये जाने के लिए और ऐसी कार्यवाहियों में विनिष्चयों को प्रवर्तित या अधिनिर्णयों को निष्पादित करने के लिए उपबंध कर सकेंगे;

(गग) आदेषिकाओं के जारी किये जाने तथा उनकी तामील के लिए उपबंध कर सकेंगे;

(घघ) इस अधिनियम या नियमों के अधीन शोध्य किन्हीं राषियों की वसूली के लिए प्रक्रिया तथा उसकी पद्धति विहित कर सकेंगे;

(ड.ड.) धारा 68 के अधीन कुर्क की गई संपत्ति की अभिरक्षा के लिए अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया विहित कर सकेंगे;

(चच) धारा 71 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग के लिए प्रक्रिया तथा शर्तें एवं किसी समापक द्वारा अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया विहित कर सकेंगे और अधिषेष आस्तियों के व्ययन के लिए उपबंध कर सकेंगे;

(छछ) अपीलें, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन पेष करने तथा निपटारे में अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया विहित कर सकेंगे;

(झझ) किसी ऐसे आदेष, विनिष्चय या अधिनिर्णय के, जिसका संसूचित या प्रकाषित किया जाना इस अधिनियम या नियमों के अधीन अपेक्षित है, संसूचित किये जाने या प्रकाषित किये जाने की पद्धति विहित कर सकेंगे;

(त्रत्र) समस्त ऐसे विषयों के लिए, जिनका कि नियमों द्वारा विहित किया जाना इस अधिनियम द्वारा अपेक्षित या अनुज्ञात हो, उपबंध कर सकेंगे.

(3) इस अधिनियम के अधीन बनाये गये समस्त नियम विधान सभा के पटल पर रखे जायेंगे.

निरसन तथा व्यावृत्तियां.

96 (1) महाकौषल क्षेत्र को लागू हुए रुप में को–आपॅरेटिव्ह सोसाइटीज एक्ट, 1912 (क्रमांक 2 सन् 1912), मध्यभारत सहकारी संस्था विधान, 1955 (क्रमांक 9 सन् 1955), विन्ध्यप्रदेष को–आपॅरेटिव्ह सोसाइटीज आर्डिनेस, 1949 (क्रमांक 21 सन् 1949), भोपाल स्टेट को–आपॅरेटिव्ह सोसायटीज एक्ट, 1937 (क्रमांक 11 सन् 1937) तथा सिरोंज क्षेत्र को लागू हुए रुप में राजस्थान को–आपॅरेटिव्ह सोसाइटीज एक्ट, 1953 (क्रमांक 4 सन् 1953) एतद् द्वारा निरस्त किए जाते हैं।

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी,–

(एक) किसी भी ऐसी सोसाइटी के, जो उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट की गई अधिनियमितियों के अधीन रजिस्ट्रीकृत की गई है और रजिस्ट्रीकृत की गई समझी जाती है, संबंध में यह समझा जायगा कि वह इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत की गई और उसकी उपविधियों के, जहां तक कि वे इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हों , संबंध में यह समझा जायगा कि वे इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत की गई है और तब तक प्रवृत्त बनी रहेंगी जब तक कि परिवर्तित या विखंडित न कर दी जायें.

(दो) उक्त अधिनियमितियों में से किसी भी अधिनियमिति के अधीन की गई समस्त नियुक्तियों, बनाये गये नियमों, किये गये आदेषों, जारी की गई अधिसूचनाओं तथा सूचनाओं एवं संस्थित किये गये वादों तथा अन्य कार्यवाहियों के संबंध में यावत्षक्य यह समझा जायगा कि वे इस अधिनियम के अधीन क्रमषः की गई है, बनाये गये हैं, किये गये हैं, जारी की गई तथा संस्थित की गई हैं.

की पूर्ण अदायगी
द्वारा भेजे जाने के
अनुमति-पत्र
पंजीयन

सत्यमेव जयते

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 184-ब] रायपुर, मंगलवार, दिनांक 28 अगस्त 2001—भाद्र 6, शक 1923

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 28 अगस्त 2001

क्रमांक 4535/363/प्र./2001.—छत्तीसगढ़ विधान सभा का निम्नलिखित अधिनियम जिस पर दिनांक 23-8-2001 को राज्यपाल महोदय की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आई. एस. उबोवेजा, उप-सचिव.

छत्तीसगढ़ अधिनियम

(क्रमांक 11 सन् 2001)

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2001

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 को संशोधित करने [illegible]

भारत गणराज्य के बावनवें वर्ष में छत्तीसगढ़ विधान मण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो, अर्थात :—

संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.

1. (एक) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2001 (क्र. 11 सन् 2001) है.

(दो) यह ऐसी तारीख से प्रवृत्त होगा जिसे राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा नियत करे.

धारा 16-(ग) का अंत: स्थापन.

2. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 (जो इसके पश्चात् मूल अधिनियम के रूप में निर्दिष्ट है.) की धारा 16-ख के पश्चात् निम्नलिखित धारा अन्त: स्थापित की जाए, अर्थात् :—

"16 (ग) लोक हित में पुनर्गठन योजना बनाने की राज्य सरकार की शक्ति—

(1) इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि राज्य सरकार को, रजिस्ट्रार से रिपोर्ट प्राप्त होने पर या अन्यथा यह समाधान हो जाता है कि लोकहित में विकास कार्यक्रमों के समुचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए किसी सोसाइटी या सोसाइटियों का पुनर्गठन किया जाना आवश्यक है, तो राज्य सरकार, ऐसी पुनर्गठन स्कीम बना सकेगी जैसी कि वह आवश्यक समझे और उपरोक्त स्कीम को कार्यान्वित करने के लिए आदेश जारी कर सकेगी.

(2) पुनर्गठन स्कीम में निम्नलिखित के संबंध में उपबन्ध होंगे :—
(क) पुनर्गठन की रीति;
(ख) पुनर्गठन की प्रक्रिया;
(ग) सदस्यता, रजिस्ट्रेशन, प्रबंध, आस्तियां और दायित्व, शक्तियां, अधिकार, हित, कर्तव्य, कर्मचारीवृन्द ऐसी सोसाइटी या सोसाइटियों की सेवा की शर्तें जो पुनर्गठन के परिणामस्वरूप बनाए गए हों;
(घ) ऐसे अन्य पारिणामिक, आनुषांगिक और अनुपूरक उपबंध जैसा कि आवश्यक हो;
(ङ) अन्य ऐसे विषय जैसा कि राज्य सरकार द्वारा आवश्यक समझे जाएं.

3. राज्य सरकार इस धारा (1) के अधीन जारी किसी आदेश या बनाई गई किसी पुनर्गठन स्कीम को उपान्तरित या निरस्त कर सकेगी.

4. प्रत्येक पुनर्गठन स्कीम के संबंध में उपबंध और राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश हितबद्ध सहकारी पर आबद्धकर होंगे.

5. ऐसे पुनर्गठन की प्रत्येक स्कीम सर्वसाधारण की जानकारी के लिए राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी.

रायपुर, दिनांक 28 अगस्त 2001

क्रमांक 4535/363/प्रा./2001.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2001 (क्र. 11 सन् 2001) का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आई. एस. बघेल, उप-सचिव.

CHHATTISGARH ACT
(No. 11 of 2001)

THE CHHATTISGARH CO-OPERATIVE SOCIETIES (AMENDMENT) ACT, 2001

A Act to amend further the Chhattisgarh Co-operative Societies Act, 1960.

Be it enacted by the Chhattisgarh Legislature in the fifty second year of the Republic of India as follows :—

1. (i) This Act may be called the Chhattisgarh Co-operative Societies (Amendment) Adhiniyam, 2001 (No. 11 of 2001). — Short Title and Commencement.

(ii) It shall come into force on such date as the State Government may by notification, appoint.

2. After Section 16-B of the Chhattisgarh Co-operative Societies Act, 1960 (Which is herinafter referred as a principal Act). The following section shall be inserted, namely :— — Insertion of Section 16-C.

"16 (C) Government's power to make scheme of reorganisation in the public interest.—

(1) Notwithstanding anything contained in this Act or the Rules made thereunder, if the State Government, on receipt of a report from the Registrar or otherwise, is satisfied that in the public interest it is necessary to reorganise any society or societies for the purpose of securing proper implementation of development programmes. The State Government, as it may deemed necessary, may make such scheme of reorganisation and issue orders to implement above scheme.

(2) There shall be the provisions in scheme of reorganisation regarding :—
(a) Method of reorganisation;
(b) Procedure for reorganisation;
(c) To the membership, registration, management, assests and liabilities, powers, rights, interests, duties, staff and conditions of employment of such society or societies which are made after reorganisation;
(d) Such other consequential, incidental and supplementary provisions as may be necessary;
(e) Any other subject as may deemed necessary by the State Government.

3. The State Government may modify or cancel any reorganisation scheme made or issued any orders under sub-section (1).

4. The provisions regarding every reorganisation scheme and the orders issued by the State Government shall be binding upon the interested parties.

5. Every scheme of such reorganisation shall be published in the official Gazette for general information.

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2001.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

छत्तीसगढ़ अधिनियम
(क्रमांक 33 सन् 2002)

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2002

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 को और संशोधित करने हेतु अधिनियम.

भारत गणराज्य के 53वें वर्ष में छत्तीसगढ़ विधान मण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो, अर्थात् :—

संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ. 1. (एक) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2002 (क्र. 33 सन् 2002) है.

(दो) यह छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगा.

धारा 49 का संशोधन. 2. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 (क्रमांक 17 सन् 1961) की धारा 49 की उपधारा (1) के खंड (क) में शब्द "बारह मास" के स्थान पर शब्द "चौबीस मास" स्थापित किये जाएं.

रायपुर, दिनांक 13 नवम्बर 2002

क्रमांक 7082.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2002 (क्र. 33 सन् 2002) का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. बी. बाजपेयी, उप-सचिव.

CHHATTISGARH ADHINIYAM
(No. 33 of 2002)

THE CHHATTISGARH CO-OPERATIVE SOCIETIES (AMENDMENT) ADHINIYAM, 2002

An Act further to amend the Chhattisgarh Co-operative Societies Act, 1960.

Be it enacted by the Chhattisgarh Legislature in the Fifty-third year of the Republic of India as follows :—

Short title and Commencement. 1. (i) This Act may be called the Chhattisgarh Co-operative Societies (Amendment) Adhiniyam, 2002 (No. 33 of 2002).

(ii) It shall come into force on the date of its publication in the Chhattisgarh Gazette.

2. In Sub-section (7-AA) of Section 49 of the Chhattisgarh Co-operative Societies Act, 1960 (No. 17 of 1961) for the words "twelve months", the words "twenty four months" shall be substituted. Amendment of Section 49.

COURT BOO
EMPOWERING LEGAL CLARI

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, रायपुर(छ.ग.) से मुद्रित तथा प्रकाशित 2002.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 226 (द-5)] रायपुर, मंगलवार, दिनांक 9 सितम्बर 2003—भाद्र 18, शक 1925

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 9 सितम्बर 2003

क्रमांक 5596/21-अ/प्रारूपण/03.—छत्तीसगढ़ विधान सभा का निम्नलिखित अधिनियम जिस पर दिनांक 4-9-2003 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, एतद्द्वारा, सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. बी. बाजपेयी, उप-सचिव.

छत्तीसगढ़ अधिनियम

(क्र. 20 सन् 2003)

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2003

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 (क्र. 17 सन् 1961) को और संशोधित करने हेतु अधिनियम.

भारत गणराज्य के चौवनवें वर्ष में छत्तीसगढ़ विधान मण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :-

संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2003 (क्र. 20 सन् 2003) है.

(2) यह राजपत्र में उसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगा.

धारा 2 का संशोधन.

2. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 (क्र. 17 सन् 1961) (जो इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम के नाम से निर्दिष्ट है) की धारा 2 में :-

(क) खण्ड (ग-एक) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड स्थापित किया जाए, अर्थात् :-

"(ग-एक) "केन्द्रीय सोसाइटी" से अभिप्रेत है, जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक या अन्य कोई सोसाइटी जिसका कार्यक्षेत्र राज्य के किसी भाग तक सीमित हो तथा जिसका उद्देश्य सदस्य सोसाइटियों के उद्देश्यों को संप्रवर्तित करना है और जिसकी कम से कम पांच सदस्य सोसाइटियां है;"

(ख) खण्ड (ज ज) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड स्थापित किया जाए, अर्थात् :-

" (ज ज) "विकास बैंक" से अभिप्रेत है, ऐसा जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अथवा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, जो इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो या रजिस्ट्रीकृत हुआ समझा जाए;"

(ग) खण्ड (ठ) में शब्द "भू-बंधक बैंक" के स्थान पर शब्द "विकास बैंक" स्थापित किया जाए;

(घ) खण्ड (ग ग) का लोप किया जाए."

धारा 16-ग का संशोधन.

3. मूल अधिनियम की धारा 16-ग की उपधारा (1) के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किया जाए, अर्थात् :-

"परन्तु यह भी कि, किसी सहकारी बैंक के मामले में, रिजर्व बैंक की लिखित पूर्व मंजूरी आवश्यक होगी."

धारा 48 का संशोधन.

4. मूल अधिनियम की धारा 48 की,-

उपधारा (5) के खण्ड (दो) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड तथा परंतुक स्थापित किया जाए, अर्थात् :-

"(दो) एक पद, यदि अध्यक्ष अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्ग से निर्वाचित न हो तो इनमें से किसी वर्ग के व्यक्ति द्वारा और अन्यथा किसी भी वर्ग के व्यक्ति द्वारा धारित किया जाएगा;

परन्तु, अनुसूचित क्षेत्र में संचालित नागरिक सहकारी बैंक या नगरीय सहकारी साख सोसाइटी या बचत सोसाइटी से भिन्न ऐसी संसाधन सोसाइटी की दशा में अध्यक्ष या सभापति का निर्वाचन केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों में से किया जाएगा."

5. मूल अधिनियम की धारा 49 की,– धारा 49 का संशोधन.

उपधारा (7-क क) में शब्द ''चौबीस'' के स्थान पर शब्द ''छत्तीस'' स्थापित किया जाए.

6. मूल अधिनियम की धारा 58-ख की उपधारा (3) में शब्द ''अधिकरण'' के स्थान पर शब्द ''राज्य सरकार'' स्थापित किया जाए. धारा 58-ख का संशोधन.

7. मूल अधिनियम के ''दसवां अध्याय-अधिकरण का गठन'' के स्थान पर निम्नलिखित अध्याय स्थापित किया जाए, अर्थात् :-

''दसवां अध्याय – अपीलें, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन अध्याय दस का प्रतिस्थापन.

77. अपील.— (1) जहां इसके संबंध में अन्यथा उपबन्धित है उसे छोड़कर, इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों के अधीन पारित किये गये प्रत्येक मूल आदेश की अपील,–

(एक) उस दशा में जबकि ऐसा आदेश रजिस्ट्रार, अपर रजिस्ट्रार या संयुक्त रजिस्ट्रार से भिन्न किसी अधिकारी के द्वारा पारित किया गया है, चाहे आदेश पारित करने वाला अधिकारी रजिस्ट्रार की शक्तियों से विनिहित हो या न हो, संयुक्त रजिस्ट्रार को होगी;

(दो) उस दशा में जबकि ऐसा आदेश संयुक्त रजिस्ट्रार के द्वारा पारित किया गया हो, चाहे उसमें रजिस्ट्रार की शक्तियां विनिहित हो या न हो, रजिस्ट्रार को अथवा रजिस्ट्रार के द्वारा प्राधिकृत अपर रजिस्ट्रार को होगी;

(तीन) उस दशा में जबकि ऐसा आदेश रजिस्ट्रार अथवा अपर रजिस्ट्रार के द्वारा पारित किया गया हो, राज्य सरकार को होगी;

(2) जहां इसके संबंध में अन्यथा उपबंधित है, उसके सिवाय इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन प्रथम अपील के प्रत्येक आदेश की द्वितीय अपील,–

(एक) संयुक्त रजिस्ट्रार के विरुद्ध रजिस्ट्रार अथवा रजिस्ट्रार द्वारा प्राधिकृत अपर रजिस्ट्रार को होगी;

(दो) रजिस्ट्रार या अपर रजिस्ट्रार के विरुद्ध राज्य सरकार को होगी.

(3) द्वितीय अपील निम्नलिखित आधारों में से किसी आधार पर होगी, न कि अन्य आधारों पर, अर्थात् :-

(एक) यह कि आदेश विधि के प्रतिकूल है; या

(दो) यह कि आदेश में विधि के कतिपय तात्विक विवादक का अवधारण नहीं हो पाया है; या

(तीन) यह कि इस अधिनियम द्वारा यथाविहित प्रक्रिया का पालन करने में ऐसी सारवान गलती या त्रुटि हुई है जिससे कि गुणावगुण पर मामले का विनिश्चय करने में गलती या त्रुटि हो गई हो;

(4) प्रत्येक अपील विहित रीति में संबंधित अपील प्राधिकारी को उस तारीख के जिसको कि वह आदेश, जिसके कि विरुद्ध अपील की गई है, उस आदेश से प्रभावित हुए पक्षकार को संसूचित किया गया था, तीस दिन के भीतर पेश की जाएगी;

परन्तु इस उपधारा के अधीन परिसीमाकाल की संगणना करने में उस आदेश

की, जिसके कि विरुद्ध अपील की गई है, प्रतिलिपि अभिप्राप्त करने के लिए अपेक्षित समय अपवर्जित कर दिया जाएगा.

78. **पुनरीक्षण.**—(1) राज्य सरकार या रजिस्ट्रार स्वप्रेरणा से या किसी पक्षकार द्वारा किये गए किसी आवेदन पर, किसी भी समय, निम्नलिखित की वैधता या औचित्य के संबंध में या उसकी कार्यवाहियों की नियमितता के संबंध में अपना समाधान करने के प्रयोजन के लिए, उसकी वैधता या औचित्य के संबंध में ऐसा आदेश पारित कर सकेगा जैसा कि वह उचित समझे,–

(एक) किसी अधीनस्थ अधिकारी द्वारा की गई जांच या कार्यवाही या पारित किया गया कोई आदेश;

(दो) किसी सोसाइटी या किसी सोसाइटी की समिति या उप–समिति के द्वारा की गई कोई कार्यवाही या विनिश्चय या संकल्प या पारित किया गया कोई आदेश;

(तीन) किसी सोसाइटी के किसी अधिकारी द्वारा की गई जांच या कार्यवाही या विनिश्चय या पारित किया गया कोई आदेश;

परन्तु, किसी भी आदेश या विनिश्चय या कार्यवाही आदि को पुनरीक्षण में तब तक फेरफारित या उलटा नहीं जाएगा जब तक कि हितबद्ध पक्षकारों पर सूचना की तामील न कर दी गई हो और उन्हें सुनवाई का अवसर न दे दिया गया हो;

(2) कोई भी आवेदन ग्रहण नहीं किया जाएगा, जब तक कि वह आदेश की तारीख से तीस दिन के भीतर प्रस्तुत न किया गया हो, और पूर्वोक्त कालावधि की संगणना करने में उक्त आदेश की प्रतिलिपि अभिप्राप्त करने के लिए अपेक्षित समय छोड़ दिया जाएगा.

79. **कतिपय मामलों में कोई अपील या पुनरीक्षण नहीं होगा.**—इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, जहां भारतीय रिजर्व बैंक की लिखित पूर्व मंजूरी से या उसकी अध्यपेक्षा प्राप्त होने पर,–

(एक) किसी सहकारी बैंक के परिसमापन के लिए आदेश किया गया हो; या

(दो) समझौता या ठहराव की अथवा पुनर्निर्माण या पुनर्गठन या संविलियन की कोई स्कीम बनाई गई हो या प्रभावशील की गई हो; या

(तीन) किसी सहकारी बैंक की समिति के, चाहे वह किसी भी नाम से पुकारी जाती हो, अतिष्ठान या निलम्बन के लिये आदेश किया गया हो तथा उसके प्रबन्ध के लिए प्रभारी अधिकारी आदि की नियुक्ति की गई हो, वहां उसके विरुद्ध कोई अपील, पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन नहीं होगा या अनुज्ञेय नहीं होगा और भारतीय रिजर्व बैंक का ऐसा आदेश या मंजूरी या अध्यपेक्षा प्रश्नगत किये जाने के दायित्वाधीन नहीं होगी.

80. **पुनर्विलोकन.**—राज्य सरकार, अथवा रजिस्ट्रार स्वप्रेरणा से या किसी हितबद्ध पक्षकार का आवेदन–पत्र प्राप्त होने पर किसी भी मामले में अपने स्वयं के आदेश का पुनर्विलोकन कर सकेंगे और उसके संबंध में ऐसा आदेश पारित कर सकेंगे जैसा कि वह न्यायसंगत समझे;

परन्तु, हितबद्ध पक्षकार द्वारा किया गया कोई भी आवेदन–पत्र तब तक ग्रहण नहीं किया जायेगा और न ही किसी मामले को स्वप्रेरणा से लिया जाएगा, जब तक यथास्थिति राज्य सरकार या रजिस्ट्रार का यह समाधान न हो जाय कि साक्ष्य की नई तथा महत्वपूर्ण ऐसी बात का पता लगा लिया गया है, जो कि सम्यक् तत्परता का प्रयोग करने के पश्चात् भी उनकी या आवेदक की जानकारी में नहीं थी या वह उसके द्वारा उस समय प्रस्तुत नहीं की जा सकी थी जबकि उसका आदेश किया गया था, या यह कि कोई ऐसी भूल या गलती हुई है जो अभिलेख के देखने से ही प्रकट हो जाती है, या यह कि कोई अन्य पर्याप्त कारण रहा है;

परन्तु यह कि, किसी ऐसे आदेश में तब तक कोई परिवर्तन, संशोधन, या उपान्तरण नहीं किया जायेगा या उसका तब तक पुनरीक्षण नहीं किया जायेगा जब तक कि हितबद्ध पक्षकारों को उपसंजात होने के लिये तथा सुने जाने के लिए सूचना न दे दी गई हो;

परन्तु यह और कि, किसी हितबद्ध पक्षकार के आवेदन-पत्र पर किसी आदेश का पुनर्विलोकन तब तक ग्रहण नहीं किया जाएगा जब तक कि वह आवेदन उस आदेश के पारित किए जाने के नब्बे दिवस के भीतर न किया गया हो.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

80-क. कतिपय मामलों में अपील प्राधिकारी द्वारा परिसीमाकाल का बढ़ाया जाना.—उन समस्त मामलों में, जिनमें इस अधिनियम के अधीन यह उपबंध किया गया है कि किसी भी विनिश्चय या आदेश के विरुद्ध, अपील किसी विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर फाइल की जा सकेगी, अपील प्राधिकारी ऐसी कालावधि का अवसान होने के पश्चात् अपील ग्रहण कर सकेगा यदि अपीलार्थी अपील प्राधिकारी का यह समाधान कर दे कि ऐसी कालावधि के भीतर अपील न करने के लिए उसके पास पर्याप्त कारण था.

80-ख. मामलों का अन्तरण या प्रत्याहरण.—धारा 77 एवं 78 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, रजिस्ट्रार, अपर रजिस्ट्रार, संयुक्त रजिस्ट्रार या उप-रजिस्ट्रार इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन उद्भूत होने वाले किसी मामले या किसी वर्ग के मामलों को विनिश्चय के लिए अपने अधीनस्थ किसी ऐसे अधिकारी को, जो ऐसे मामले, या ऐसे वर्ग के मामलों को विनिश्चित करने के लिए सक्षम हो, अपनी स्वयं की फाइल में से अन्तरित कर सकेगा या वह किसी भी ऐसे अधिकारी से किसी मामले या किसी वर्ग के मामलों को प्रत्याहृत कर सकेगा तथा ऐसे मामले या ऐसे वर्ग के मामलों के संबंध में स्वयं कार्यवाही कर सकेगा या उन्हें अपने अधीनस्थ किसी अन्य ऐसे अधिकारी को, जो ऐसे मामले या ऐसे वर्ग के मामलों को विनिश्चित करने के लिए सक्षम हो, निर्दिष्ट कर सकेगा;

80-ग. अन्तर्वर्ती आदेश करने की शक्ति.—जहां कोई अपील या पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन या कोई अन्य आवेदन इस अधिनियम के अधीन राज्य सरकार या रजिस्ट्रार को किया गया हो, वहां यथास्थिति राज्य सरकार या रजिस्ट्रार, न्याय के उद्देश्यों को विफल होने से रोकने के लिए, यथास्थिति अपील या पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन के आवेदन-पत्र पर विनिश्चय लंबित रहने की अवधि में ऐसे अन्तर्वर्ती आदेश कर सकेगा जो कि उसे न्यायसंगत एवं सुविधापूर्ण प्रतीत हो, या ऐसे आदेश कर सकेगा जो न्याय के उद्देश्यों के लिए या उसकी प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक हों.

80-घ. आदेशों के निष्पादन का रोका जाना.—(1) अधिकारी या प्राधिकारी जिसने कोई आदेश पारित किया हो या उसका पद-उत्तरवर्ती, अपील या पुनरीक्षण के लिए विहित की गई कालावधि का अवसान होने के पूर्व, किसी भी समय, यह निदेश दे सकेगा कि ऐसे आदेश का निष्पादन उतने समय तक के लिए रोक दिया जाए जो अपील या पुनरीक्षण फाइल करने तथा अपील या पुनरीक्षण प्राधिकारी से रोक आदेश (स्टे आर्डर) अभिप्राप्त करने के लिए अपेक्षित हो.

(2) वह प्राधिकारी, जो धारा 77 या धारा 78 या धारा 80 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर रहा हो, यह निदेश दे सकेगा कि उस आदेश का, जो अपील या पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन के अधीन है, निष्पादन उतने समय तक के लिए रोक दिया जाए जैसा कि वह समझे;

(3) किसी आदेश का निष्पादन रोक दिए जाने का निदेश देने वाला अधिकारी या प्राधिकारी ऐसी शर्तें अधिरोपित कर सकेगा या ऐसी प्रतिभूति दिए जाने का आदेश दे सकेगा जैसा कि वह उचित समझे.

80-ङ. लंबित मामलों का अंतरण.—मूल अधिनियम के अधीन मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण के समक्ष छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2003 के प्रभावशील होने की तारीख पर लंबित प्रत्येक अपील या पुनरीक्षण या कोई अन्य कार्यवाही राज्य सरकार को अंतरित हो जाएगी.

80-च. कोई अधिकारी या कोई प्राधिकारी इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन राज्य सरकार को प्रदत्त की गई ऐसी शक्तियों का जैसा कि राज्य सरकार विशेष या साधारण आदेश से, प्रत्यायोजित होकर ऐसे क्षेत्रों के भीतर तथा ऐसे प्रकरणों में प्रयुक्त करेगी, जैसा कि राज्य सरकार विनिर्दिष्ट करे.

8. मूल अधिनियम की धारा 95 की उपधारा (2) में,-

धारा 95 का संशोधन.

खण्ड (छ छ) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड स्थापित किया जाए, अर्थात्:-

"(छ छ) अपीलें, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन पेश करने तथा निपटारे में अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया विहित कर सकेंगे."

प्रकीर्ण. 9. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 (क्र. 17 सन् 1961) में शब्द "मध्यप्रदेश भूमि विकास बैंक अधिनियम, 1966 (क्र. 28 सन् 1966)" जहां कहीं भी वह आया हो शब्द "छत्तीसगढ़ सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1999 (क्र. 20 सन् 2000)" स्थापित किया जाए.

निरसन. 10. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अध्यादेश, 2003 (क्र. 4 सन् 2003) एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

रायपुर, दिनांक 9 सितम्बर, 2003

क्रमांक 5596/21-अ/प्रारूपण/03.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2003 (क्र. 20 सन् 2003) का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. बी. बाजपेयी, उप-सचिव.

CHHATTISGARH ACT
(No. 20 of 2003)

THE CHHATTISGARH CO-OPERATIVE SOCIETIES (SANSHODHAN) ADHINIYAM, 2003

An Act to further to amend the Chhattisgarh Co-operative Societies Act, 1960 (No. 17 of 1961).

Be it enacted by the Chhattisgarh Legislature in the Fifty-Fourth year of the Republic of India as follows :-

Short title and Commencement.

1. (1) This Act may be called the Chhattisgarh Co-operative Societies (Amendment) Act, 2003 (No. 20 of 2003).

(2) It shall come into force from the date of its publication in the official Gazette.

Amendment of Section 2.

2. In Section 2 of the Chhattisgarh Co-operative Societies Act, 1960 (No. 17 of 1961) (hereinafter referred to as the Principal Act) :-

(a) For the clause (c-i) the follwing clause shall be substituted, namely :-

(c-i) "Central Society" means a District Co-operative Agriculture and Rural Development Bank or any other society, whose area of operation is confined to a part of the State and which has as its object the promotion of the objects of the member societies, and which has atleast five societies as its members;"

(b) For the clause (hh) the following clause shall be substituted, namely :-

"(hh) "Development Bank" means a District Co-operative Agricultural and

COURT BOO
EMPOWERING LEGAL CLARI

Rural Development Bank or the Chhattisgarh State Co-operative Agriculture and Rural Development Bank registered or deemed to be registered under this Act;"

(c) In clause (1) for the words "Land Mortgage Bank" the words "Development Bank" shall be substituted;

(d) Clause (cc) shall be omitted.

3. After Sub-section (1) of Section 16 (C) of the Principal Act, the following proviso shall be inserted, namely :- **Amendment of Section 16 (C).**

"Provided that in case of a Co-operative Bank, prior sanction in writing of the Reserve Bank shall be necessary."

4. In the Section 48 of the Principal Act,- **Amendment of Section 48.**

For clause (ii) and proviso of Sub-section (5), the following clause and proviso shall be substituted, namely :-

"(ii) One shall be hold, if the chairman is not elected from amongst persons belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes, by a persons belonging to these categories and otherwise, by any person;

Provided that in case of such resource society other than a Nagrik Co-operative Bank or Urban Co-operative Credit Society or thrift society, operating in a Scheduled area, the chairman or president shall be elected only from amongst persons belonging to Scheduled Tribes."

5. In the Section 49 of the Principal Act, **Amendment of Section 49.**

In Sub-section (7-AA), the word "Twenty four", shall be substituted by the word "Thirty six".

6. In Sub-section (3) of Section 58-B of the Principal Act for the word "Tribunal" the words "State Government" shall be substituted. **Amendment of Section 58-B.**

7. For the Chapter X- Constitution of Tribunal- The following chapter shall be substituted, namely :- **Substitution of Chapter X.**

Chapter X - Appeals, Revision and Review

77. **Appeal.**—(1) Save where it has been otherwise provided, an appeal shall lie from every original order under this Act or the rules made there under,-

(i) if such order is passed by an officer other than Registrar, Additional Registrar or Joint Registrar, whether or not the Officer passing the order is invested with the powers of the Registrar, to the Joint Registrar;

(ii) if such order is passed by Joint Registrar, whether or not invested with the powers of Registrar, to the Registrar or the Additional Registrar authorised by Registrar;

(iii) if such order is passed by Registrar or Additional Registrar, to the State Government.

(2) Save as otherwise provided a second appeal shall lie against every order passed in first appeal under this Act or the rules made there under-

(i) by the Joint Registrar to the Registrar or the Additional Registrar authorised by the Registrar;

(ii) by the Registrar or Additional Registrar, to the State Government.

(3) A second appeal shall lie on any of the following grounds, and no other, namely :-

(i) that the order is contrary to law; or

(ii) that the order has failed to determine some material issue of law; or

(iii) that there has been a substantial error or defect in the procedure as prescribed by this Act which may have produced error or defect in the decision of the case on merits.

(4) Every appeal shall be presented in the prescribed manner to the appellate authority concerned, within thirty days of the date on which the order appealed against was communicated to the party affected by the order;

Provided that in computing the period of limitation under this sub-section the time requisite for obtaining a copy of the order appealed against shall be excluded.

78. Revision.—(1) The State Government or the Registrar may at any time on its/his motion or on the application made by any party for the purpose of satisfying itself/himself as to the legality or propriety of the followings may pass such order in reference thereto as it/he think fit,-

(i) any inquiry or proceedings or any order passed by any officer subordinate to it/him;

(ii) any proceedings or decision or resolution or any order passed by the society or committee or sub-committee of society;

(iii) any inquiry or proceedings or decision or any order passed by any officer of any society;

Provided that no order shall be varied or reversed in revision unless notice has been served on the parties interested and opportunity given to them of being heard.

(2) No such application shall be entertained unless presented within thirty days from the date of order and in computing the period aforesaid time requisite for obtaining a copy of the said order shall be excluded.

79. No appeal or revision in certain cases.—Not withstanding anything to the contrary contained in this Act, where with previous sanction in writing or on the requisition of the Reserve Bank of India,

(i) an order for the winding up of a co-operative bank is made; or

(ii) a scheme of compromise or arrangement or reconstruction or re-organisation or amalgamation is made or is given effect to; or

(iii) an order for the supersession or suspension of the committee by whatever name called of a co-operative bank and the appointment of an officer incharge etc.

therefor, has been made;

no, appeal, revision or review there against shall lie or be permissible, and such order or the sanction or requisition of the Reserve Bank of India shall not be liable to be called in question.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

80. Review.—The State Government or Registrar may, on its/his own motion, or on the application of any party interested, review its/his own order in any case and pass such order in reference thereto as it/he thinks just;

Provided that, no such application made by the party interested shall be entertained, nor such a case be taken Suo-motu, unless the State Government or Registrar is satisfied that there has been the discovery of new and important matter of evidence which, after the exercise of due diligence was not within the knowledge of the applicant or could not be produced by him at the time when the order was made, or that there has been mistake or error apparent on the face of the record, or there is any other sufficient reason;

Provided that no such order shall be varied amended or revised, unless notice has been given to the parties interested to appear and such interested parties have been heard.

Provided further that application for review of any order, by the parties interested shall not be entertained, unless the application is filed within ninety days from the passing of the order.

80-A. Extention of period of limitation by appellate authority in certain cases.—In all cases in which it is provided under this Act that an appeal may be filed against any decision or order within a specified period, the appellate authority may admit an appeal after the expiry of such period if the appellant satisfies the appellate authority that he had sufficient cause for not preferring the appeal within such period.

80-B. Transfer or withdrawal of cases.—Subject to the provisions of section 77 and 78, the Registrar, Additional Registrar, Joint Registrar, or the Deputy Registrar may make over any case or class of cases arising under the provisions of this Act, for decision from his own file to any officer subordinate to him competent to decide such case or class of cases or may withdraw any case or class of cases from any such officer and may deal with such case or class of cases himself or refer the same for disposal to any other officer subordinate to him and competent to decide such case or class of cases;

80-C. Power to make interlocutory orders.—When an application for appeal, revision or review is made to State Government, or Registrar under this Act, it may in order to prevent the ends of justice being defeated, make such interlocutory orders pending the decision of the appeal or application, as the case may be, as may appear to it/him to be just and convenient, or make such orders as may be necessary for the ends of justice, or to prevent the abuse of the legal procedure.

80-D. Stay of execution of orders.—

(1) An officer who has passed any order or his successor in office may, at any time before the expiry of the period prescribed for appeal or revision, direct the execution of such order to be stayed for such time as may be required for filing an appeal or revision and obtaining a stay order from the appellate or revisional authority.

(2) The authority exercising the powers conferred by section 77, section 78 or section 80 may direct the execution of the order under appeal or revision or review to be stayed for such time as it may think fit.

(3) The officer or authority directing the execution of an order to be stayed may impose such conditions or order such security to be furnished as he or it thinks fit.

80-E. Transfer of pending cases.—Every appeal or revision or any other proceeding pending before the Madhya Pradesh State Co-operative Tribunal under the Principal Act, shall stand transferred to the State Government on the date on which the Chhattisgarh Co-operative Societies (Amendment) Act, 2003 comes into force.

80-F. Any officer or any authority shall exercise such powers, delegated to the State Government by or under this Act, in such areas and in such cases as the State Government may direct by special or general order.

Amendment of Section 95.

8. In Sub-section (2) of Section 95 of the Principal Act,-

For clause (gg) following clause shall be substituted, namely :—

"(gg) prescribe the procedure to be followed in presenting and disposal of appeals, revision and review."

Miscellaneous.

9. In the Chhattisgarh Co-operative Society Act, 1960 (No. 17 of 1961) whereever, the words "Madhya Pradesh Land Development Bank Adhiniyam, 1966 (No. 28 of 1966)" occur the words "The Chhattisgarh Co-operative Agriculture and Rural Development Bank Adhiniyam, 1999 (No. 20 of 2000)" shall be substituted.

Repeal.

10. The Chhattisgarh Sahakari Society (Amendment) Ordinance, 2003 (No. 4 of 2003) is hereby repealed.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2003.

"लिफाफा पैकिट के अन्तर्गत डाक मुल्क के मध्य मुद्रित (बिना डाक लिफाफ) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. बिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/रा. सी. जो./रायपुर/17/2002."

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 11] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 14 जनवरी 2005—पौष 24, शक 1926

विधि और विधायी कार्य विभाग

रायपुर, दिनांक 14 जनवरी 2005

क्रमांक 421/21-अ/प्रारूपण/04.—छत्तीसगढ़ विधान सभा का निम्नलिखित अधिनियम जिस पर दिनांक 10-01-2005 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
निर्मला सिंह कंवर, उप-सचिव.

छत्तीसगढ़ अधिनियम

(क्रमांक 22 सन् 2004)

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2004

COURT BOOK

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 (क्र. 17 सन् 1961) को और संशोधित करने हेतु अधिनियम.

भारत गणराज्य के पचपनवें वर्ष में छत्तीसगढ़ विधान मंडल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :-

संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ. 1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2004 (क्र. 22 सन् 2004) है .

(2) यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगा.

धारा 49 का संशोधन. 2. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी 1960 (क्रमांक 17 सन् 1961) (जो इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम के नाम से निर्दिष्ट है) की धारा 49 में-

(1) उपधारा (7-कक) एवं (7-ककक) का लोप किया जाए.

(2) उपधारा 8 (एक) और (दो) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित की जाए :-

"(8) यदि उपधारा (7-क) में विनिर्दिष्ट कार्यकाल या एतद् पूर्व हटाई गयी उपधारा (7-कक) के अधीन बढ़ाए गये कार्यकाल का अवसान होने के पूर्व निर्वाचन नहीं होते हैं, तो समिति के समस्त सदस्यों के संबंध में यह समझा जावेगा कि सभी सदस्यों ने अपने पद रिक्त कर दिये हैं और समिति की शक्तियाँ रजिस्ट्रार में निहित हो गई है और रजिस्ट्रार यथासंभव शीघ्र निर्वाचन करवायेगा.

परंतु रजिस्ट्रार इस उपधारा के अधीन उसमें निहित समिति की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए किसी अधिकारी को प्राधिकृत कर सकेगा और इस प्रकार प्राधिकृत किया गया उक्त अधिकारी ऐसे प्राधिकृत किये जाने की तारीख से ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा."

रायपुर, दिनांक 14 जनवरी 2005

क्रमांक 421/21-अ/प्रारुपण/04.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2004 (क्र. 22 सन् 2004) का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के अधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बिमला सिंह कापूर, उप-सचिव.

CHHATTISGARH ACT
(No. 22 of 2004)

THE CHHATTISGARH CO-OPERATIVE SOCIETIES (AMENDMENT) ACT, 2004

An Act to further to amend the Chhattisgarh Co-operative Societies Act, 1960 (No. 17 of 1961).

Be it enacted by the Chhattisgarh Legislature in the Fifty-fifty year of the Republic of India as follows :-

1. (1) This Act may be called the Co-operative Societies (Amendment) Act, 2004 (No. 22 of 2004). **Short title and commencement.**

(2) It shall come into force from the date of its publication in the Official Gazette.

2. In Section 49 of the Chhattisgarh Co-operative Societies Act, 1960 (No. 17 of 1961) (hereinafter referred to as the principal Act) :- **Amendment of Section 49.**

(1) Sub section (7-AA) and (7-AAA) shall be omitted.

(2) Sub section (8) (i) and (ii) the following shall be substituted :-

"(8) If the elections are not held before the expiry of the term specified in sub-section (7-A) or the extended term under deleted herein before sub-section (7-AA), all the members of the committee shall be deemed to have vacated their seats and the powers of the committee shall be deemed to have been vested in the Registrar and the Registrar shall hold elections as early as possible.

Provided that the Registrar may authorize any officer to exercise the powers of the committee vested in him under this sub-section and the officer so authorized shall exercise such powers from the date of such authorization."

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 40] रायपुर, बुधवार, दिनांक 13 फरवरी 2013—माघ 24, शक 1934

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 फरवरी 2013

क्रमांक 1285/डी. 45/21-अ/प्रारू./छ. ग./13.—छत्तीसगढ़ विधान सभा का निम्नलिखित अधिनियम जिस पर दिनांक 13-02-2013 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुषमा सावंत, अतिरिक्त सचिव.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

छत्तीसगढ़ अधिनियम

(क्रमांक 6 सन् 2013)

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2012

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 (क्रमांक 17 सन् 1961) को और संशोधित करने हेतु अधिनियम.

भारत गणराज्य के तिरसठवें वर्ष में छत्तीसगढ़ विधान मण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ.

1. (1) यह अधिनियम छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2012 कहलायेगा.

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य पर होगा.

(3) यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगा.

उद्देशिका का संशोधन.

2. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 (क्र. 17 सन् 1961) (जो इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम के रूप में निर्दिष्ट है) की उद्देशिका को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :—

"लोकतांत्रिक साधन और जनता की संस्था के रूप में, स्वैच्छिक गठन, लोकतांत्रिक सदस्यों का नियंत्रण, सदस्यों की आर्थिक सहभागिता और स्वशासी क्रियाकरण के सिद्धांत पर आधारित सहकारी संस्थाओं को संगठित और विकसित करने हेतु अधिनियम."

धारा 2 का संशोधन.

3. मूल अधिनियम की धारा 2 में,—

(एक) खण्ड (म-एक) में, शब्द "रजिस्ट्रार" के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—
"राज्य निर्वाचन आयोग"

(दो) खण्ड (ख-क) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जाए, अर्थात् :—
"(ख-ख) "प्राधिकृत व्यक्ति" से अभिप्रेत है, ऐसा व्यक्ति जो इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रार द्वारा उसकी ओर से कार्य करने हेतु प्राधिकृत किया गया हो;"

(तीन) खण्ड (य) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—
"(य) "सहकारी सोसाइटी" से अभिप्रेत है, सहकारी सोसाइटी अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत अथवा रजिस्ट्रीकृत समझी जाने वाली सहकारी सोसाइटी;"

(चार) खण्ड (घ) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—
"(घ) "बोर्ड" से अभिप्रेत है, बोर्ड ऑफ डायरेक्टरर्स अथवा सहकारी सोसाइटी का शासी निकाय जो चाहे किसी भी नाम से जाना जाता हो, जिसे सहकारी सोसाइटी के क्रियाकलापों का निदेशन एवं नियंत्रण का भार सौंपा गया हो;"

(पांच) खण्ड (न-एक) को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाए :—
(न-एक) "अधिकारी" से अभिप्रेत है, व्यक्ति जिसे सौंपे गये कृत्यों के निर्वहन के लिए सोसाइटी द्वारा नियुक्त किया गया हो, तथा सहकारी सोसाइटी द्वारा जिसमें कोई अधिकारी जिसकी पदस्थापना प्रतिनियुक्ति पर हुई है, भी सम्मिलित है.

COURT BOOK EMPOWERING LEGAL CLARITY

(छ:) खण्ड (न-एक) के पश्चात् निम्नानुसार खण्ड (न-एक क) अंत:स्थापित किया जाए, अर्थात् :—

(न-एक क) "पदाधिकारी" से अभिप्रेत है, सहकारी सोसाइटी का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, उपसभापति, सचिव या कोषाध्यक्ष, और जिसमें कोई भी अन्य व्यक्ति, जो सहकारी सोसाइटी के बोर्ड के द्वारा निर्वाचित किया जाता हो, भी सम्मिलित है;

(सात) खण्ड (खख) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड जोड़े जाएं, अर्थात् :—

"(गग) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

(घघ) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति;

(ङङ) "अधिकरण" से अभिप्रेत है, धारा 77 के अधीन गठित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी अधिकरण;

(चच) "बहुराज्यीय सहकारी सोसाइटी" से अभिप्रेत है, कोई सहकारी सोसाइटी जो बहुराज्यीय सहकारी सोसाइटी अधिनियम 2002 (क्र. 39 सन् 2002) के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो, या रजिस्ट्रीकृत समझी जाती हो;

(छछ) "राज्य स्तरीय सहकारी सोसाइटी" से अभिप्रेत है, सहकारी सोसाइटी जिसके कार्यक्षेत्र का विस्तार सम्पूर्ण राज्य में हो;

(जज) "प्रशासक" से अभिप्रेत है, व्यक्ति जिसे सहकारी सोसाइटी के बोर्ड के निलंबन अथवा अधिक्रमण के अधीन रखे जाने की कालावधि के दौरान, सहकारी सोसाइटी के क्रियाकलापों का प्रबंधन करने के लिए ऐसे निबंधन एवं शर्तों के अधीन रजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त किया गया हो;

(झझ) "कार्यकारी संचालक" से अभिप्रेत है, बोर्ड के निर्वाचित और सहयोजित संचालक को छोड़कर ऐसे संचालक जो संचालक मण्डल का प्रतिनिधित्व करते हों, जैसे प्रबंधक संचालक, अतिरिक्त प्रबंध संचालक, संचालक वित्त, संचालक विपणन और अन्य कार्यकारी अधिकारी इत्यादि, जिन पर कार्यकारी उत्तरदायित्व हो;

(ञञ) "राज्य निर्वाचन आयोग" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 के में निर्दिष्ट प्राधिकारी या निकाय, जिसका प्रयोजन सभी सहकारी सोसाइटियों के निर्वाचन का संचालन, निर्वाचक नामावली तैयार करने पर अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण;

इस अधिनियम में जहां भी शब्द "समिति" आया हो, उसे शब्द "बोर्ड" से प्रतिस्थापित किया जाये.

4. मूल अधिनियम की धारा 19-घ के पश्चात् निम्नलिखित धारा प्रतिस्थापित की जाए, अर्थात् :— **नवीन धारा 19-ङ का अंत:स्थापन.**

"19-ङ **"सदस्यों आदि की शिक्षा"**—प्रत्येक सहकारी सोसाइटी, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अपने बजट में, सदस्यों जिसमें पदाधिकारी, अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी सम्मिलित होंगे, की शिक्षा तथा प्रशिक्षण पर व्यय के लिए प्रावधान का समावेश करेगी."

5. मूल अधिनियम की धारा 32 की उप-धारा (3) के पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :— **धारा 32 का संशोधन.**

"(4) प्रत्येक सहकारी सोसाइटी, अपने रजिस्टर्ड पते पर दैनिक कारोबार क्रियान्वित करेगी तथा अपने रजिस्टर्ड पते पर सहकारी सोसाइटी से संबंधित अभिलेख संधारित करेगी और यदि सहकारी सोसाइटी—

(एक) रजिस्ट्रार को परिवर्तित पते की संसूचना नहीं देती है, या

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(दो) उसके रजिस्टर्ड पते पर कारोबार नहीं करती है; या

(तीन) उसके रजिस्टर्ड पते पर अभिलेख संधारित नहीं करती है.

तो रजिस्ट्रार जिम्मेदार अधिकारी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् पचास हजार रुपये से अनधिक की शास्ति अधिरोपित कर सकेगा."

धारा 48 का संशोधन.

6. मूल अधिनियम की धारा 48 में,—

(एक) उप-धारा (3) निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"(3) सहकारी सोसाइटी के बोर्ड में उनके सदस्यों में से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के स्थान का आरक्षण उनकी सदस्यता के अनुपात में किया जाएगा :

परंतु यह कि ऐसा आरक्षण बोर्ड की कुल सदस्यता के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा :

परंतु यह और कि एक स्थान (सीट) अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित रहेगी."

(दो) उप-धारा (7) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"(7) (क) सदस्य जो बिना किसी उचित कारण के लगातार तीन सभाओं में जानबूझकर अपने आपको अनुपस्थित रखता है और जो उसको सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान के पश्चात् प्रमाणित हो गया है, बोर्ड के सदस्य के रूप में कार्य करने से परिविरत हो जायेगा और सभी पारिणामिक लाभों से वंचित हो जायेगा."

(ख) किसी सहकारी सोसाइटी में, कोई भी सदस्य, बोर्ड के सदस्य के रूप में प्रत्यायुक्त या प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचन के लिए अर्हित नहीं होगा और न ही ऐसी सहकारी सोसाइटी के प्रत्यायुक्त या प्रतिनिधि को, बोर्ड के किसी निर्वाचन में मत देने का अधिकार होगा, जब तक कि वह ऐसी सहकारी सोसाइटी द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के न्यूनतम स्तर जैसा कि रजिस्ट्रार द्वारा सभी प्रकार की सोसाइटियों के लिए इस संबंध में समय-समय पर विहित किया जाए, का उपभोग नहीं कर लिया हो."

(तीन) उप-धारा (7) के पश्चात्, निम्नलिखित उप-धारायें जोड़ी जाएं, अर्थात् :—

"(8) इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गये नियमों और सहकारी सोसाइटी की उपविधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी बोर्ड के सदस्यों की कुल संख्या, इक्कीस से अधिक नहीं होंगी, जिनमें से दो महिलायें होंगी :

परन्तु इस धारा की उप-धारा (9) के उपबंधों के अधीन नियुक्त सहयोजित विशेषज्ञ सदस्य एवं पदेन सदस्य और धारा 52 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अधीन नियुक्त शासकीय नामिती और कार्यकारी संचालकों को बोर्ड के ऐसे इक्कीस सदस्यों की गणना के प्रयोजन के लिए अपवर्जित किया जाएगा.

(9) इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गये नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, बोर्ड उन व्यक्तियों को बोर्ड के सदस्य के रूप में सहयोजित करेगा जिन्हें ऐसी सहकारी सोसाइटी के सदस्य के रूप में बैंकिंग, प्रबंधन, वित्त के क्षेत्र में अनुभव हो अथवा ऐसे अन्य क्षेत्र में विशेषज्ञता हो जो ऐसी सहकारी सोसाइटी द्वारा

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

किए जा रहे उद्देश्यों और क्रियाकलाप से संबंधित हो :

परंतु ऐसे सहयोजित सदस्यों की संख्या इस धारा की उप-धारा (8) में विनिर्दिष्ट इक्कीस सदस्यों के अतिरिक्त दो से अधिक नहीं होगी :

परंतु यह और कि ऐसे सहयोजित सदस्य सहकारी सोसाइटी के किसी निर्वाचन में ऐसे सदस्य की हैसियत से मतदान करने के हकदार नहीं होंगे और न ही बोर्ड के पदाधिकारियों के रूप में निर्वाचित होने के लिए पात्र होंगे."

धारा 49 का संशोधन.

7. मूल अधिनियम की धारा 49 में,—

(एक) उप-धारा (1) में, शब्द "पूर्व तीन मास" के स्थान पर, शब्द "छः माह की कालावधि" प्रतिस्थापित किया जाए.

(दो) उप-धारा (1) में, खण्ड (च) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"(छ) आगामी वित्तीय वर्ष हेतु संपरीक्षक की नियुक्ति के लिए."

(तीन) उप-धारा (7-क) (एक) के प्रथम परंतुक के पश्चात् द्वितीय परंतुक अंत:स्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"परंतु यह और कि यदि बोर्ड का कार्यकाल मूल कार्यकाल के आधे से कम है, तो बोर्ड, जिस वर्ग में आकस्मिक रिक्तियां उद्भूत हुई हैं, के संबंध में उसी वर्ग के सदस्य में से नामिती द्वारा बोर्ड की आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति कर सकेगा."

(चार) उप-धारा (8) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"(8) इस अधिनियम या इसके अधीन बनाये गये नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, बोर्ड के कार्यकाल के अवसान के पूर्व बोर्ड का निर्वाचन कराया जायेगा. यदि बोर्ड के कार्यकाल के अवसान के पूर्व निर्वाचन नहीं कराये जाते हैं, या सहकारी सोसाइटी का बोर्ड किसी न्यायालय के आदेश के कारण या अन्यथा कार्य करने से परिविरत हो जाए, तो बोर्ड के सभी सदस्यों द्वारा अपने पद रिक्त किये गये समझे जाएंगे और बोर्ड की शक्तियां रजिस्ट्रार में निहित समझी जाएंगी और राज्य निर्वाचन आयोग, छः मास के भीतर तथा सहकारी बैंक के मामले में बारह मास के भीतर निर्वाचन करवायेगा :

परंतु रजिस्ट्रार इस उप-धारा के अधीन उसमें निहित बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करने हेतु किसी अधिकारी को प्राधिकृत कर सकेगा और इस प्रकार प्राधिकृत अधिकारी ऐसे प्राधिकृत किए जाने की तारीख से ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा."

धारा 50-क का संशोधन.

8. मूल अधिनियम की धारा 50-क में, उप-धारा (1-क) एवं (1-ख) का लोप किया जाए.

नवीन धारा 50-ख का अंत:स्थापन.

9. मूल अधिनियम की धारा 50-क के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"50-ख. **राज्य निर्वाचन आयोग.—**

(1) राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, राज्य निर्वाचन आयोग को सहकारी सोसाइटी का निर्वाचन कराने एवं निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए प्राधिकृत करेगी.

(2) राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य सरकार के परामर्श से अधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों को ऐसी संख्या में नियुक्त करेगा, जैसा कि ऐसी सहकारी सोसाइटियों के निर्वाचन के संबंध में आवश्यक हो.

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(3) इस धारा के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों, जैसा कि उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट है, ऐसी शक्तियां और कर्त्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों का निर्धारण करेगा, जैसा कि ऐसे निर्वाचन के संचालन के लिए आवश्यक समझा जाय.

(4) राज्य सरकार सभी सहकारी सोसाइटियों का निर्वाचन कराने के लिए, निर्वाचक नामावली तैयार कराने, राज्य निर्वाचन आयोग के परामर्श से नियम बनायेगी.

(5) सहकारी सोसाइटियों के निर्वाचन की प्रक्रिया और रिटर्निंग अधिकारी की शक्तियां ऐसी होंगी जैसा कि इस प्रयोजन के लिए आयोग द्वारा अधिसूचित किया जाए.

(6) आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्याशियों और अन्य सभी संबंधित लोगों के लिए जो निर्वाचन की प्रक्रिया में संलग्न हैं, के द्वारा पालन किये जाने हेतु आचार संहिता अधिसूचित करेगा.

(7) आयोग को निर्वाचन में अन्य अधिकारियों की सेवाओं की अध्यपेक्षा के लिए भी सशक्त किया जाएगा और ऐसे अध्यपेक्षित अधिकारी निर्वाचन के दौरान पूर्णरूप से आयोग के पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन होंगे.

(8) (क) प्रत्येक सहकारी सोसाइटी के अध्यक्ष, सभापति और कार्यकारी संचालक के लिए यह बाध्यकारी होगा कि वह राज्य निर्वाचन आयोग को निर्वाचन के संबंध में संसूचित करे और कार्यकारी संचालक यह सुनिश्चित करेगा कि निर्वाचन कराने हेतु आयोग को समय पर निवेदन कर लिया गया है, जिससे कि आयोग निर्वाचन करा सके;

(ख) उप-धारा (3) (क) के अधीन यथा उल्लेखित अनुरोध प्राप्त होने पर, आयोग यह सुनिश्चित करेगा कि निर्वाचन, विद्यमान बोर्ड की अवधि के अवसान के पूर्व संचालित कर लिया जाये;

(ग) प्रत्येक सहकारी सोसाइटी के बोर्ड का यह सुनिश्चित करने का कर्त्तव्य होगा कि समस्त जानकारी, पुस्तकें और अभिलेख, जिनकी आयोग निर्वाचन के प्रयोजन के लिए उससे अपेक्षा करे, अद्यतन है और आयोग या इस संबंध में उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को समय-समय पर उपलब्ध करवा दिये गये हैं;

(घ) सहकारी सोसाइटी का बोर्ड यह भी सुनिश्चित करेगा कि सहकारी सोसाइटी द्वारा आयोग को ऐसी समस्त सहायता उपलब्ध कराए, जो कि निर्वाचन के संचालन के लिए इस संबंध में उसके द्वारा अपेक्षा की जाए;

(9) किसी सहकारी सोसाइटी के बोर्ड का निर्वाचन करवाने के लिए उपगत समस्त व्यय, संबंधित सहकारी सोसाइटी द्वारा वहन किये जायेंगे.

(10) आयोग, बोर्ड या उसके सदस्यों को ऐसे निर्देश जारी कर सकेगा जो कि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के संचालन के लिए युक्तियुक्त समझे जाएं एवं आयोग द्वारा इस धारा के अधीन जारी किए गए निर्देश उन पर बंधनकारी होंगे."

52-ख का विलोपन. 10. मूल अधिनियम की धारा 52-ख का लोप किया जाए.

COURT BOOK

धारा 53 का संशोधन.

11. मूल अधिनियम की धारा 53 में,—

(एक) उप-धारा (1) के खण्ड (ग) में शब्द "प्रथमत: दो वर्ष" के स्थान, पर शब्द "छ: माह" प्रतिस्थापित किया जाए.

(दो) उप-धारा (1) के खण्ड (ग) के तृतीय परंतुक में अंक एवं शब्द "5 वर्ष" के स्थान, पर अंक एवं शब्द "1 वर्ष" प्रतिस्थापित किया जाए.

(तीन) उप-धारा (3) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"(3) परन्तु ऐसा आदेश छ: मास से अधिक के लिए तथा सहकारी बैंक के मामले में एक वर्ष से अधिक के लिए प्रवृत्त नहीं रहेगा."

(चार) उप-धारा (13) का लोप किया जाए.

(पांच) उप-धारा (13) के पश्चात्, निम्नानुसार उप-धारा जोड़ी जाए, अर्थात् :—

"(14) जहां रजिस्ट्रार की राय में :—

(एक) सहकारी सोसायटी का बोर्ड लगातार चूक करता हो, अथवा अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में उपेक्षा करता हो और ऐसा कृत्य किया हो जो सहकारी सोसायटी या उसके सदस्यों के हितों के प्रतिकूल हो; या

(दो) जहां सोसाइटी के गठन या बोर्ड के कार्य में ऐसा गतिरोध पैदा हो गया हो;

(तीन) अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कराने में चूक हुई हो ऐसे बोर्ड को अधिक्रमण या निलंबन के अधीन रखा जा सकेगा, और रजिस्ट्रार प्रशासक नियुक्त करने की कार्यवाही करेगा:

परन्तु यह और कि, किसी ऐसी सहकारी सोसाइटी के बोर्ड को अधिक्रमित नहीं किया जायेगा या निलंबन के अधीन नहीं रखा जाएगा जहां शासन की अंशधारिता या ऋण या वित्तीय सहायता या शासन द्वारा कोई प्रत्याभूति नहीं दी गई हो."

धारा 56 का संशोधन.

12. मूल अधिनियम की धारा 56 में,—

(एक) उप-धारा (1) के पश्चात्, निम्नलिखित अन्त:स्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"(1-क) प्रत्येक सहकारी सोसाइटी, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छ: माह के भीतर रजिस्ट्रार अथवा उसके द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत किसी व्यक्ति को विवरणी फाइल करेगी जो निम्नलिखित विषयों से संबंधित होंगी, अर्थात् :—

(एक) सहकारी सोसाइटी के क्रियाकलापों का वार्षिक प्रतिवेदन;

(दो) सहकारी सोसाइटी के लेखों का संपरिक्षित विवरण;

(तीन) सहकारी सोसाइटी के साधारण निकाय द्वारा यथा अनुमोदित अधिशेष व्ययन के लिए योजना;

(चार) सहकारी सोसाइटी की उपविधियों में संशोधन की सूची, यदि कोई हो तो;

COURT BOOK
EMPOWERING LEGAL CLARITY

(पांच) सहकारी सोसाइटी के साधारण सभा की बैठक का दिनांक तथा निर्वाचन शोध्य (ड्यू) होने पर, उसके आयोजन संबंधी घोषणा;

(छः) इस अधिनियम के किसी उपबंध के अनुसरण में रजिस्ट्रार द्वारा अपेक्षित कोई अन्य जानकारी."

(दो) उप-धारा (3) में, शब्द "पांच हजार" के स्थान, पर शब्द "पचास हजार" प्रतिस्थापित किया जाए.

नवीन धारा 57-ख का अंत:स्थापन.

13. मूल अधिनियम के अध्याय पांच एवं धारा 57-क के पश्चात् निम्नलिखित नया अध्याय पांच-क एवं धारा 57-ख अंत:स्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"अध्याय पांच-क

अल्पकालीन सहकारी साख संरचना सोसाइटियों के संबंध में प्रावधान

57-ख. **अल्पकालीन सहकारी साख संरचना सोसाइटियों का प्रबंधन.—**

